सेंसेक्स 80,845.75 ● निफ्टी 24,457.15 ● डॉलर 84.69 ₹ ● सोना 76,340 ₹ ● चांदी 1,00,000 ₹

पेज 06 भारत की डैमोग्राफी को बचाने की...
पेज 08 नीतीश मंत्रिमंडल ने 33 प्रस्तावों...
पेज 12



पारा आपडेट
मैक्सिमम 26.00 | मिनीमम 12.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.02
सूर्योदय (कल) ▸ 06.14

बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष तृतीया संवत 2082

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, बुधवार 04 दिसंबर 2024 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 151 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### कश्मीर में पूर्व वीडीजी सदस्य, एक जवान की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के उधमपुर और किश्तवाड़ जिलों में दो अलग-अलग घटनाओं में ग्राम रक्षा प्रहरी (वीडीजी) का एक पूर्व सदस्य मृत पाया गया, जबकि सेना का एक जवान की दुर्घटनावश गोली लगने से मौत हो गयी। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि उधमपुर के चैपर वन क्षेत्र में एक पूर्व वीडीजी सदस्य रहस्यमय परिस्थितियों में अपनी 303 राइफल के साथ मृत पाया गया। मृतक की पहचान अशोक कुमार (45) के रूप में हुई है। इस बीच किश्तवाड़ जिले के चटरू इलाके में सोमवार को जम्मू निवासी सिपाही सतनाम सिंह (24) की सोमवार रात सरकारी हथियार से गलती से गोली चल जाने से मौत हो गई। दोनों घटनाओं से संबंधित मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

### बीएसएफ ने पाकिस्तान के चार ड्रोन दबोचे, हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमा पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के चार ड्रोन और एक किलोग्राम हेरोइन बरामद की। बीएसफ प्रवक्ता ने आज बताया कि तरनतारन व अमृतसर जिलों में अभियान चलाकर दो डीजेआई थ्री एस तथा दो डीजेआई माविक थ्री क्लासिक ड्रोन बरामद किए गए। प्रवक्ता के अनुसार, बरामद किए गए ड्रोन से क्रमशः 541 ग्राम तथा 570 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। इस बीच गुरदासपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र से एक व्यक्ति को दो किलो 193 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। यह व्यक्ति पाकिस्तान से आए ड्रोन से गिराई गई हेरोइन को लेने सीमावर्ती क्षेत्र में पहुंचा था। बीएसएफ ने तस्कर को पंजाब पुलिस के हवाले कर दिया है।

### दाचीगाम मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी मार गिराया

**श्रीनगर।** श्रीनगर के दाचीगाम जंगल में आज सुबह शुरू आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में अब तक एक आतंकी मारा गया। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया है। उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। क्षेत्र में अभियान अभी जारी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षाबलों के संयुक्त दलों ने एक विशेष खुफिया इनपुट के आधार पर दाचीगाम जंगल के ऊपरी इलाकों में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। संदिग्ध स्थान पर पहुंचने पर आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई।

### अनंतनाग में आतंकवादी सहयोगी की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक आतंकवादी सहयोगी की पांच करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि अनंतनाग पुलिस ने हुगाम लोनपोरा श्रीगुफवारा निवासी फिरदौस अहमद की नहर पर स्थित दो मंजिला आवासीय इमारत और करीब पांच करोड़ रुपये मूल्य की 10 मरला जमीन को यूएपीए की धारा 25 के तहत कुर्क किया है। यह कुर्की मट्टन पुलिस थाने में दर्ज मामले से जुड़ी है और विधिवत गठित पुलिस टीम और कार्यकारी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कानूनी प्रोटोकॉल का पूरा अनुपालन सुनिश्चित करते हुए की गयी है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई क्षेत्र में गैरकानूनी और विध्वंसक गतिविधियों की चल रही जांच में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## निर्माणाधीन फ्लाईओवर का सीएम ने किया औचक निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश

# गुणवत्ता और समय सीमा का रखें विशेष ध्यान : मुख्यमंत्री

संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को राजधानी रांची में मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे निर्माणाधीन फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन एवं राज्य सरकार के वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से फ्लाईओवर की विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे





इस फ्लाईओवर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा पर विशेष ध्यान दें। फ्लाईओवर निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पूर्व में भी राज्य सरकार के जरिये कांटाटोली से सिरमटोली चौक तक बने फ्लाईओवर परियोजना को निर्धारित समय सीमा से पहले ही राजधानी वासियों को समर्पित किया जा चुका है। मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे यह फ्लाईओवर भी निर्धारित समय सीमा से पहले ही रांची वासियों को समर्पित की जा सके। इस निमित्त राज्य सरकार के पदाधिकारी, इंजीनियर एवं फ्लाईओवर निर्माण में लगे श्रमिक पूरी मेहनत और लगन के साथ अपने-अपने कार्य में जुटे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस फ्लाईओवर परियोजना का भी जल्द से जल्द शुभारम्भ हो, ताकि लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि यह फ्लाईओवर चूंकि रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर से गुजर रहा है इसीलिए रेल गाड़ियों के आवागमन से संबंधित बिंदुओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फ्लाईओवर का देश और राज्य में एक अलग पहचान होगा। यह फ्लाईओवर अपने आप में एक अनोखा फ्लाईओवर होगा।

## तीन नए आपराधिक कानूनों का सफल कार्यान्वयन राष्ट्र को समर्पित

# नए कानूनों के केंद्र में है 'नागरिक प्रथम' की भावना समाहित : मोदी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि नए कानूनों के केंद्र में नागरिक प्रथम की भावना है। श्री मोदी यहां भारतीय भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल कार्यान्वयन को राष्ट्र को समर्पित करने के अवसर पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि नए कानून बनाने की जरूरत इसलिए समझी गई क्योंकि पुराने कानून अंग्रेजों के समय व अंग्रेजी शासन की जरूरत के अनुसार और भारत पर अपना शिकंजा बनाए रखने के लिए बनाए गए थे। श्री मोदी ने कहा कि 1857 में पहले स्वाधीनता संग्राम, जिससे अंग्रेजी हुकूमत की जड़ें हिला दी थीं, के तीन साल बाद अंग्रेजी हुकूमत ने 1860 में भारतीय दंड संहिता बनाई उसके बाद एविडेंस ऐक्ट और अपराध प्रक्रिया संहिता आई।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भी हमारे कानून उसी दंड संहिता के इर्दगिर्द मंडराते रहे। समय-समय पर इन कानूनों में छोटे-मोटे सुधार होते रहे लेकिन इनका चरित्र वही बना रहा। इसीलिए नए कानून लाने का प्रस्ताव चार साल पहले लाया गया ताकि देश को औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर निकाला जाए।






### अब तारीख पर तारीख का समय खत्म

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले गरीब और कमजोर व्यक्ति पुलिस थाने या कचहरी जाने से डरता था, अब ऐसा नहीं होगा। हर पीड़ित व्यक्ति के प्रति कानून संवेदनशील है। उन्होंने यह भी कहा कि तारीख पर तारीख का समय अब खत्म हो चुका है और पीड़ित को अब त्वरित न्याय मिलेगा। उदाहरण के तौर पर उन्होंने कहा महिलाओं के खिलाफ बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के मामले में प्रथम सुनवाई के आठ दिनों के भीतर आरोप तय करने होंगे। सुनवाई पूरी होने के बाद 45 दिन के भीतर फैसला सुनाया जाएगा।

### न्याय पर फोकस

प्रधानमंत्री ने कहा कि नए कानूनों का फोकस दंड पर न होकर न्याय पर है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को गिरफ्तार करने से पूर्व पुलिस को परिजनों को सूचित करना होगा। तीन साल से कम सजा वाले अपराधों में उच्चाधिकारी की अनुमति के बिना गिरफ़्तारी नहीं होगी। जमानत के प्रावधान होंगे। पहली बार अपराध करने वालों के प्रति भी न्याय संहिता संवेदनशील होगी।

### नए कानूनों के तहत डिजिटल एविडेन्स मान्य, गवाही की होगी वीडियोग्राफी

उन्होंने कहा कि नए कानूनों के तहत डिजिटल एविडेन्स मान्य होगा। गवाही की वीडियोग्राफी होगी। उन्होंने कहा कि नए कानूनों से आतंकवाद का मुकाबला करने में भी मदद मिलेगी। मामलों का निबटारा समय से किए जाने के कारण अपराधी फैसले होने में लगने वाली देरी के कारण या कानूनी प्रक्रियाओं की जटिलताओं का फायदा नहीं ले सकेंगे। भ्रष्टाचार को काबू करने में मदद मिलेगी, उत्पादकता बढ़ेगी, अर्थ व्यवस्था बढ़ेगी। श्री मोदी ने नए कानूनों की जानकारी सभी लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया और सभी राज्य सरकारों से भी सक्रिय होकर काम करने का अनुरोध किया ताकि नागरिकों को अपने अधिकारों की जानकारी हो।

## हेमंत कैबिनेट का 5 दिसंबर को होगा विस्तार, फॉर्मूला तय

संवाददाता

**रांची।** कयासों पर विराम लगाते हुए हेमंत मंत्रिमंडल का विस्तार 5 दिसंबर को होने जा रहा है। राजभवन के फूलो-झानो उद्यान में दिन के 12.30 बजे हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के द्वारा दिलाई जाएगी।

राजभवन में इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। आगंतुकों के साथ-साथ वीआईपी के बैठने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही है। जानकारी के मुताबिक हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले सभी 11 मंत्रियों को एक साथ शपथ दिलाई जाएगी।

सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद के बीच फॉर्मूला तय होने का दावा किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पहले की तरह इस बार भी हेमंत मंत्रिमंडल में झामुमो से 06, कांग्रेस से 4 और राजद कोटे से एक मंत्री होगा। कांग्रेस प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा कहते हैं कि कांग्रेस के अंदर किसी तरह की जिच नहीं है, सब कुछ तय हो चुका है और 5 दिसंबर को शपथ ग्रहण होगा। इसमें कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर सहित कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे। हालांकि मंत्रियों के नाम का खुलासा करने से परहेज करते हुए राकेश सिन्हा ने कहा कि ससमय सारी जानकारी मिल जाएगी।

## आलमगीर की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

संवाददाता

**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आरोपित झारखंड के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन कोर्ट से खारिज हो गई है। धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुनाते हुए डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी।

इससे पूर्व सोमवार को सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा लिया था। आलम की ओर से 25 नवंबर को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की गयी थी। मामले में आरोपितों पर आरोप गठित होना है। इससे पहले खुद पर लगे आरोप को मुक्त कराने के लिए आरोपितों ने डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया है। मामले में ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम और उनके परिजन सहित कई सहयोगियों की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज हो चुकी है।

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने शहीद अल्बर्ट एक्का को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को रांची स्थित परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का के अद्वितीय साहस, वीरता और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन सम्पूर्ण देशवासियों के लिए न केवल प्रेरणा का स्रोत है, बल्कि उनके बलिदान और वीरता की गाथा हमेशा अमर रहेगी।। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधानसभा सदस्य कल्पना मुर्मू सोरेन ने भी शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



## ईडी ने धन शोधन मामले में राज कुंद्रा को एक और समन भेजा



**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए केंद्रीय एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति एवं व्यवसायी राज कुंद्रा को नया समन जारी किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। ईडी ने राज कुंद्रा को सोमवार को तलब किया था, लेकिन उन्होंने जांचकर्ताओं के समक्ष उपस्थित होने के लिए एजेंसी से समय मांगा। हालांकि, एजेंसी ने उनके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया और उन्हें बुधवार को पेश होने के लिए दूसरा समन भेजा है। इसके अलावा, एजेंसी ने इसी मामले में अभिनेत्री गहना वशिष्ठ को भी तलब किया है और उन्हें नौ दिसंबर को जांच में शामिल होने के लिए कहा है।

## यौन उत्पीड़न अधिनियम के क्रियान्वयन को मजबूत बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कार्यस्थल पर महिलाओं को उत्पीड़न से बचाने के लिए बनाए गये महिला यौन उत्पीड़न (रोकथाम, संरक्षण और निवारण) अधिनियम-2013 को पूरे देश में एक समान रूप से लागू करने में चुनौतियों के मद्देनजर इस कानून को मजबूत बनाने के लिए मंगलवार को कई दिशानिर्देश जारी किये।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को अधिनियम के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए हर जिले में जिला अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित



किये जाने के निर्देश दिये हैं। धारा पांच के प्रावधानों के तहत इन अधिकारियों को आंतरिक शिकायत समितियों के बिना जिलों में कार्यस्थल उत्पीड़न की शिकायतों को दूर करने के लिए धारा छह में निर्धारित स्थानीय समितियों का गठन करना आवश्यक है।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने इन समितियों और अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि जिला अधिकारियों को शिकायत प्रबंधन की सुविधा और स्थानीय समितियों को सीधे प्रस्तुतियाँ देने के लिए प्रत्येक तालुका या क्षेत्र में नोडल अधिकारी भी नियुक्त करने चाहिए। उन्होंने कहा कि इन प्रावधानों को उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू करने की सख्त जरुरत है, जहाँ इन्हें अभी तक लागू नहीं किया गया है।

शीर्ष न्यायालय ने पारदर्शिता और पहुंच की आवश्यकता पर जोर देते हुए निर्देश दिया कि नोडल अधिकारियों के नाम सार्वजनिक रूप से 'शीबॉक्स' पोर्टल पर उपलब्ध होने चाहिए, जो यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करने के लिए एक केंद्रीकृत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है।

**पुरस्कार समारोह** › राष्ट्रपति ने दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए 11 संस्थानों को किया पुरस्कृत, बोलीं

# दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़े समाज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर कहा कि दिव्यांगजनों को बाधा मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए। राष्ट्रपति नई दिल्ली में वर्ष-2024 के लिए 22 व्यक्तियों और 11 संस्थानों को दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।



इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और कहा कि इन पुरस्कारों का दूरगामी सामाजिक महत्व है। इनका अनुकरण करके अन्य व्यक्ति और संस्थाएं दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं।

उन्होंने कहा कि पूरी मानवता को दिव्यांगजनों को सहज और समान महसूस कराना चाहिए। उन्हें हर तरह से बाधा मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए। सही मायनों में वही समाज संवेदनशील कहा जा सकता है, जिसमें दिव्यांगजनों को समान सुविधाएं और अवसर मिलें।

इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस की थीम 'समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए दिव्यांगजनों के नेतृत्व को बढ़ावा देना' का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि दिव्यांगजनों के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देना, उनके कौशल का विकास करना, रोजगार प्रदान करना, उनके उत्पादों की खरीद और विपणन सुविधाएं प्रदान करना उनकी नेतृत्व क्षमता को बढ़ाएगा।

### दया की नहीं, संवेदनशीलता की जरूरत

राष्ट्रपति ने कहा कि दिव्यांग होना किसी भी तरह की कमी नहीं है। यह एक विशेष स्थिति है। दिव्यांगजनों को सहानुभूति की नहीं, उन्हें दया की नहीं, संवेदनशीलता की जरूरत है, उन्हें विशेष ध्यान की नहीं, बल्कि स्वाभाविक स्नेह की जरूरत है। समाज को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दिव्यांगजन समाज के अन्य सदस्यों के साथ समानता, गरिमा और सम्मान का अनुभव करें। राष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी अन्य व्यक्ति की तरह काम करने का अवसर दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास और सार्थक जीवन जीने की भावना पैदा करता है। इस प्रकार, रोजगार, उद्यम और आर्थिक सशक्तीकरण के माध्यम से उनके जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। इस मौके पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के सचिव राजेश अग्रवाल भी उपस्थित थे।

## यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का प्रोबा-3 मिशन की लॉन्चिंग आज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का प्रोबा-3 मिशन को कल शाम लगभग चार बजे श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज सुबह एक्स पोस्ट में इसकी घोषणा की। इसरो ने कहा कि पीएसएलवी-सी 59/प्रोबा-3 मिशन के लिए हमसे लाइव जुड़ें। एनएसआईएल के नेतृत्व में और इसरो द्वारा निष्पादित यह मिशन ईएसए के प्रोबा-3 उपग्रहों को एक अनोखी कक्षा में प्रक्षेपित करेगा, जो वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत के बढ़ते योगदान को दशार्ता है।

इसरो ने कहा कि पीएसएलवी-सी59/प्रोबा-3 मिशन

### ● श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से होगा लॉन्च

उपग्रहों का प्रक्षेपण चार दिसंबर को शाम 4:06 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से होगा। इस मिशन में ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी)-सी59 लगभग 550 किलोग्राम वजन वाले उपग्रहों को अत्यधिक दीर्घवृत्ताकार कक्षा में ले जाएगा। प्रोबा-3 मिशन यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) द्वारा एक 'इन-ऑर्बिट डेमोस्ट्रेशन (आईओडी) मिशन' है। ईएसए ने कहा कि 'प्रोबा-3' सूर्य के परिमंडल की सबसे बाहरी और सबसे गर्म परत का अध्ययन करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भीमसेन मुंडा के निधन पर संजय सेठ ने शोक व्यक्त किया

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा के असामयिक निधन पर भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है। यह सूचना अत्यंत दुःखद है। ईश्वर पूरे परिवार को दुःख की इस घड़ी से उबरने की हिम्मत दें। पुण्यात्मा के लिए ईश्वर से मोक्ष की कामना करता हूं।

### बच्चों ने समझा टीम भावना का महत्व

**रांची।** शहर के नामकुम स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल और दीपशिखा स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों स्कूलों के बच्चों ने बड़े उत्साह से मैच खेला। साथ ही टीम भावना को समझा। इस फुटबॉल मैच के दौरान बच्चों ने समझा कि एकता में ही बल होता है। हमारी व्याक्तिगत शक्ति कम या अधिक हो सकती है लेकिन यदि हम मिल जाएं तो बड़े मिशन को भी अंजाम दे सकते हैं। सामाजिक सौहार्द के इस मूल मंत्र को बच्चों ने बहुत बारीकियों से समझा। बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए खेल के मैदान में स्कूल के प्रचार्य डॉ सुनील कुमार, दीपशिखा स्कूल की एक्सक्यूटिव डायरेक्टर सुधा लीला, प्रेसिडेंट मंजू गुप्ता, प्राचार्या गोपिका आनंद संयुक्त रूप उपस्थित थे।

### सीएम से विधायक और अधिकारियों ने की मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक सुरेश पासवान ने मुलाकात की। इस दौरान विद्यायकों ने मुख्यमंत्री को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सचिव मनीष रंजन, उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर अंजनी कुमार मिश्र, रांची डीआईजी अनूप बिरथरे, उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय, वरीय पुलिस अधीक्षक जमशेदपुर किशोर कौशल एवं पुलिस अधीक्षक लोहरदगा हारिस बिन जमा ने शिष्टाचार मुलाकात की। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के सदस्य डॉ. अजिता भट्टाचार्य ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट बताई गई है।

### याद किए गए लांस नायक अल्बर्ट एक्का

**रांची।** संत सेवियर कॉलेज के एनसीसी कैडेट ने परमवीर चक्र विजेता और लांस नायक अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस पर मंगलवार को उन्हें याद किया। अल्बर्ट एक्का चौक पर स्वर्गीय लांस नायक अल्बर्ट एक्का के सम्मान में रीथ लेइंग और नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 100 एनसीसी कैडेट मौजूद थे, जिन्होंने माहौल को गौरव से भर दिया। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रिया श्रीवास्तव के मार्गदर्शन और उपस्थिति में यह कार्यक्रम सफल हुआ। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन हिलटॉप के दौरान तीन दिसंबर, 1971 को अल्बर्ट एक्का की कार्रवाई ने दुश्मन के ठिकाने पर कब्जा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बहादुरी और बलिदान के लिए उन्हें भारत का सर्वोच्च सैन्य सम्मान परम वीर चक्र मिला था।

### विश्व दिव्यांगता दिवस पर निकाली गई रैली

**रांची।** राजधानी के अरगोड़ा स्थित कोशिश स्पेशल स्कूल के बौद्धिक दिव्यांग बच्चों व अभिभावकों के द्वारा विश्व दिव्यांगता दिवस के मौके पर जागरूकता सह रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसक्रम में बच्चों ने स्कूल प्रागण से अरगोड़ा मैदान तक पैदल मार्च करते पहुंचे। रैली में शामिल बच्चे विभिन्न पोस्टटरों के माध्यम से मैदान में जाकर दिव्यांग बच्चों ने खूब मस्ती की। इसमें कृष्णानु रॉय, मानी सहाय, सिद्धार्थ सहाय,तन्मय सिंह, अवितिका, तुरजो, अनुभव, राज, इशिका, मनीषा, मंजूषा, अंशु, कृष शामिल रहे।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर श्रद्धा-सुमन अर्पित की

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर डोरंडा स्थित राजेन्द्र चौक में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधानसभा सदस्य कल्पना मुर्मू सोरेन ने भी भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पूजा सिंघल मामले में बिरसा जेल अधीक्षक ने कोर्ट में दाखिल किया जवाब

**रांची।** नये कानून के तहत जेल से रिहा करने के लिए निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की ओर से दायर याचिका पर मंगलवार को धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की रांची कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक ने जवाब दाखिल किया। इससे पूर्व 30 नवंबर को कोर्ट ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को यह बताने का निर्देश दिया था कि पूजा सिंघल कब से जेल में हैं और उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि कितनी हुई है।

### छवि रंजन की जमानत पर अगली सुनवाई नौ को

**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में मंगलवार को आंशिक सुनवाई हुई। ईडी ने अदालत से कागजात दाखिल करने के लिए समय की मांग की। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए नौ दिसंबर की तिथि निर्धारित की है। ईडी ने इस संबंध में कांड संख्या 01/2023 दर्ज किया है। जमीन घोटाले की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष,रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर चुकी है। सभी आरोपित फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

# आपराधियों के दहशत से बैंक और बाजार बंद

संवाददाता

**रांची।** शहर के बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडंडा गांव को आपराधिक गिरोह पहाड़ी जी दस्ता ने मंगलवार को बंद करवा दिया है। मामले में उग्रवादी संगठन टीएसपीसी से अलग होकर वीकेएस तिवारी संगठन के पहाड़ी जी दस्ता का नाम सामने आ रहा है।



जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात में पहाड़ी जी दस्ता के चार से पांच सदस्य उमेडंडा पहुंचे थे और बाजार के दुकानदारों के साथ मारपीट करते हुए हथियार का भय दिखाया और मंगलवार को दुकान बंद करने का निर्देश दिया और चले गए। इसके बाद मंगलवार को सुबह से ही उमेडंडा में सन्नाटा पसरा हुआ है। सभी दुकानें बंद हैं और वाहन भी नहीं चल रहे हैं।

सूचना पाकर थाना प्रभारी रितेश कुमार पुलिस बल के साथ उमेडंडा गए और दुकानदारों से दुकान खोलने का आग्रह किया लेकिन दुकानदार दुकान खोलने के लिए तैयार नहीं हुए। उमेडंडा में स्थित इंडियन बैंक भी बंद है। उमेडंडा में स्थिति को सामान्य बनाने के लिए पुलिस प्रशासन प्रयास कर रही है। पुलिस बल उमेडंडा में लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। पहाड़ी दस्ता के सदस्यों ने उमेडंडा बंद क्यों किया इसका अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है।

बुढ़मू इलाके में टीपीसी के साथ-साथ पहाड़ी जी और कुछ आपराधिक गिरोह का आतंक है। यह इलाका बालू तस्करी के लिए जाना जाता है। बालू से मिलने वाली रंगदारी हर गिरोह को मिले इसलिए सब अपना खौफ कायम करने में लगे रहते हैं। इस बार तो एक छोटे से संगठन ने पूरे गांव को ही बंद करवा दिया है।

थाना प्रभारी रितेश ने बताया कि गांव वालों को भय मुक्त कर दुकान खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है। नक्सली और अन्य आपराधिक संगठन के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इस वजह से भी अब आम लोगों को दहशत में डालने का काम कर रहे हैं। ग्रामीणों को धमकी देने वाले सभी आपराधिक तत्वों की पहचान हो चुकी है और उनकी तलाश में छापेमारी भी हो रही है।

# मुख्यमंत्री के आदेश पर बेसहारा बच्चों की पढ़ाई की हुई व्यवस्था

● बच्चों का ना तो आधार कार्ड था और ना ही जन्म प्रमाण पत्र

संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आदेश के बाद पांच बेसहारा बच्चों की शिक्षा, राशन, पोषण की व्यवस्था एवं बच्चों की नानी के लिए पेंशन की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के उपायुक्त को पीड़ित परिवार को हर जरूरी सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं बच्चों की पढ़ाई के लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया था।

उपायुक्त ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी ने असुरा गांव जाकर पीड़ित परिवार से भेंट किया। इस दौरान पता चला कि बच्चों का ना तो आधार कार्ड है और ना ही जन्म प्रमाण पत्र। बुजुर्ग नानी को पूर्व में पेंशन मिलता रहा है, जो किसी कारणवश बंद हो गया। पेंशन के कागजात भी कहीं खो गए हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी के जरिये सभी बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र तथा आधार पंजीयन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही एक बच्चा चार माह का है, उसका पालन उसकी चाची के जरिये किया जा रहा है। प्रशासन के जरिये आंगनबाड़ी से मिलने वाले पोषक पूरक आहार उपलब्ध करवाने के लिए सहायिका को कहा गया है। तीन बच्चों का नामांकन स्थानीय विद्यालय में तथा एक बच्चे का नामांकन आंगनवाड़ी में करवाने की प्रक्रिया और सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ने के लिए सभी प्रकार के कागजात को भी अद्यतन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि पश्चिमी सिंहभूम के झींकपानी स्थित असुरा गांव निवासी साहू पूर्ति एवं दुखी पूर्ति की मृत्यु 24 नवंबर को हो जाने के बाद उनके पांच बच्चे बेसहारा हो गये हैं। बच्चों की देखभाल करने वाली उनकी बुजुर्ग नानी सामाजिक सुरक्षा पेंशन से वंचित है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने का आदेश दिया था।

# राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने शहीद अल्बर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को रांची स्थित परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का के अद्वितीय साहस, वीरता और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन सम्पूर्ण देशवासियों के लिए न केवल प्रेरणा का स्रोत है, बल्कि उनके बलिदान और वीरता की गाथा हमेशा अमर रहेगी।। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधानसभा सदस्य कल्पना मुर्मू सोरेन ने भी शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सीएम मिले झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन के पदाधिकारी



**रांची।** विधान सभा शांतिपूर्ण सफल होने के बाद बने मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास जा कर झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन के पदाधिकारी मिले और उन्हें बुके दे कर प्रचंड बहुमत के लिए बधाई दी। मुख्य मंत्री से मिलने वालों में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, सदर डीएसपी संजीव बेसरा,सीआईडी डीएसपी राजकुमार यादव,सिटी डीएसपी केबी रमण सहित अन्य डीएसपी शामिल थे।

# महिलाओं के खाते में 11 को भेज दी जाएगी मंईयां सम्मान राशि:झामुमो

संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 11 दिसंबर को मंईयां सम्मान योजना की राशि 2,500 रुपये महिलाओं के खाते में भेज दी जायेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद भाजपा को झटका लगा है। इस विधानसभा चुनाव में 28 रिजर्व सीटों में 27 हम जीते हैं, जो एक सीट बची है, उसमें भी बहुत कम अंतर है। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी थोड़े सक्रिय हो गए हैं।

भट्टाचार्य मंगलवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने सरकार को आदिम जनजाति को लेकर सुझाव दिये हैं। इस सुझाव में खास तौर पर पहाड़िया जनजाति को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। उन्होंने कहा कि ओडिशा और छत्तीसगढ़ में भाजपा के ट्राइबल मुख्यमंत्री हैं और वहां 15 ट्राइबल आदिम जनजाति के तौर पर चिन्हित किये गये हैं। भट्टाचार्य ने बाबूलाल से निवेदन करते हुए कहा कि आप छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और ओडिशा का दौरा करें। साथ कहा कि मरांडी इन राज्यों की स्टडी करें, वहां के आदिम जनजातियों की स्थिति और आर्थिक सामाजिक और शैक्षणिक हालत क्या हैं, ये देखने का काम करें। उन्होंने बाबूलाल मरांडी को सचेत करते हुए कहा कि आप बाहर के नेताओं के चक्कर में न पड़ें। साथ ही सवाल किया, आपने क्या कभी असम के चाय बगान में काम करने वाले ट्री ट्राइब्स की चर्चा की।भट्टाचार्य ने कहा, आपको ये सवाल असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा से करनी चाहिए। शिवराज सिंह चौहान से करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी मूलवासी लोगों ने हमें जो आशीर्वाद दिया, उन्हीं के बेटे को भाजपा के तमाम नेता अपदस्थ करने के लिए बाहर से आए थे लेकिन झारखंड की जनता ने उनको नकार दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड का नया मंत्रिमंडल समावेशी होगा।

# बाइक चोरी के दो मामलों में सात गिरफ्तार

चोरी की चार मोटर साइकिल व मोबाइल बरामद

वरीय संवाददाता

**रांची।** लालपुर थाने की पुलिस ने बाइक चोरी के दो अलग अलग मामलों का खुलासा करते हुए कुल सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में गिरफ्तार दो अरोपीयों गुफरान और आमिर को नामकुम थाना के आजाद कॉलोनी के रहने वाले हैं जिन्हें सदर थाना क्षेत्र से बाइक चोरी कर भागने के दौरान भुक्त भोगी मो नसरुद्दीन ने पीछा करते हुए संत अन्ना गली में पकड़ लिया जिसमें से एक भाग गया बाकी दो मो गुफरान और मो आमिर को उन्होंने लालपुर थाने की पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गये दोनो चोर मौलाना आजाद कॉलोनी के रहने वाले हैं। वहीं एक आरोपी तनवीर आलम कर्रा का मूल निवासी को उसके वर्तमान ठिकाने हिंदपीढ़ी के नाला रोड से गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार इन तीनों के पास से पुलिस ने चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की है।



वहीं एक अन्य मामले में पुलिस ने चार चोरों अर्जुन महतो, बासुदेव दास, रोशन दास और भरत दास को तुपुदाना के ग्राम देवगांई से गिरफ्तार किया है। इनके पास से भी चोरी की चार मोटरसाइकिले बरामद की गयी है। दोनों मामलों की जानकारी देते हुए शहर एसपी राजकुमार मेहता ने कहा कि 1 दिसंबर को सदर थाना क्षेत्र के रहने वाले मो नसरुद्दीन की बाइक चोरी कर तीन चोर भाग रहे रहे थे जिसका पीछा कर गुफरान और आमिर को पकड़ लिया। पूछताछ में बताया कि ये लोग भागने के दौरान अपनी पिस्टल को नाले में छिपा दिया है। जिसे इनकी निशानदेही पर पुलिस ने बरामद कर लिया। वहीं दूसरी घटना में शिव नारायण उपाध्याय ने लालपुर थाने में अपनी बाइक चोरी हो जाने की शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें पुलिस घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों और टेक्निकल सेल की मदद से आरोपी की पहचान तनवीर आलम के रुप में की गयी जो कर्रा हाई स्कूल के पास का मूल निवासी है लेकिन काफी दिनों से वह हिंदपीढ़ी नाला रोड स्थित नानी के घर से गिरफ्तार किया गया। इसके पास से भी चोरी की एक बाइक बरामद की गयी। तनवीर पूर्व में भी जेल जा चुका है। एसपी श्री मेहता ने बताया कि गिरफ्तार मो गुफरान पुराना शातिर अपराधी है वह हत्या आर्म्स और चोरी के 13 से अधिक मामलों का आरोपी है यह कई बार जेल जा चुका है।

### रघुवर दास, सीएम सहित कई नेताओं ने भीमसिंह मुंडा के निधन पर शोक प्रकट की

संवाददाता

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा का मंगलवार की सुबह टाटा मोटर्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। तीन दिन पहले भीमसेन मुंडा को दिल्ली से जमशेदुर लाया गया था। वे गले में कैंसर से पीड़ित थे। भीम सिंह मुंडा के दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। वहां के डॉक्टरो ने जबाब दे दिया था। उसके बाद उन्हे टाटा लाकर इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जहां उनकी मौत हो गई।

इसके बाद उनाि अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। वही भीमसिंह मुंडा के निधन पर सीएम हेमंत सोरेन ओड़िसा के राज्यपाल रघुवर दास, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शोक संवेदना प्रकट की है। रघुवर दास ने एक्स पर मैसेज लिख कर कहा कि महाप्रभु जगन्नाथ जी दिवंगत आत्मा को अपने निज धाम में स्थान दे और उनके परिजनों को यह पीड़ा सहने की शक्ति दे। सीएम हेमंत सोरेन ने ने एक्स पर लिखा कि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के भाई भीमसेन सिंह मुंडा के निधन की सूचना पर उनका मन व्यथित है। वह शोक संतृप्त परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हैं और मारंग बुरु से दिवंगत की आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना करते हैं। इसके अलावा पूर्व सीएम व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय,विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, रामदास सोरेन, लक्ष्मण टूडु, अमरप्रित सिंह काले, हरविंदर सिंह बेदी, राजेंद्र सिंह सहित कई अन्य नेताओं ने शोक संवेदना प्रकट की।

# जेएसएलपीएस के अंतर्गत मुद्रा ऋण के लंबित आवेदनों को निष्पादित कराने का निर्देश

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक

संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी), जिलास्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) एवं ऋण जमा अनुपात निगरानी उपसमिति की बैठक आयोजित की गयी।



समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक, रांची, जिला सहकारिता पदाधिकारी, नाबार्ड एवं सभी संबंधित बैंकों के पदाधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सीडी रेशियो, एनुअल क्रेडिट प्लान, मुद्रा ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, एसएचजी क्रेडिट लिंकेज, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

सभी सीडी रेशियो की बैंकवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा खराब प्रदर्शनन करनेवालें बैंकों को सुधार करने का निर्देश दिया गया। अभी सीडी रेशियो 46.28 प्रतिशत हैं जिसे बढ़ाने का निर्देश दिया गया। किसान क्रेडिट कार्ड में सालाना वार्षिक योजना में दिए गए लक्ष्य की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी शाखा प्रबंधकों को लक्ष्य ससमय पूरा करने के निर्देश दिये। प्रखंडवार लंबित आवेदनों के जल्द निष्पादन का निर्देश, केसीसी के स्वीकृत आवेदनों का ऋण आवेदकों को उपलब्ध कराने का निर्देश सभी बैंकों को दिया गया।

उपायुक्त रांची ने केसीसी ऋण के बारें में जानकारी लिया जिसपर सम्बंधित पदाधिकारी के द्वारा उन्हें बताया गया की केसीसी ऋण वित्त वर्ष 2024-25 का लक्ष्य-76057 जिसमें सितंबर तक 34512 केसीसी ऋण वितरण लाभुकों के बीच कर दिया गया हैं।मुद्रा लोन और स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रदान करने की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी बैंकों को कार्य में तेजी लाते हुए लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। आरएसईटीआई एवं आरयूडीएसईटी के कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा जरुरतमंदों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को बढ़ावा देने एक कमिटी बनाने का निर्देश**

मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तर एक कमिटी गठित करने जिसमें उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक कमिटी बनाने का निर्देश दिया गया। जिसमें उद्योग विभाग, जिला अग्रणी प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस एवं अन्य विशिष्ट प्रबंधन संस्थान एवं सीएसआर के क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट संस्थानों को जोड़कर उनके अनुभवों, तकनिकी ज्ञानों का लाभ लेने का निर्देश दिया गया। ताकि लोगों को इसका सीधे तौर पर लाभ मिल सकें। मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सम्बंधित सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की आजीविका संवर्धन के लिए झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी (जेएसएलपीएस ) कार्य करती हैं, इसके लिए इसके अंतर्गत आने वाली जितनी महिलाऐं हैं, उनका मुद्रा ऋण के लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित कराए ताकि उन्हें लाभ मिलें।

## खबरें

### विरोध के कारण ढोरी खास उमवि के एसएमसी पुनर्गठन प्रक्रिया स्थगित



**फुसरो/ बोकारो।** फुसरो नगर क्षेत्र स्थित ढोरी खास सिंहनगर के उमवि में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया जाना था, लेकिन कुछ अभिभावकों के विरोध के कारण यह प्रक्रिया स्थगित कर दी गई। इस संबंध में लिखित सूचना नियुक्त पदाधिकारियों और सदस्यों ने बेरमो बीडीओ को दे दी है। बीडीओ को दिए गए आवेदन में बताया गया है कि मंगलवार को एसएमसी पुनर्गठन के लिए आम सभा बुलायी गई थी, लेकिन पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू होते ही वहां उपस्थित लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। पूर्व वार्ड पार्षद प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि 20 सितंबर को विद्यालय में एसएमसी का गठन किया गया था, लेकिन उसे किस कारण से भंग किया गया, इस बारे में विभाग को पत्र द्वारा स्पष्ट करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि आम सभा की बैठक स्थगित कर पुनः अगली बैठक में चयन प्रक्रिया को पूरा किया जाना चाहिए। यह पत्र पर्यवेक्षक बैद्यानाथ महतो और अजय कुमार वर्णवाल ने लिखा है। आम सभा में कई अभिभावक, प्राचार्य, शिक्षक और शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे।

### झारखंड ओवरलोड, कोयला और वायु प्रदूषण नियंत्रण समिति का गठन

**बेरमो/ बोकारो।** झारखंड ओवरलोड, कोयला और वायु प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक मंगलवार को पिछरी पंचायत के पुराना पंचायत भवन में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सूरज महतो ने की। बैठक में ओवरलोड, कोयला और वायु प्रदूषण की रोकथाम तथा संगठन निर्माण पर चर्चा की गई। इसके बाद समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से सूरज महतो को अध्यक्ष, धनेश्वर महतो को उपाध्यक्ष, मंतोष सोरेन को महासचिव और राम भजन लायक को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अध्यक्ष सूरज महतो ने कहा कि फुसरो से जैनामोड़, खासमहल से संडे बाजार और कथारा चौक से नंबर तक ओवरलोड, कोयला और वायु प्रदूषण के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य संगठन को सशक्त करना और प्रदूषण के खिलाफ जन जागरूकता फैलाना है।
बैठक में रामानंद मल्लाह, भोला महतो, महादेव रविदास, प्रकाश पाल, पवन मिश्रा, सदानंद कुमार, टिंकू कुमार पॉल, करण मिश्रा, तुलाराम महतो सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### बीएसएल ने दिव्यांगजनों के बीच बैटरी ऑपरेटेड ट्राई साइकिल वितरित की



**बोकारो।** बीएसएल के सीएसआर विभाग के तत्वावधान में भारतीय कृत्रिम अंग निगम के सहयोग से मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आशालता विकलांग विकास केंद्र, बोकारो में दिव्यांगजनों के लिए बैटरी ऑपरेटेड ट्राई साइकिल वितरण शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक सुरेश रंगानी, राजन प्रसाद, सुश्री राजश्री बनर्जी, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बी बी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक नगर प्रशासन कुंदन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी लक्ष्मी दास, आशालता विकलांग विकास केंद्र के निदेशक बी एस जयसवाल, एलिम्को के प्रतिनिधि नीतीश कुमार, महाप्रबंधक सीएसआर ए एस नंदी, वरीय प्रबंधक सीएसआर एन त्रिपाठी तथा बीएसएल और आशालता विकास केंद्र के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांगजनों के उत्थान, उनके जीवन को सरल और सहज बनाने तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ने में हम सभी को योगदान करना चाहिए। उन्होंने आशालता केंद्र द्वारा दिव्यांगजनों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। वितरण शिविर के दौरान दिव्यांगजनों को बैटरी ऑपरेटेड ट्राई साइकिलें प्रदान की गईं।

### हैप्पी स्ट्रीट का शुभारंभ 15 दिसंबर को



**बोकारो।** बीएसएल के तत्वावधान में इस वर्ष भी 'हैप्पी स्ट्रीट' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 15 दिसंबर को सुबह 07 बजे उद्घाटित किया जाएगा, जिसमें बीएसएल के वरीय अधिकारी और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। बीएसएल ने इस कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी है। एक्टिव बोकारो, हेल्दी बोकारो' के थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बोकारो के विभिन्न स्कूलों, शिक्षण संस्थानों, महिला समितियों, संगीत कला अकादमियों, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, रोटरी क्लब ऑफ मिड टाउन कपल्स, पोस्टल फिलेटेली ग्रुप, एक्स सर्विसमैन एसोसिएशन और अन्य संस्थाएं भाग लेंगी। इसके अतिरिक्त, सभी नगरवासी भी इस आयोजन में भाग ले सकते हैं। बीएसएल के प्रमुख, संचार मणिकांत धान के अनुसार, 'हैप्पी स्ट्रीट' का उद्देश्य लोगों को एक स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है, जिसमें सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के विशेषज्ञ अपने प्रदर्शन से लोगों को स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए प्रेरित करेंगे।

### दिव्यांग अधिवक्ताओं को किया गया सम्मानित

**तेनुघाट/ बोकारो।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस पर तेनुघाट में कार्यरत दिव्यांग अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण समिति की सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस प्रतिवर्ष 3 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन दिव्यांगजनों के अधिकारों की वकालत करने और सभी के लिए समान अवसर पैदा करने की वैश्विक प्रतिबद्धता की याद दिलाता है।

# डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को दी गई श्रद्धांजलि

संवाददाता

**बोकारो।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति और 'देशरत्न' डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर मंगलवार को बोकारो स्टील प्लांट में श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक-प्रभारी मानव संसाधन राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक मानव संसाधन सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक माइंस विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक सामग्री प्रबंधन सी. आर. मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० बी० बी० करुणामय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और



कर्मचारी उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान सभी ने इस्पात भवन के पास स्थित डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ० राजेन्द्र प्रसाद के जीवन के सिद्धांतों और उनके संघर्ष से हमें प्रेरणा मिलती है। उन्होंने न केवल भारत की स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई, बल्कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश के निर्माण में भी अपनी अनमोल सेवाएं दीं। उनके महान कार्यों और योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि हम सबको उनके विचारों को अपने जीवन में उतारते हुए समाज और देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए।

### पुस्तकालय में भी मनाई गई डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती

डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की जयंती का आयोजन सेक्टर 5 स्थित पुस्तकालय में भी हुआ, जहां पुस्तकालय के कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने उनके योगदान को याद किया और उनकी विचारधारा पर चर्चा की। इस अवसर पर प्रमुख वक्ताओं ने कहा कि डॉ० राजेन्द्र प्रसाद का जीवन सादगी, ईमानदारी और समर्पण का प्रतीक था। उनके सिद्धांतों को अपनाकर ही हम अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं और समाज की उन्नति में सहायक बन सकते हैं। इस कार्यक्रम में पुस्तकालय के कर्मचारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए और उन्होंने डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपस्थित व्यक्तियों में एम. के. अभिमन्यु, राजेश कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, वी. के. पाठक, चिरंजीव ठाकुर, रिया सिंह, किरण कुमारी, श्रेया प्रसाद, संदीप कुमार, सागर कुमार, राहुल कुमार, कृष्णा कुमार, रितिक साव, प्रभात शर्मा, शिवम सिंह, पवन कुमार, शुभाशीष राय, शैलेंद्र कुमार, शंभु कुमार, आंचल कुमारी, अनन्या कुमारी, दीपक, सरोज कुमार आदि शामिल थे। इस मौके पर वक्ताओं ने डॉ० राजेन्द्र प्रसाद के योगदानों को याद करते हुए उनकी विचारधारा को सभी के जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जीवन से हमें यह सिखने को मिलता है कि राष्ट्र निर्माण में हमारी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और हमें हमेशा अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए समाज और देश की सेवा करनी चाहिए।

## बिस्को स्थापना दिवस पर बोकारो जनरल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

संवाददाता

**बोकारो।** बैंक इंश्योरेंस स्पोर्ट्स एंड कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर 20 नवंबर से एक महीने तक विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और क्रीड़ा गतिविधियों का आयोजन किया। इसी कड़ी में मंगलवार को बोकारो जनरल अस्पताल के सहयोग से बीजीएच ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन बोकारो जनरल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विभूति करुणामय, बीजीएच ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. श्रवण कुमार, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक कुमार सिन्हा और बिस्को के महासचिव राघव कुमार सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर डॉ० विभूति करुणामय ने रक्तदाताओं से बात की और उनका उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान किसी भी दान से सबसे महत्वपूर्ण दान है। रक्तदान से न केवल आपका



स्वास्थ्य बेहतर रहता है, बल्कि दूसरों को जीवनदान भी मिलता है। उन्होंने बिस्को द्वारा किए गए रक्तदान कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। बीजीएच ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ० श्रवण कुमार ने रक्तदान के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी और कहा कि रक्तदान करने से जीवन को करीब से छूने का अद्भुत अनुभव मिलता है, जो शब्दों में नहीं बताया जा सकता। पुरुषों को तीन महीने में एक बार और महिलाओं को चार महीने में एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक कुमार सिन्हा ने रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्तदान से किसी को पूरा जीवन मिल सकता है। इससे ज्यादा संतोषजनक कोई बात नहीं हो सकती। बिस्को महासचिव राघव कुमार सिंह ने बिस्को के सामाजिक दायित्वों को उजागर करते हुए कहा कि बीजीएच में दुर्घटनाग्रस्त और अन्य मरीजों का इलाज होता है, इसलिए हम सभी भविष्य में भी रक्तदान करते रहेंगे। इस शिविर में रक्तदान करने वाले प्रमुख व्यक्तियों में राघव कुमार सिंह, रामाशीष सिंह, सुबोध रजक, सितारे अहमद, सुनीता राय, नीरज नारायण प्रियदर्शी, प्रियरंजन कुमार, सपन कुमार और अन्य 20 लोग शामिल थे।

## सुरक्षित यात्रा को बढ़ावा देने के लिए चास रोटरी क्लब ने लगाए रेडियम स्टीकर

संवाददाता

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास ने साइकिल सवारों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से साइकिलों पर रेडियम स्टीकर लगाने का एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम चंदनक्यारी रोड स्थित ज्ञान दर्शन पब्लिक स्कूल के सामने ग्रामीणों के बीच किया गया, ताकि सर्दी और कोहरे के मौसम में साइकिल सवारों को बेहतर सुरक्षा मिल सके। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने इस पहल के महत्व को बताते हुए कहा कि सर्दियों में विशेष रूप से कोहरे और कुहासा के कारण सड़क हादसों की संभावना बढ़ जाती है। इस प्रकार के हादसों से बचाव के लिए साइकिल सवारों की सुरक्षा रोटरी क्लब के लिए एक महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने बताया कि यह कदम साइकिल सवारों को सड़क पर अधिक दृश्यता प्रदान करेगा, जिससे उनकी यात्रा सुरक्षित होगी। कार्यक्रम के



संयोजक मंजीत सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं की रोकथाम करना और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने बताया कि रेडियम स्टीकर लगाने से साइकिल सवारों की दृश्यता बढ़ेगी, खासकर रात के समय, जिससे सड़क दुर्घटनाओं के जोखिम को कम किया जा सकेगा। रोटरी क्लब के सचिव मुकेश केजरीवाल ने भी इस पहल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रात्रि के समय साइकिल सवारों को यात्रा करने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जैसे कि अंधेरा और वाहनों की तेज रफ्तार। इसलिए, क्लब ने लगभग 120 साइकिलों पर रेडियम स्टीकर लगाए हैं ताकि साइकिल सवारों को रात के समय भी सुरक्षित यात्रा करने में मदद मिल सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के अन्य सदस्य संजय बैद, नरेंद्र सिंह, प्रकाश केजरीवाल और संजय रस्तोगी का भी अहम योगदान रहा। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें दुर्घटनाओं में कमी लाने के साथ-साथ समाज में सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने में मदद करती हैं। यह पहल न केवल साइकिल सवारों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समाज के सभी वर्गों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में भी एक कदम है।

### सेल ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

## दिव्यांगजनों को वितरित किए सहायक उपकरण

संवाददाता



**बोकारो।** देश की महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित अपने कॉर्पोरेट ऑफिस में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित कर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया। यह कार्यक्रम कंपनी के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर पहल के तहत आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेल ने भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के सहयोग से दिव्यांगजनों की गतिशीलता और संचार में सुधार करने के लिए ट्राई साइकिल, मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, स्मार्ट केन, दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए स्मार्टफोन और श्रवण यंत्र जैसे सहायक उपकरण वितरित किए।यह कार्यक्रम लगातार तीसरे साल आयोजित किया गया है, और इस बार चरणबद्ध वितरण अभियान की शुरूआत की गई है, जिसे आगे सेल के संयंत्रों और इकाइयों में भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की। इस दौरान उन्होंने सामाजिक समावेशिता और दिव्यांगजनों की मदद के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दुहराया। सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि हम दिव्यांगजनों की अदम्य भावना को सलाम करते हैं। वे अद्वितीय शक्ति और दृढ़ संकल्प के प्रतीक हैं। हमेशा से सेल दिव्यांगजनों की मदद करती आई है और आगे भी करती रहेगी। इस अवसर पर सेल ने अपने संयंत्रों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं मुहैया कराई हैं, जिनमें राउरकेला में नेत्रहीन, बधिर और मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए स्कूल और 'होम एंड होप', बोकारो में आशालता केंद्र, दुगार्पुर में विकलांग उन्मुख शिक्षा कार्यक्रम, दुर्गापुर हैंडीकैप्ड हैप्पी होम और बर्नपुर में चेशायर होम शामिल हैं।

## तेनु-बोकारो नहर की मरम्मत कार्य 4.70 करोड़ की लागत से, जलापूर्ति में बाधा, ग्रामीणों को हो रहा जल संकट

संवाददाता

**बेरमो/ बोकारो ।** बोकारो जिले के तेनु-बोकारो नहर की मरम्मत का कार्य 4.70 करोड़ रुपये की लागत से सोमवार से शुरू हुआ, जो 5 दिसंबर तक पूरा होने की संभावना है। इस मरम्मत कार्य के कारण बोकारो स्टील प्लांट को जलापूर्ति अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है। नहर के आसपास के ग्रामीण इलाकों में जलापूर्ति बंद होने से पानी की भारी कमी हो गई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार, इस समय नहर के 105 प्वाइंट्स



पर मरम्मत का काम चल रहा है। बोकारो स्टील प्लांट और तेनुघाट बांध प्रमंडल के अधिकारियों ने मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया है। अधिकारियों का कहना है कि इस कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा, लेकिन इस दौरान कार्य की गुणवत्ता पर भी पूरी निगरानी रखी जा रही है। ठेकेदार युद्ध स्तर पर कार्य को तेजी से पूरा करने में लगे हुए हैं, ताकि निर्धारित समय पर नहर का पुनः संचालन शुरू किया जा सके और जलापूर्ति बहाल की जा सके। दूसरी ओर, यह भी बताया जा रहा है कि निर्धारित चार-पांच दिनों के भीतर मरम्मत कार्य पूरा करना ठेकेदारों के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य साबित हो सकता है, क्योंकि इस काम में किसी भी तरह की ढिलाई न तो अधिकारियों को स्वीकार्य है और न ही ग्रामीणों के लिए। जलापूर्ति की समस्या के चलते आसपास के इलाकों में ग्रामीणों की कठिनाइयाँ बढ़ गई हैं, लेकिन अधिकारी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि मरम्मत कार्य की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए समय पर इसे पूरा किया जाए।

## डीपीएस चास ने अंतर विद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 17 पदकों के साथ प्राप्त किया उपविजेता का गौरव

**बोकारो।** डीपीएस चास ने आदर्श विद्या मंदिर चास, बोकारो में आयोजित अंतर विद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कांस्य पदक सहित कुल 17 पदक प्राप्त किए और उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया। यह प्रतियोगिता बालक और बालिका वर्ग में आयोजित की गई थी। बालक वर्ग में जय हांसदा, इंद्रेश, जीवेश श्यामल, ऋषिकेश राज, सिद्धांत, आदित्य कुमार ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। बालिका वर्ग में पूर्वी कुमारी, शिवांगी, श्रेयांशी श्री, जया महतो ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं, अक्षित, अवर्णा, शुभ और शिवांश ने रजत पदक हासिल किए। विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ० हेमलता एस मोहन ने कहा कि विद्यार्थियों ने ताइक्वांडो में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने विद्यालय के शिक्षा और सर्वांगीण विकास के प्रति कटिबद्धता को भी रेखांकित किया। विद्यालय की निदेशिका डॉ. मनीषा तिवारी ने बच्चों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त



करते हुए कहा कि यह सफलता बच्चों के समर्पण और शारीरिक शिक्षकों राहुल प्रताप, पायल सिंह और वीणा सिंह के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन एन मुरलीधरन और डीएस मेमोरियल सोसायटी चास के सचिव सुरेश अग्रवाल ने भी बच्चों को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

# विकलांग महिलाओं की पहचान और अधिकारों के मुद्दे पर जागरूकता जरूरी : कल्याणी

### विश्व विकलांग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता

**बोकारो।** विकलांग महिलाओं की पहचान और उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज 'सहयोगिनी' द्वारा बहादुरपुर में विश्व विकलांग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जरीडीह, कसमार, पेटरवार और चास प्रखंड की 60 विकलांग महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी की सचिव, कल्याणी सागर ने कहा कि हर साल 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक महिला हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जाता है। आज विश्व विकलांग दिवस के मौके पर विकलांग महिलाओं के अधिकार और उनकी पहचान पर विशेष रूप से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि विकलांग महिलाओं के साथ गांवों से लेकर परिवारों तक हिंसा होती है, जिसे रोकने की आवश्यकता है। साथ ही विकलांग महिलाओं के संगठनों के निर्माण की जरूरत पर भी विचार किया गया।
कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन एसबी पांडे ने कहा कि सरकार और गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा विकलांगों के विकास के लिए कई योजनाएं बनाई गई हैं, जिनका लाभ सभी विकलांग व्यक्तियों को मिल सकता है। उन्होंने निचले स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया।
सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि जेंडर आधारित हिंसा विकलांग व्यक्तियों, खासकर युवा महिलाओं और जेंडर विविधता वाले व्यक्तियों के लिए विशेष रूप से खतरनाक है। यह स्थिति और जटिल हो जाती है जब इसमें विकलांगता, जाति, और सामाजिक-आर्थिक स्थिति जुड़ जाती है। इसके अलावा, सुलभ सहायता प्रणालियों, कानूनी सुरक्षा और संवेदनशील प्रतिक्रियाओं की कमी इन लोगों के लिए न्याय प्राप्ति में बाधा डालती है, जिससे उनकी स्थिति और खराब हो जाती है। सहयोगिनी की कोऑर्डिनेटर, कुमारी किरण ने कहा कि नारीवादी आंदोलन विकलांगता न्याय के मुद्दे से जुड़ा हुआ है, लेकिन विकलांगता अधिकार आंदोलन में अभी भी समावेशन की चुनौतियां हैं। उन्होंने बताया कि विकलांगता समावेशन पर किए जा रहे कार्य, जो नागरिक समाज द्वारा किए गए प्रयासों को भी शामिल करते हैं, अभी भी चैरिटी मॉडल पर आधारित हैं, जिसमें व्यक्ति के अधिकारों की अनदेखी होती है। सामाजिक कार्यकर्ता सूरजमानी देवी ने कहा कि आँकड़े स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि विकलांग महिलाएं जेंडर आधारित और विकलांगता विरोधी हिंसा का अधिक शिकार होती हैं, बावजूद इसके विकलांगता-केंद्रित प्रतिक्रियाओं की कमी है। कार्यक्रम में अनिल कुमार हेंब्रम, विनीता देवी, रवि कुमार राय, संगीता देवी, प्रतिमा सिंह, सोनी कुमारी, अभय कुमार सिंह, बिंदु देवी, अनवरी खातून, रितिका कुमारी, मनीष शर्मा जी, स्वामी सनी कुमार, प्रकाश महतो आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, बुधवार 04 दिसंबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### डाकघर में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सेवा शुरू, पेंशनधारियों को राहत



**गिरिडीह।** पेंशनधारियों की सुविधा के लिए डाक विभाग ने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र निर्गत करने की सेवा शुरू की है। इस नई सेवा के तहत, अब पेंशनर्स आधार कार्ड के माध्यम से बायोमेट्रिक और चेहरे के प्रमाणीकरण द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। इस सेवा के शुरू होने से पेंशनधारियों को अब प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अलग-अलग जगहों पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डाक अधीक्षक संजय कुमार संगम ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सुविधा गिरिडीह के प्रधान डाकघर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के डाकघरों में भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस सेवा का लाभ लेने के लिए पेंशनर्स को मात्र ?70 शुल्क अदा करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से पेंशनर्स को अन्य बैंकिंग सेवाएं भी सरलता और सुलभता से उपलब्ध कराई जा रही हैं। डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सेवा विशेष रूप से उन ग्रामीण पेंशनधारियों के लिए लाभकारी होगी, जिन्हें पहले अपने प्रमाण पत्र के लिए शहरों का रुख करना पड़ता था। इस नई सुविधा के तहत पेंशनर्स नजदीकी शाखा डाकघर में जाकर आसानी से प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। संजय कुमार संगम ने कहा कि यह पहल न केवल पेंशनधारियों के जीवन को सरल बनाएगी, बल्कि डिजिटल इंडिया के उद्देश्य को भी साकार करेगी।

### कारी पहाड़ी के जंगल में ड्रोन के माध्यम से अवैध शराब के अड्डे पर छापामारी



**गिरिडीह।** उत्पाद विभाग ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से गिरिडीह जिले के कारी पहाड़ी क्षेत्र के घने जंगलों में ड्रोन की मदद से छापामारी कर अवैध शराब के एक बड़े अड्डे को ध्वस्त किया। छापामारी का नेतृत्व गिरिडीह के अवर निरीक्षक रवि रंजन ने किया। इस अभियान के दौरान ड्रोन की सहायता से जंगल के विभिन्न हिस्सों को स्कैन किया गया, जिससे अवैध शराब बनाने वाले अड्डों का पता लगाया गया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर अवैध शराब बनाने के उपकरण, जावा महुआ और भट्टियों को नष्ट कर दिया। अभियान में 8600 किलोग्राम जावा महुआ और 350 लीटर तैयार अवैध शराब जब्त की गई। अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। छापामारी में उत्पाद विभाग और पुलिस की टीम के साथ-साथ सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे। इस कार्रवाई में उत्पाद विभाग के रवि रंजन, अमित कुमार चौधरी, नीरज कुमार, राजेश कुमार पटेल और नवादा जिले से ड्रोन प्रभारी की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस छापामारी अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में अवैध शराब के उत्पादन और बिक्री को रोकना था। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि समाज में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके।

### अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की वीर हनुमान हिंदू सुरक्षा यात्रा प्रारंभ



**गिरिडीह।** गिरिडीह में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा आयोजित वीर हनुमान हिंदू सुरक्षा यात्रा का भव्य शुभारंभ टावर चौक स्थित हनुमान मंदिर से हुआ। इस यात्रा के दौरान अंजनधाम, जो हनुमान जी की जन्मस्थली मानी जाती है, वहां से पूजित हनुमान प्रतिमा को नगर में भ्रमण कराया जा रहा है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से इस पवित्र यात्रा में शामिल होकर पुण्य के भागी बनने का आह्वान किया है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य हनुमान चालीसा के पाठ के माध्यम से समाज में जागरूकता लाना है। यह यात्रा 2 दिसंबर से 6 दिसंबर तक आयोजित की जा रही है, जिसके दौरान गिरिडीह नगर एवं सदर प्रखंड के 51 हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस पहल से समाज में एकता, शांति और भक्ति का संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है। यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर प्रांत उपाध्यक्ष नित्यानंद प्रसाद, विभाग अध्यक्ष रवि शंकर पांडे, जिला अध्यक्ष रितेश पांडे, जिला महामंत्री सीताराम हिंदू, नगर कार्याध्यक्ष जगत कुमार, नगर महामंत्री उदय चंद्रवंशी, अध्यक्ष श्याम राणा, नगर अध्यक्ष राहुल चंद्रवंशी, महामंत्री रौनक मिश्रा, मंत्री रोहन वर्मा, उपाध्यक्ष अमन कुमार, आदर्श कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### वाहन मालिकों ने आरसीआर मोड कोयले की ढुलाई पर रोक लगाई

# भाड़ा वृद्धि की मांग के बाद लिया गया कड़ा निर्णय



संवाददाता

**टंडवा।** टंडवा थाना क्षेत्र के सेरनदाग स्थित फुटबॉल मैदान में विस्थापित प्रभावित हायवा संयोजक मंडली की बैठक में वाहन मालिकों ने आम्रपाली परियोजना में आरसीआर मोड के कोयले की ढुलाई को पूरी तरह से बंद करने का फैसला लिया। यह कदम भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर उठाया गया है, जिसे एक महीने पहले वाहन मालिकों ने ट्रांसपोर्टरों, सीसीएल प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन को पत्र सौंपकर स्पष्ट किया था। पत्र में विभिन्न मार्गों के लिए प्रति टन कोल ढुलाई पर भाड़ा वृद्धि की सूची दी गई थी, जिसमें कई प्रमुख स्थानों जैसे आम्रपाली से बडका काना, पतरातु, कुजू, भुरकुंडा, गोला, मुरी, बालुमाथ और अन्य के लिए भाड़ा वृद्धि की मांग की गई थी। भाड़ा में कमी से परेशान होकर और उचित पहल न किए जाने से नाराज वाहन मालिकों ने बैठक में यह कड़ा निर्णय लिया। इस निर्णय के बाद, आम्रपाली से कोयले की ढुलाई पर रोक लगा दी गई, जिससे सीसीएल और ट्रांसपोर्टरों के बीच तनाव पैदा हो सकता है।

बैठक में हायवा संयोजक मंडली के कई प्रमुख सदस्य मौजूद थे, जिनमें गणेश साहु, सुरेश साहु, रंजीत कुमार, महावीर साव, सकेन्द्र साव, ईश्वरी कुमार, मोहन कुमार और अन्य शामिल थे।

### दिनदहाड़े गोलीबारी से मचा हड़कंप

## अज्ञात अपराधियों ने छह गोलियां चलाईं

### ऑफिस में घुसकर किया लैपटॉप को क्षतिग्रस्त



संवाददाता

**टंडवा।** चतरा जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र में स्थित प्रणव नमन कोल ट्रांसपोर्ट कार्यालय में अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े गोलीबारी की, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। अपराधियों ने ऑफिस में घुसकर दो गोलियां चलाईं, जिससे लैपटॉप क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद, बाहर खड़ी न्यू स्कॉर्पियो गाड़ी पर भी दो गोलियां चलाईं और फिर चार गोलियां हवाई फायरिंग के रूप में की गईं। सूचना मिलने पर केरेडारी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से चार गोली के खोखे बरामद किए। बताया गया कि अपराधियों ने मोहन नामक व्यक्ति को ढूंढते हुए यह गोलीबारी की थी। अपराधी बाइक पर सवार होकर मौके पर पहुंचे थे और कार्यालय में घुसकर गोलीबारी की। गोलीबारी के दौरान, कंपनी के कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई और वे सुरक्षित स्थानों पर दौड़ने लगे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अपराधियों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

## इनर व्हील क्लब गिरिडीह द्वारा ऑरेंज द वर्ल्ड कार्यक्रम का आयोजन



संवाददाता

**गिरिडीह।** इनर व्हील क्लब गिरिडीह ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने और जागरूकता फैलाने के लिए सीएम स्कूल ऑफ एक्सेलेंस, पचम्बा में 'ऑरेंज द वर्ल्ड' कार्यक्रम आयोजित किया। क्लब अध्यक्षा डॉ. रूपश्री खेतान और पास्ट इंटरनेशनल एडिटर प्रभा रघुनंदन ने इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए अभियान के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने घरेलू हिंसा, महिलाओं के प्रति भेदभाव और उत्पीड़न जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के नौ छात्रों ने हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न और अन्य सामाजिक समस्याओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। छात्रों द्वारा उठाए गए मुद्दे न केवल प्रासंगिक थे, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के संदेश भी देते थे। लगभग 200 विद्यार्थियों की भागीदारी ने इस कार्यक्रम को एक महत्वपूर्ण संवाद का रूप दिया। इस अवसर पर स्कूल की छात्राओं ने एक प्रेरक नाटिका प्रस्तुत की, जिसमें एक युवा महिला की दुर्दशा को दशार्या गया। नाटिका में दिखाया गया कि कैसे समाज उसे नजर अंदाज करता है और उसके संघर्षों को महत्व नहीं देता। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनना चाहिए, और समाज को महिलाओं के प्रति अपने दृष्टिकोण में बदलाव लाना चाहिए। डिस्ट्रिक्ट वाइस चेयरमैन रश्मि गुप्ता ने इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा के प्रति समाज को संवेदनशील होना चाहिए।

## अफीम की खेती की रोकथाम हेतु जन जागरूकता अभियान, सख्त कार्रवाई का लिया गया निर्णय



संवाददाता

**हंण्टरगंज/ चतरा।** हंण्टरगंज वन क्षेत्र के अंतर्गत सूर्यभूषण कुमार के नेतृत्व में घंघरी वन विश्रामगृह में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में बढ़ती पोस्ता (अफीम) की खेती को रोकना और इसके खिलाफ जन जागरूकता फैलाना था। बैठक में स्थानीय वन समिति अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को एकत्रित कर यह निर्णय लिया गया कि पोस्ता की खेती करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में जोरी और हंण्टरगंज थाना प्रभारी, वनपाल और वनरक्षी भी उपस्थित थे, जिन्होंने इस अभियान में पुलिस और वन विभाग की सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया। सूर्यभूषण कुमार ने कहा कि पोस्ता की खेती से न केवल पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, बल्कि यह समाज के लिए भी एक गंभीर समस्या बन चुकी है।

बैठक में ककनातू, रजवार, बेलगड़ा, दारी, मानामाथ, डांडू, बनियाडीह, सजनी, घटधारी, सरदम, फुलवरिया, रक्सी, टनकू, लूटा, चकला, करमा सहित विभिन्न ग्रामों के वन समिति अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। इस बैठक के दौरान यह भी तय किया गया कि वन समितियां गांवों में जागरूकता फैलाने के लिए विशेष अभियान चलाएंगी और ग्रामीणों को पोस्ता की खेती के खतरों से अवगत कराएंगी। सूर्यभूषण कुमार ने ग्रामीणों से अपील की कि वे पोस्ता की खेती करने वालों की सूचना प्रशासन को दें और मिलकर इस अवैध खेती को रोकने में प्रशासन का सहयोग करें।

## ब्लड बैंक और ट्रामा सेंटर की कमी से जूझ रहे ग्रामीण




संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड बैंक और ट्रामा सेंटर की सुविधा न होने के कारण यहां के लोग गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। सड़क दुर्घटनाओं या किसी महिला को प्रसव के दौरान रक्त की आवश्यकता होने पर मरीजों को हजारीबाग, धनबाद या रांची जैसे बड़े शहरों में रेफर करना पड़ता है। प्रखंड मुख्यालय की जिला मुख्यालय से दूरी लगभग 40 से 45 किलोमीटर होने के कारण मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता, जिससे कई बार स्थिति गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग से इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की अपील की है। उनका कहना है कि ब्लड बैंक और ट्रामा सेंटर की सुविधा से न केवल जान बचाने में मदद मिलेगी, बल्कि मरीजों को आर्थिक और मानसिक रूप से भी राहत मिलेगी। यह क्षेत्र, जहां दुर्घटनाओं और स्वास्थ्य आपात स्थितियों की घटनाएं आम हैं, आज भी बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं से वंचित है। यदि यहां ब्लड बैंक की स्थापना की जाती है, तो लोगों को बाहरी स्थानों पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और समय रहते जरूरी इलाज संभव हो सकेगा।

ग्रामीणों ने सरकार से जल्द से जल्द इन सुविधाओं को स्थापित करने की मांग की है ताकि क्षेत्र के लोग बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें।

## पुण्यतिथि में विधायक और पार्टी नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की



संवाददाता

**गिद्धौर/चतरा।** भारतीय जनता पार्टी के चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता के पैतृक गांव तिलैया में उनकी पूज्य माता पतिया देवी की 24वीं पुण्यतिथि बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल, जिला कार्य समिति सदस्य सत्येंद्र कुमार दांगी सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने माता पतिया देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया।।पुण्यतिथि के कार्यक्रम में विधायक सलाकार विजय दांगी ने अपने संबोधन में माता पतिया देवी के जीवन को प्रेरणादायक बताया और उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना की। इसके अलावा, गिद्धौर के युवा व्यवसायी आशीष कुमार, जिला उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी यादव, भाजपा नेता दिनेश्वर भुईयां, जिला मंत्री बासुदेव दांगी, पत्थलगड़ा मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार दांगी, गिद्धौर महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा, राकेश कुमार गुप्ता, प्रणेश कुमार गुप्ता, लखन दांगी और चंद्रदेव दांगी सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे। सभी नेताओं ने इस अवसर पर भाजपा की नीतियों और समाज सेवा के क्षेत्र में अपने-अपने योगदान को साझा किया और इस पुण्यतिथि को श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक बताया। साथ ही, कार्यकताओं को प्रेरित करते हुए पार्टी की मजबूती के लिए अपने योगदान को बढ़ाने की अपील की।

## बलात्कार और धमकी के आरोपी समरेश महतो को मिली जमानत



**बोकारो।** पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के कांड संख्या 249/24 में आरोपी समरेश महतो को अदालत से जमानत मिल गई है। यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 64(1) और 351(3) BNS 2023 के तहत दर्ज किया गया था। इसमें आरोपी पर चम्पा देवी नामक पीड़िता के साथ बलात्कार और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। अदालत में बचाव पक्ष के वकील धुर्जटी पांडेय ने आरोपी की ओर से जमानत के लिए जोरदार बहस की। मामले की सुनवाई बोकारो के जिला एवं सत्र न्यायालय के ADJ-3 के न्यायालय में हुई, जहां 3 दिसंबर को समरेश महतो को जमानत प्रदान की गई। यह मामला पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, जहां पीड़िता चम्पा देवी ने समरेश महतो पर गंभीर आरोप लगाए थे। जमानत मिलने के बाद अब यह देखना होगा कि मामले की आगे की सुनवाई में क्या निष्कर्ष निकलता है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन को क्षेत्रीय समाजसेवियों ने दी बधाई



संवाददाता

**गिरिडीह।** क्षेत्रीय संघर्ष समिति के समाजसेवियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय की विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। यह मुलाकात झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता प्रणव कुमार वर्मा के नेतृत्व में हुई। इस अवसर पर समाजसेवियों ने मुख्यमंत्री और विधायक को उनकी प्रचंड जीत पर बधाई दी और विकास कार्यों में अपनी अपेक्षाएं भी व्यक्त की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड की जनता का आभार व्यक्त किया और कहा कि सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने चुनाव के दौरान किए गए वादों को शत-प्रतिशत पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार झारखंड की संस्कृति, परंपरा और मूल भावनाओं के साथ हमेशा खड़ी रहेगी। विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने गांडेय क्षेत्र के विकास की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र के पंद्रह पंचायतों में प्रखंड कार्यालय का निर्माण, लेदा में डिग्री कॉलेज और थाना का निर्माण जैसी सुविधाओं को जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही, क्षेत्रीय समस्याओं को हल करने के लिए विधायक कार्यालय की स्थापना भी गांडेय में की जाएगी। इस मौके पर गिरिडीह के पूर्व संयोजक सह सिंदवरिया मुखिया रामेश्वर प्रसाद वर्मा, जिला परिषद सदस्य प्रवीण मुर्मू, सामाजिक चिंतक राजकिशोर प्रसाद कुशवाहा, पत्रकार और राष्ट्रीय महादलित संघ के प्रदेश महासचिव राजेश कुमार दास, समाजसेवी बैजनाथ प्रसाद वर्मा, कुशवाहा संघ के जिला संगठन मंत्री बैजनाथ प्रसाद बैज्जू, पूर्व जिला परिषद सदस्य किरण वर्मा, पूर्व पंसस बसंत वर्मा, सिंदवरिया उपमुखिया डीलचंद प्रसाद वर्मा और प्रख्यात पशु चिकित्सक अनुज कुमार पांडे सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## उपायुक्त रमेश ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं, शीघ्र निष्पादन का भरोसा दिलाया



संवाददाता

**चतरा।** चतरा समाहरणालय स्थित अपने सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप ने जनता दरबार का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में आमजन अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे। जनता दरबार में नागरिकों ने मुख्य रूप से मनरेगा, भूमि विवाद, राशन, विद्युत आपूर्ति, आवास योजना और आंगनबाड़ी से संबंधित समस्याओं को उठाया। उपायुक्त रमेश घोलप ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों से इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने जनता को आश्वासन दिया कि उनके आवेदन का अवलोकन कर उन्हें जल्द से जल्द समाधान प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त ने यह भी बताया कि जनता दरबार का आयोजन सप्ताह में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को किया जाता है, ताकि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। इस दौरान उपायुक्त ने यह भी कहा कि वे हमेशा आम जनता के साथ हैं और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएवी ने सीबीएसई सहोदय अंतर्विद्यालय क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**सिंदरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल, सिंदरी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई सहोदय विद्यालय समूह द्वारा आयोजित अंतर्विद्यालय क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रौशन किया। इस प्रतियोगिता में धनबाद के कुल 32 विद्यालयों ने भाग लिया। ज्ञात हो कि सीबीएसई सहोदय विद्यालय समूह समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है, जिससे छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित हो सके। डीएवी सिंदरी के आदित्य नारायण कक्षा 10 'उ' और शौर्य पाठक कक्षा 10 'ऊं' ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान अर्जित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने प्रार्थना सभा में विजेता छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि डीएवी सिंदरी के छात्रों में असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सहोदय विद्यालय समूह शिक्षा के हर पहलू में नवीन प्रथाओं और समग्र विकास को बढ़ावा देने पर बल देता है। आने वाले सप्ताह में डीएवी सिंदरी में अंतरसदनिय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिससे छात्रों की बौद्धिक क्षमता को और प्रोत्साहन मिलेगा।

### बेटी का जन्मदिन मनाने के बाद निकले युवक की लाश सड़क किनारे मिली

**धनबाद।** गिरिडीह जिले के देवरी थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक युवक की लाश सड़क किनारे मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बिहार के चकाई थाना क्षेत्र के घुटिया गांव निवासी अजय कुमार (21) के रूप में हुई है।।परिजनों के अनुसार, सोमवार रात अजय ने अपनी बेटी का जन्मदिन मनाया और मकड़ीहा जाने की बात कहकर घर से निकला था। मंगलवार सुबह जमुआ-देवघर मुख्य मार्ग पर पथराटांड के पास उसकी लाश और बाइक सड़क किनारे पड़ी मिली। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अजय की मौत को लेकर हत्या और दुर्घटना दोनों की आशंका जताई जा रही है। देवरी थाना के सब-इंस्पेक्टर उपेंद्र यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण का खुलासा होगा।

### जिला खेल कार्यालय धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

**धनबाद।** नेहरू युवा केंद्र धनबाद और जिला खेल कार्यालय धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में 12 दिसंबर 2024 को पी.के. रॉय मेमोरियल कॉलेज, धनबाद में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव का उद्देश्य युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में नृत्य, गायन, कहानी लेखन, पेंटिंग, भाषण, मोबाइल फोटोग्राफी जैसी कुल 11 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तर पर विजेता बनने वाले प्रतिभागियों को प्रमंडल स्तर पर आयोजित युवा उत्सव में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। प्रमंडल स्तर के विजेताओं को राज्य स्तर पर होने वाले युवा उत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा, और राज्य स्तर पर विजयी प्रतिभागियों के दल को 12 जनवरी 2025 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नेहरू युवा केंद्र और जिला खेल कार्यालय धनबाद द्वारा विद्यालयों और महाविद्यालयों में प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा। यह आयोजन युवाओं की छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने के साथ-साथ उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का भी एक बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा।

### सिंदरी विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक चंद्रदेव महतो को बधाई एवं समस्याओं की जानकारी



**धनबाद।** सिंदरी विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक चंद्रदेव महतो को उनके आवास पर जाकर खअढ-3 गोविंदपुर धनबाद के पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष शक्ति यादव और अन्य सदस्यों द्वारा पुष्प गुच्छ और मिठाइयाँ भेंट कर बधाई दी गई। इस मौके पर मंत्री प्रकाश कुमार टुडू, उपाध्यक्ष दीपक सिंह, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार महतो, संयुक्त सचिव प्रवीण सिंह, केंद्रीय मंत्री मदन मुंडा, अंकेक्षक कालीचरण बेसरा और अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इस दौरान विधायक महतो को वाहिनी के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया और 15 दिसंबर 2024 को बटालियन मुख्यालय आने का निमंत्रण दिया गया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। विधायक महतो ने खअढ-3 के विकास और पुलिस कर्मियों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस बैठक में शामिल सभी पुलिस कर्मियों से अनुरोध किया गया है कि वे 15 दिसंबर 2024 को 11 बजे वाहिनी मुख्यालय पर उपस्थित रहें ताकि पुलिस कर्मियों की समस्याओं का समाधान किया जा सके।

# सांसद ने धनबाद से विभिन्न मार्गों पर रेल सेवाएं शुरू करने की मांग की



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुलू महतो ने संसद में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से क्षेत्र की रेल सेवाओं को सुधारने की अपील की और चार प्रमुख मार्गों पर नई रेल सेवाएं शुरू करने की मांग की। उन्होंने विशेष रूप से धनबाद से वैष्णो देवी, वेल्लोर, बैंगलोर, हैदराबाद और दिल्ली के लिए सीधी रेल सेवाएं शुरू करने की आवश्यकता जताई। सांसद महतो ने कहा कि धनबाद से वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए, वहां एक सीधी रेल सेवा शुरू की जानी चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा में सुविधा मिल सके। इसके अलावा, उन्होंने इलाज के लिए वेल्लोर जाने वाले मरीजों के लिए भी रेल सेवा शुरू करने की मांग की, जिससे मरीजों को अस्पताल जाने में कोई कठिनाई न हो।

श्री महतो ने छात्रों और कामकाजी लोगों के लिए धनबाद से बैंगलोर और हैदराबाद के लिए रेल सेवा की आवश्यकता जताई, ताकि लोग इन प्रमुख शहरों तक आसानी से यात्रा कर सकें। साथ ही, उन्होंने दिल्ली के लिए भी एक रेल सेवा शुरू करने की अपील की, जिससे धनबाद और आसपास के क्षेत्र के लोग सीधे देश की राजधानी से जुड़ सकें। श्री महतो ने यह भी बताया कि झारखंड राज्य से सबसे अधिक रेल राजस्व धनबाद से प्राप्त होता है, क्योंकि यहां से सैंकड़ों मालवाहक ट्रेनें रोजाना गुजरती हैं, लेकिन सवारी रेल सेवाएं बहुत कम हैं। इससे आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि रेल मंत्रालय इन मांगों पर गंभीरता से विचार करेगा और क्षेत्र के लोगों को बेहतर रेल सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जो न केवल धनबाद बल्कि पूरे झारखंड राज्य के नागरिकों के लिए फायदेमंद होंगी।

## झरिया में सड़क दुर्घटना में महिला अधिवक्ता नेहा वर्मा की मौत



संवाददाता

**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र के कतरास मोड़ के समीप सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में महिला अधिवक्ता नेहा वर्मा की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, नेहा वर्मा अपने पति श्याम वर्मा के साथ धनबाद कोर्ट से काम खत्म कर डिगवाडीह स्थित घर लौट रही थीं। इस दौरान बीसीसीएल के पेलोडर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पेलोडर को जब्त कर लिया और स्थिति को नियंत्रित किया। धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय, झरिया विधायक रागिनी सिंह के देवर सिद्धार्थ गौतम और अन्य वकील घटनास्थल पर पहुंचे।।बीसीसीएल प्रबंधन ने पांच लाख रुपये की मानवीय सहायता राशि देने, आश्रित परिवार को झरिया बनियाहीर डीएवी स्कूल में रोजगार उपलब्ध कराने और पेलोडर का बीमा क्लेम भुगतान सुनिश्चित करने पर सहमति दी। इसके बाद लोगों ने सड़क जाम हटाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## प्रबंधन की लापरवाही : बीसीसीएल की जमीन पर तिलाटांड़ में हो रहा अतिक्रमण





संवाददाता

**धनबाद।** जिले के कतरास स्थित बीसीसीएल एरिया-3 के अंतर्गत तिलाटांड़ कॉलोनी में बीसीसीएल की जमीन पर अवैध निर्माण कार्य किए जाने की शिकायत सामने आई है। यह निर्माण बिजली घर के समीप किया जा रहा है, जहां कॉलोनीवासियों ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठाई है। बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य में ईंट, बालू और अन्य सामग्री का उपयोग हो रहा है, जिसे निर्माण स्थल पर पहुंचाया गया है।।जिस स्थान पर यह अवैध निर्माण किया जा रहा है, उसके बगल में एक बड़ा नाला बहता है और बीसीसीएल का बिजली घर भी स्थित है। शिकायत के अनुसार, अवैध निर्माण करने वाला व्यक्ति तिलाटांड़ कॉलोनी का ही निवासी है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि यह निर्माण न केवल जमीन पर अवैध कब्जा है, बल्कि आसपास की सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न कर सकता है। इस मामले में बीसीसीएल एरिया-3 के महाप्रबंधक गणेश चंद्र शाह ने कहा कि शिकायत को संज्ञान में लिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस मामले की जांच की जाएगी और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। शाह ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी हाल में बीसीसीएल की जमीन पर अवैध निर्माण को अनुमति नहीं दी जाएगी। गौरतलब है कि हाल के दिनों में धनबाद क्षेत्र में बीसीसीएल और सरकारी जमीनों पर कब्जे और अवैध निर्माण की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। अंचल कार्यालय बाघमारा की निष्क्रियता के चलते डुमरा सामुदायिक भवन के सामने सरकारी जमीन पर दबंग भू-माफियाओं ने कब्जा कर बाजार का निर्माण कर लिया है। कुछ दुकानों के खुलने की भी सूचना है। क्षेत्र में अवैध निर्माण और कब्जे की घटनाओं को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

## धनबाद में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन, युवाओं के लिए अनूठा मंच



संवाददाता

**धनबाद।** नेहरू युवा केंद्र धनबाद और जिला खेल कार्यालय धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में 12 दिसंबर 2024 को पी.के. रॉय मेमोरियल कॉलेज, धनबाद में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह उत्सव 15 से 29 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम में 11 प्रमुख प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें नृत्य, गायन, कहानी लेखन, पेंटिंग, भाषण, और मोबाइल फोटोग्राफी शामिल हैं। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तर पर विजेता बनने वाले प्रतिभागियों को प्रमंडल स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। प्रमंडल स्तर के विजेताओं को खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागी 12 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे और राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम के आयोजकों ने युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विद्यालयों और महाविद्यालयों में व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान शुरू किया है। यह आयोजन न केवल युवाओं की छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने का उद्देश्य रखता है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का एक प्रयास भी है। सभी इच्छुक युवा इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने के लिए नेहरू युवा केंद्र धनबाद या जिला खेल कार्यालय धनबाद से संपर्क कर सकते हैं।

### धनबाद जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को मिलेगा गर्म स्वेटर

**धनबाद।** जिले में संचालित सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के तीन से छह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को इस ठंड से राहत दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने दो गर्म स्वेटर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए विभाग ने 2.20 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी कर दी है। जिले के 2200 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों में लगभग 60,000 बच्चों को इस पहल का लाभ मिलेगा। स्वेटर की खरीदारी स्थानीय स्तर पर की जाएगी, जिसके लिए समाज कल्याण शाखा ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्वेटर मरून रंग के होंगे, जिनमें हुड (टोपी) भी शामिल होगी, और इनका वजन 225 ग्राम से कम नहीं होगा। गौरतलब है कि यह प्रक्रिया पहले चुनावी आचार संहिता के कारण रुकी हुई थी। चुनाव समाप्त होने और ठंड के आरंभ होने के साथ ही जिला प्रशासन ने इस योजना को फिर से सक्रिय कर दिया है। इस पहल को जिले में ठंड से बच्चों को बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## अतिक्रमण हटाने को लेकर दुकानदारों को एक सप्ताह की मोहल्लत



संवाददाता

**धनबाद।** कतरास के भगत सिंह चौक पर सोमवार को नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ टीम पहुंची, जिससे बाजार में हलचल मच गई। नालियों पर बने शेड और अन्य अवैध निर्माण हटाने के लिए नगर निगम की जेसीबी, ट्रैक्टर, दर्जनों मजदूर और अधिकारी तैनात थे। इसे देखते हुए कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपने शेड और सामान हटाना शुरू कर दिया।।नगर निगम के सिटी मैनेजर साबिर आलम और इंफोर्समेंट टीम के इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने दुकानदारों से बातचीत कर बताया कि नालियों की सफाई के लिए बड़े वाहनों का प्रवेश आवश्यक है, लेकिन अतिक्रमण के कारण जाम और सफाई में बाधा आ रही है। इसलिए नगर आयुक्त के आदेश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। बाघमारा विधायक, धनबाद सांसद और चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ हुई बैठक के बाद दुकानदारों को 8 दिसंबर तक का समय दिया गया है। इस दौरान जिन लोगों ने नालियों पर अवैध निर्माण किया है, वे स्वयं इसे हटा लें। 9 दिसंबर से निगम की टीम अतिक्रमण हटाने का काम शुरू करेगी। नगर निगम के अधिकारी 3 दिसंबर से सर्वे कर यह तय करेंगे कि किस दुकान ने कितना अतिक्रमण किया है। प्रत्येक दुकान का नाम, विवरण और अतिक्रमण का माप दर्ज किया जाएगा। इस सूची के आधार पर 9 दिसंबर को कार्रवाई की जाएगी।

## 4.76 करोड़ खर्च के बावजूद धनबाद का न्यू टाउन हॉल दो साल में ही जर्जर



संवाददाता

**धनबाद।** शहर का एकमात्र न्यू टाउन हॉल, जिसे 2019 में 4.76 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्निर्मित किया गया था, मात्र दो वर्षों में ही खराब हालत में पहुंच गया है। यह हॉल 1980 में जिला परिषद द्वारा बनवाया गया था और इसे 2019 में जीर्णोद्धार के लिए बंद कर दिया गया था। इसके पुनर्निर्माण के दौरान इसे आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया। यहां चार टन क्षमता वाले 34 एसी लगाए गए, मखमली फर्श बिछाई गई, साउंड प्रूफ दीवारें बनाई गईं, और 875 लोगों के बैठने के लिए पुश बैक चेयर की व्यवस्था की गई। इसके अलावा, आधुनिक शौचालय, ग्रीन रूम, रोलिंग पर्दे और सोफे जैसी सुविधाएं भी जोड़ी गईं।

हालांकि, वर्तमान में हॉल की स्थिति दयनीय हो चुकी है। यहां की 112 कुर्सियां टूट चुकी हैं और 34 एसी में से छह खराब हो चुके हैं। महिला और पुरुष शौचालयों में पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। हॉल के पिछले हिस्से में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे बदबू और असुविधा का माहौल बन गया है। मखमली फर्श और रोलिंग पर्दे जैसे सुधार अब कहीं नजर नहीं आते।

न्यू टाउन हॉल का किराया भी अत्यधिक है। यहां एक दिन के लिए कॉमर्शियल किराया 70,800 रुपये है, जिसमें 60,000 रुपये का बेस किराया और 18 प्रतिशत जीएसटी शामिल है। वहीं, सामान्य कार्यों के लिए किराया 59,000 रुपये है।

जिला परिषद के अभियंता संजय दास ने न्यू टाउन हॉल की स्थिति पर अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि मंगलवार को इसका निरीक्षण किया जाएगा। यदि हॉल के रखरखाव की आवश्यकता होगी, तो जल्द ही मरम्मत का कार्य शुरू किया जाएगा। शहर के इस प्रतिष्ठित हॉल की जर्जर स्थिति को लेकर स्थानीय निवासियों और उपयोगकर्ताओं में भारी निराशा है। लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद इस तरह की स्थिति प्रशासन की लापरवाही को दशार्ती है।

**कार्यक्रम** विकलांगता कोई अभिशाप नहीं : मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा का प्रेरणादायक आयोजन

# दिव्यांगों के प्रयासों को पहचानने व प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है

**दिव्यांगजन आज हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रहे हैं और कई बार सामान्य व्यक्तियों की तुलना में अधिक सक्षम साबित होते है**



संवाददाता

**धनबाद।** मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा ने अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन झरिया बीआरसी भवन में किया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों के बीच स्कूल बैग, वस्त्र, केक, टॉफी आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद मंच पर उपस्थित अतिथियों ने अपना स्थान ग्रहण किया। मंच के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हर साल 3 दिसंबर को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों के प्रति करुणा, आत्म-सम्मान और उनके जीवन को बेहतर बनाने के प्रयासों को बढ़ावा देना है। दिव्यांगजन आज हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रहे हैं और कई बार सामान्य व्यक्तियों की तुलना में अधिक सक्षम साबित होते हैं। हमें इस दिन उनके प्रयासों को पहचानने और प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि विकलांग दिवस पहली बार 1992 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित किया गया था और तब से यह समाज में समानता और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम ने दिव्यांग बच्चों को प्रेरित किया और उन्हें समाज में अपने अधिकारों और योगदान के प्रति जागरूक बनाया। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अमित अग्रवाल के साथ मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष असीम अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, सचिव राजेश अग्रवाल, सुमित खेतान, राहुल अग्रवाल, समाजसेवी विक्रमा यादव, निर्मल अग्रवाल, मनोज सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## डेको आउटसोर्सिंग कंपनी को लेकर रैयतों के दो पक्षों में तनाव



संवाददाता

**धनबाद।** कतरास थाना क्षेत्र के चेतुडीह कोलियरी में चल रही डेको आउटसोर्सिंग कंपनी को बंद करने और चालू रखने को लेकर लकड़का बस्ती के रैयतों के दो पक्षों में तीखी बहस हो गई। एक पक्ष ने नियोजन की मांग करते हुए कंपनी का संचालन बंद कराने की मांग की, जबकि दूसरा पक्ष कंपनी को चालू रखने की वकालत कर रहा था। स्थिति बिगड़ने पर कतरास पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची, जबकि पहले से ही सीआईएसएफ के जवान तैनात थे। इसके बाद चेतुडीह कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी इलियास अंसारी के कार्यालय में कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह की उपस्थिति में दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई। घंटों तक चली इस वार्ता में कोई समाधान नहीं निकल सका। दोनों पक्ष अपनी-अपनी मांगों पर अड़े रहे, जिससे स्थिति तनावपूर्ण बनी रही।

## सुभाषितम्

अज्ञानता और विचार हीनता मानवता के विनाश के दो सबसे बड़े कारण है। - जॉन टिलोटसन

# भारत की डैमोग्राफी को बचाने की जरूरत!



मनोज कुमार अग्रवाल

हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जनसंख्या बढ़ोतरी की दर में गिरावट (प्रजनन दर) पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि जब किसी समाज की जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे गिर जाती है, तो वह समाज धीरे-धीरे नष्ट हो जाता है। भागवत ने यह बयान एक कार्यक्रम के दौरान दिया, जिसमें उन्होंने जनसंख्या नीति को लेकर अपनी चिंता जाहिर की.भागवत ने कहा आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चली जाती है, तो वह समाज दुनिया से नष्ट हो जाता है। वह समाज तब भी नष्ट हो जाता है जब कोई संकट नहीं होता है। इस तरह से कई भाषाएं और समाज नष्ट हो गए हैं, जनसंख्या 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए, उन्होंने यह भी कहा कि 2.1 की जनसंख्या वृद्धि दर बनाए रखने के लिए समाज को दो से अधिक बच्चों की आवश्यकता है, इस तरह उन्होंने तीन बच्चों की जरूरत पर जोर दिया। जनसंख्या विज्ञान भी यही कहता है। संख्या महत्वपूर्ण है क्योंकि समाज का बने रहना जरूरी है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने देश के बहुमय समाज को उस कड़वे सत्य से परिचित कराने का प्रयास किया है जिस का हिन्दू समाज अपनी उदासीनता के कारण सामना नहीं करना चाहता। मोहन भागवत ने 2021 के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे रिपोर्ट को सम्मुख रख अपनी चिंता प्रकट की है। लेकिन धरातल का सत्य है कि 1901 से 2001 के जनसंख्या आंकड़ों पर ध्यान दें तो बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिलता है। इतिहास में जाए तो अफगानिस्तान तक भारत था और पहां हिन्दू राजाओं का ही राज था। 1947 मैं जनसंख्या में आए बदलाव के कारण ही भारत का विभाजन हुआ था।

आपको बता दें कि भारत की एकता व अखंडता तथा सनातन धर्म को बनाए रखना है तो हिन्दू परिवारों को 2 या 3 बच्चों को अवश्य जन्म देना होगा। विश्व पर नजर दौड़ाएं तो आप को संघ प्रमुख भागवत की चेतावनी व चिंता का कारण समझ आ जाएगा। विश्व के जिस क्षेत्र में ईसाईया मुस्लिम जनसंख्या बहुमत में आई है वहां की संस्कृति ही बदल गई वहां का मूल संस्कृति और इतिहास सब कुछ लुप्त हो गया। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जिस समस्या को लेकर चिंता प्रकट की है अतीत में उसी को पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने विभिन्न ढंग से कहा है मुसलमान भारत पर 'राजनीतिक श्रेष्ठता' स्थापित करने के विचार को लेकर चलते हैं। अतः यह न धार्मिक समस्या है और न सामाजिक, यह तो सीधी राजनीतिक समस्या है।

भारत में इस्लाम मौलवी या फकीरों के प्रचार के द्वारा नहीं आया, अपितु यह आक्रमणकारियों के द्वारा आया सूफी फकीरों ने एक सोची समझी साजिश के तहत धर्मभीरू अंधविश्वासी आमजन को कनवर्जन के लिए नरम रुख दिखाया ताकि जोर-जबरदस्ती के साथ ही लचीला रुख दर्शा कर भी हिन्दू समाज को इस्लाम में कन्वर्ट किया जा सके। हिन्दुस्तान में ये आक्रान्ता लोग अपने आपको देशका मालिक समझने लगे। जो व्यक्ति हिन्दुस्तान में कनवर्जन कर मुसलमान बना, वह भी अपने आपको आक्रान्ताओं से जोड़कर देखने लगा और यहां की प्रत्येक विरासत से घृणा करने लगा। बाबर भारत में आक्रान्ता बतौर आया। यहां का एक बड़ा वर्ग खुद को देश की मूल सांस्कृतिक व धार्मिक विरासत से अलग कर उस के प्रति नफरत करने लगा इसका परिणाम मुसलमान के अन्तः करण में आज तक है।

इस कारण यदि हम उसे कहें कि इस भूमि को भारत माता कह तो वह मानता नहीं। इसे माता न मानने के कारण ही पाकिस्तान बना। हमने कहा राम और कृष्ण अपने पूर्वज हैं, परन्तु वह इन्हें अपना पूर्वज न मानकर अलग से दूसरे पूर्वजों को मानता है। इसलिए यह कहना पड़ता है कि यहां का मुसलमान राष्ट्रीय नहीं। हिन्दुस्तान विरोधी जो-जो चीजें होंगी, वह उनको ही अपनाता है। हमने भारत को मां कहा, परन्तु वह इसे दारूल हरब कहता है। हम गाय की पूजा करते हैं, परन्तु वह उसको काटता है। भारत में वह बकरीद कहकर त्यौहार मानता है। बकर का अर्थ अरबी में गाय होता है अर्थात जो गाय हमारे लिए पूजनीय है, वह इस त्यौहार पर बलि दी जाती है। यह हमारी श्रद्धा के विरुद्ध है। आप को बता दें कि देश में लगातार बहुसंख्यक वर्ग की जनसंख्या दर में गिरावट और एक खास अल्पसंख्यक समुदाय की जनसंख्या वृद्धि दर में भारी बढ़ोतरी हो रही है। यह भारत की डैमोग्राफी के लिए खतरनाक हो सकता है। हाल ही में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत का कहना है कि जनसंख्या वृद्धि दर 2.1% से नीचे नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने ये बात भी कह दी कि इसके लिए जरूरी है कि 2 की बजाय 3 बच्चे पैदा करें। यह संख्या इसलिए जरूरी है, ताकि समाज जिंदा रहे। मोहन भागवत ने रविवार को नागपुर में कठाले कुल सम्मेलन में एक सभा में बोलते हुए कहा, कुटुंब समाज का हिस्सा है और हर परिवार एक इकाई है, हालांकि जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए सालों से 'बच्चे 2 ही अच्छे' का नारा सरकार की तरफ से लगाया जाता रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर एक आर्दश हिंदू परिवार को कि तने बच्चे पैदा करने चाहिए? जानिए सनातन धर्म में इसके बारे में क्या कहा गया है।

मोहन भागवत से पहले प्रसिद्ध कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर ने जबलपुर में एक कथा के दौरान कहा कि हिंदुओं को 5-5 बच्चे पैदा करने चाहिए। वहीं कुछ धर्म गुरु महिलाओं को कम से कम 4-4 बच्चे पैदा करने की बात कह चुके हैं। ज्योतिर्मठ शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने इस सवाल के जवाब में कहा हमारे यहां बहु पुत्रवति भव ये आशीर्वाद हमेशा से दिया जाता है। 'बहु' का मतलब होता है बहुवचन आपकी हिंदी में एक वचन और बहुवचन होते हैं। यानी 2 भी हो तो वो बहुवचन हो जाता है, लेकिन संस्कृति में एक वचन, द्विवचन और बहुचन होते हैं। यानी तीन होने पर ही उसे बहुचन कहा जाता है, इसका अर्थ है कि तीन तो होने ही चाहिए। बहु पुत्रवति में 'बहु' शब्द इसी बात को दर्शार्ता है। शंकराचार्य सोशल मीडिया पर डाले गए अपने इस वीडियो में आगे कहते हैं, हमारे यहां पहले नियोजन (प्लानिंग) नहीं किया जाता था, ये माना जाता था कि सहज में जब गर्भ धारण हो जाए तो संतान को जन्म लेने का अधिकार देना चाहिए। अब ऐसी परिस्थिति हो रही है कि गर्भधारण तो हो रहा है, लेकिन उसकी भ्रूण हत्या की जा रही है। शास्त्रों में भ्रूण हत्या को मनुष्य की हत्या के समान ही माना गया है। सबसे पहले तो सनातनी दंपत्ति को भ्रूण हत्या नहीं करनी चाहिए। वह आगे कहते हैं, अगर धार्मिक द्दिष्टकोण से देखें तो जितने भी पुत्र या पुत्रियां हों, वह सब स्वागत के योग्य होते हैं।

हालांकि, मोहन भागवत के इस बयान पर विपक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कहा कि मोहन भागवत पिछले कुछ समय से जब कुछ बोलते है तो वह बीजेपी को असहज कर देता है। पिछली बार भी जब मोहन भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद में मंदिर क्यों ढूंढना तब भी बीजेपी वाले जो केवल मंदिर मस्जिद की राजनीति करते हैं उनके पास कोई जवाब नहीं था.बीजेपी पूरे देश जनसंख्या को लेकर केवल राजनीति करने का काम कर रही है, सपा समझती है कि अब मोहन भागवत के बयान के बाद अब बीजेपी के पास जवाब नहीं होगा। सपा की विचारधारा भले आरएसएस से न मिलती हो लेकिन अगर कुछ उन्होंने सही कहा है तो सही को सही कहना गलत नहीं है। कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी मोहन भागवत के बयान पर सवाल उठाए। कांग्रेस ने मोहन भागवत से सवाल करते हुए कहा कि 'जो पहले से हैं उनको तो नौकरियां दिलवा दो, नौकरियां है नहीं, फसल की जमीन कम हो रही हैं।

मोहन भागवत चाहते हैं कि 2 से ज्यादा बच्चे हों। देश में वैसे ही बेरोजगारी है, जो आज युवा हैं उनको तौ नौकरियां मिल नहीं पा रही, फसल की जमीने कम होती जा रही है जबकि जनसंख्या बढ़ती जा रही है। चीन ने जहां आबादी कम कही है, तो वो आज महाशक्तिशाली बना है। मोहन भागवत चीन से सीख नहीं ले पा रहे और वो जनसंख्या के मामले में देश को शक्तिशाली बनाना चाहते हैं। मेरा तो उनको सुझाव है कि मोहन भागवत हैं, पीएम मोदी हैं, यूपी के सीएम योगी हैं तो सबसे पहले ये शुरूआत करें अगर इन्हे जनसंख्या की इतनी चिंता है तो, इनसे शुरूआत होनी चाहिए। महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के जनसंख्या बढ़ाने संबंधी बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

## 'एक हैं, तो सुरक्षित हैं' के मर्म को समझा हिंदू समाज ने


महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम पर सारे देश की निगाहें लगी हुई थीं। सारे देश को ही बेसब्री से इंतजार था कि क्या बीते लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के बाद भाजपा का प्रदर्शन किस तरह का रहता है। दरअसल इसी साल में मात्र पांच माह पूर्व संपन्न लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र के कई प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में आश्चर्यजनक विफलता के बाद, भाजपा के सामने बड़ी चुनौती यही थी कि वह राज्य में खोई हुई जमीन को किस तरह वापस हासिल कर ले। महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण भाजपा को लोकसभा चुनाव में कम से कम सात निर्वाचन क्षेत्रों में काफी नुकसान उठाना पड़ा था, जिसमें धुले और मुंबई उत्तर-पूर्व क्षेत्र भी शामिल हैं। इन दोनों जगहों में भाजपा का पहले से ही बहुत मजबूत आधार था। इन नतीजों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य न केवल इन खोई हुई जमीनों को वापस पाना था, बल्कि अपनी छवि को फिर से परिभाषित करना भी था। प्रधानमंत्री ने इस चुनाव में एक नया नारा पेश किया, एक हैं तो सुरक्षित हैं।

यह नारा विशेष रूप से हिंदू मतदाताओं को आकर्षित कर एकजुट करने के लिए बनाया गया था, जिसमें जातीय विभाजन के खिलाफ पूरे हिंदू समाज की एकता पर जोर दिया गया था। बेशक, इस नारे ने महायुति गठबंधन को तगड़ा लाभ पहुंचाया। मोदी जी का नारा सिर्फ हिंदू मतदाताओं को एक करना भर ही नहीं था। इसे पूरे समाज ने राष्ट्रीय एकता के साथ जोड़कर भी देखा। महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल हैं। इस आह्वान के परिणामस्वरूप हिन्दू वोटों का भाजपा और उसके सहयोगियों के पक्ष में मौन और अत्यंत ही प्रभावी एकीकरण हुआ। यह नारा विपक्ष द्वारा स्थापित कथानक का सीधा जवाब था। और, इसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक अन्य नारे 'बंटेंगे तो कटेंगे' से और भी शक्ति मिल गई। इन नारों का उद्देश्य उन क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं को आश्वस्त करना था, जहां उन्हें लगता था कि अल्पसंख्यक वोटों के एकीकरण के कारण उनका राजनीतिक प्रभाव कम हो रहा है।मोदी और योगी के नारों से इसलिए भी हिंदू मतदाता जुड़े, क्योंकि कई मुस्लिम मौलवी लगातार यह अपील कर रहे थे कि मुस्लिम महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवारों को ही वोट दे। इस्लामी प्रचारक मौलवी सज्जाद नोमानी विधानसभा चुनाव से पहले लगातार यह फतवे दे रहे थे कि मुसलमानों को तो भाजपा के खिलाफ ही वोट देना है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सज्जाद नोमानी का एक वीडियो वायरल हुआ था। उसमें वह मुस्लिम समुदाय से कांग्रेस-सेना (उद्धव)-एनसीपी (शरद पवार) गठबंधन को ही वोट देने की अपील करते हुए दिखाई दिए थे। सज्जाद नोमानी ने भाजपा का समर्थन करने वाले मुसलमानों के बहिष्कार का फतवा भी जारी किया था। नोमानी और उनके जैसे कुछ मजहबी और सियासी नेताओं की अपीलों और हरकतों के चलते ही उदारवादी हिंदू मतदाता भी लामबंद हुआ। पत्रकारिता छोड़कर सियासत में आए औरंगाबाद के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील की पिछले महीने मुंबई में निकाली रैली ने भी हिंदुओं को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था। वे सैकड़ों कारों और दूसरे वाहनों के साथ मुंबई में आ गए थे। जलील को विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व सीट पर भाजपा के अतुल सावे ने शिकस्त दी। दरअसल राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल और महाराष्ट्र और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य सज्जाद नोमानी सरकारी नौकरियों में मुसलमानों के लिए कोटा की जोरदार तरीके से मांग कर रहे थे। इस कारण भी मोदी और योगी के नारों ने हिंदू मतदाताओं को बहुत सोचने के लिए मजबूर किया।

महाराष्ट्र में जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ा, भाजपा की रणनीति विभाजन के कथित खतरों के खिलाफ सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने की कहानी में विकसित हुई। मोदी सहित महायुति के नेताओं ने रैलियों और बैठकों की एक श्रृंखला में भाग लिया, जिसमें एक साथ खड़े होने के महत्व पर जोर दिया गया। कहानी स्पष्ट थी-भाजपा के तहत एकता हिंदू समुदाय और विस्तार से राष्ट्र के लिए सुरक्षा और प्रगति का मार्ग है। मोदी और योगी के नारों को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपने वार्षिक दशहरा संबोधन में समर्थन दिया। उन्होंने हिंदू एकता का आह्वान किया और बांग्लादेश में समुदाय पर हमलों से सबक लेने का आग्रह किया। वरिष्ठ संघ पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबोले ने भी हिंदू एकता के आह्वान को बढ़ाते हुए 'बटेंगे तो कटेंगे' नारे का इस्तेमाल किया।आपको याद होगा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'बंटेंगे तो कटेंगे' के नारे ने हरियाणा चुनाव में भी अपना असर दिखाया था। मुंबई और ठाणे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो के साथ 'बंटेंगे तो कटेंगे' के संदेश वाले होर्डिंग्स देखे गए थे। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या योगी और उनका नारा हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में भी सफल हो पाएगा।

## हिंदुओं की सुरक्षा के लिए आगे आने की जरूरत



विजय केसरी
स्तंभकार

भारत सरकार को बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक हिंदूओं की सुरक्षा के लिए आगे आने की जरूरत है। बांग्लादेश में नई सरकार गठन हो जाने के बावजूद बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक हिंदू, बौद्ध ,जैन और ईसाई धर्मावलंबियों पर रोजाना जानलेवा हमले हो रहे हैं। अल्पसंख्यक लोगो के घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को आग के हवाले कर दिया जा रहा है। वहां रह रहे अल्पसंख्यक परिवारों की महिलाओं और बच्चियों की दिनदहाड़े अस्मत लूटी जा रही है । वहां की सरकार और पुलिस यह सब खुले रूप से होने दे रही है। बहुसंख्यक बांग्लादेशी खुले रूप से नंगा नाच कर रहे हैं। उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई भी नहीं हो रही है। इससे उपद्रवियों का मन और बढ़ता चला जा रहा है। आखिर ऐसे में बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक आगे अपना जीवन बसर कर सकेंगे? यह एक अहम सवाल है। वहां रह रहे अल्पसंख्यक लोगों ने भी बांग्लादेश निर्माण में अपनी महती योगदान दिया था। तब फिर अल्पसंख्यकों के खिलाफ यह उपद्रव क्यों बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यकों के खिलाफ यह उपद्रव इसलिए हो रहा है कि ये गैर इस्लामिक हैं। अब सवाल यह उठता है कि क्या गैर इस्लामिक लोगों को बांग्लादेश में रहने का कोई अधिकार नहीं है? इतिहास बताता है कि बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक बांग्लादेश अलग देश निर्माण के पूर्व से ही वहां रहते चले आ रहे हैं। बांग्लादेश ही उनकी वास्तविक जन्मभूमि है। तब फिर इस्लाम धर्म के मानने वाले अनुयाई वहां रह रहे हिंदुओं पर इतना जुल्म क्यों ढा रहे हैं? बांग्लादेश में इस्लाम धर्म के मानने वालों को अपने देश में रहने का जितना हक है, उतना ही वहां रह रहे अल्पसंख्यकों को भी है।

सर्वविदित है कि 1947 में भारत की आजादी से पूर्व बांग्लादेश अखंड भारत का ही एक हिस्सा था। देश की आजादी के बाद भारत दो टुकड़ों में बट गया था। तब 14 अगस्त 1947 को पाकिस्तान एक नए देश के रूप में विश्व मानचित्र पर उभर कर सामने आया था। तब से पाकिस्तान में रह रहे हिंदुओं को इस्लाम कबूल करवाने के लिए साजिशें रची जा रही हैं। देश की आजादी के समय पाकिस्तान से लाखों की संख्या में हिंदू परिवार भारत आ गए थे। लेकिन लाखों की संख्या में हिंदू परिवारों ने पाकिस्तान को ही अपना वतन समझा। वे वहीं रहना पसंद किए। तब से लेकर आज तक वहां रह रहे हिंदू बिरादरी के लोगों को एक अलग नजरिए से देखा जाता आ रहा है। देश की आजादी के समय पश्चिमी और पूर्वी पाकिस्तान में हजारों की संख्या में मंदिर थे। जिसे एक योजना के तहत जमीनदोज कर दिया गया। आज भी यह क्रम रुका नहीं बल्कि जारी है। अब सवाल यह उठता है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए आवाज कौन बुलंद करेगा?

1947 से ही पाकिस्तान में रह रहे हिंदुओं के साथ जुल्म होता चला आ रहा है। जुल्म पाकिस्तान में रह रहे इस्लामिक लोग ही कर रहे हैं। वहां रह रहे लाखों की संख्या में हिंदूओं को इस्लाम धर्म कबूल करने के लिए विवश होना पड़ा। हर साल पाकिस्तान से सैकड़ों की संख्या में हिंदू परिवार जान बचाकर किसी तरह भारत आज ही जाते हैं। इन हिंदू परिवारों ने जो स्थिति पाकिस्तान की बताई हैं, सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। 1947 में पाकिस्तान में हिंदुओं की कुल आबादी में 17 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। आज पाकिस्तान में हिंदुओं की कुल आबादी में मात्र एक प्रतिशत रह गई है। पाकिस्तान में बीते 77 वर्षों में हिंदू अल्पसंख्यकों की घटी आबादी यह बताती है कि उन सबों पर कितना जुल्म हुआ होगा। विश्व के लगभग सभी देश यह जानते हैं कि पाकिस्तान और बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं पर कितने जुल्म उठाए जा रहे हैं। इन दोनों देशों के हिंदू मंदिरों को एक के बाद एक एक ध्वस्त किए जा रहे हैं। इसके बावजूद कोई देश पाकिस्तान और बांग्लादेश के इस कुकृत्य पर आवाज नहीं उठा रहे हैं ।यह विश्व समाज के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। विश्व मानवाधिकार संगठन भी इस मुद्दे पर कितने वर्षों से मौन क्यों हैं? वहीं जाने। इस मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र संघ भी मौन क्यों है? यह समझ से परे है। अब फिर वही सवाल उठता है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए आवाज कौन बुलंद करेगा?

1971 में पाकिस्तान से टूट कर बांग्लादेश के रूप में एक अलग देश का निर्माण हुआ था। बांग्लादेश के निर्माण में भारत की अहम भूमिका रही थी। एक कूटनीति के तहत पड़ोसी देश पाकिस्तान को कमजोर और सबक सिखाने के लिए बांग्लादेश का निर्माण हुआ था। बांग्लादेश के निर्माण को भारत के लिए एक कूटनीतिक जीत कहा गया था। तब उम्मीद की गई थी कि नवनिर्मित बांग्लादेश में बहुसंख्यक इस्लामी लोगों के साथ वहां के मूल हिंदू, जैन, बौद्ध, ईसाई और अन्य धर्मावलंबी मिलजुलकर रहेंगे। लेकिन यह सोच गलत साबित हो गई। 1971 में बांग्लादेश निर्माण के समय वहां की कुल आबादी में लगभग 18 प्रतिशत हिंदुओं की हिस्सेदारी थी। आज बंगलादेश में कुल आबादी में हिंदुओं की 5 से 6 प्रतिशत के बीच की हिस्सेदारी रह गई है। पांचजन्य के पूर्व संपादक तरुण विजय ने 20 वर्ष पूर्व बांग्लादेश की यात्रा कर एक रिपोर्ट अपने पत्र में प्रकाशित किया था। उस रिपोर्ट में उन्होंने वहां रह रहे हिंदुओं की व्यथा कथा को उसी रूप में प्रस्तुत किया था। वहां रह रहे हिंदू बांग्लादेशियों के को दुर्गा पूजा मनाने के लिए कितनी शिद्दतें करनी पड़ रही है। उसे रिपोर्ट में उन्होंने भारत सरकार से बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा की भी बात कही थी। वरिष्ठ पत्रकार तरुण विजय का यह प्रकाशित रिपोर्ट भी अन्य रिपोर्ट की ही तरह रह गई। तत्कालीन भारत सरकार ने इस ओर किसी भी तरह का कोई ध्यान नहीं दिया। आज इसका परिणाम यह है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान से गैर इस्लामिक वजूद को ही समाप्त कर दिया जा रहा है।

चूंकि पाकिस्तान और बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक एक समय अखंड भारत के ही नागरिक थे। समय और परिस्थितियों के कारण अखंड भारत तीन देशों में विभक्त हो गया था। अखंड भारत का मूल धड़ा भारत आज भी अपनी पारंपरिक नीतियों पर चलकर विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाने में सफल हुआ है। भारत में बहुसंख्यक हिंदू आबादी के साथ यहां रह रहे अल्पसंख्यक भी उसी रूप में आगे बढ़ते चले जा रहे हैं। इसलिए भारत की सरकार का अखंड भारत का मुख्य धड़ा होने के कारण यह फर्ज बनता है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश में रह रहें अल्पसंख्यकों की सुध लें।

# लहरों के पहरेदार, पराक्रम अपार



योगेश कुमार गोयल

(भारतीय नौसेना दिवस/04 दिसंबर/ विशेष)

प्रतिवर्ष 04 दिसंबर को भारतीय नौसेना के वीरों को याद करते हुए भारतीय नौसेना दिवस मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 03 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान की सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तान की नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर ऑपरेशन ट्राइडेंट चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे। भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तान की नौसेना की कमर टूट गई। भारतीय नौसेना



द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 04 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई। नौसेना दिवस हर साल एक खास थीम के साथ मनाया जाता है और 2024 के नौसेना दिवस का विषय है ह्यनवाचार और स्वदेशीकरण के माध्यम से शक्ति और शक्ति। नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरूआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रूप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है।

भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है 'शं नो वरुणः' अर्थात जल के देवता वरुण हमारे लिए मंगलकारी रहें। भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए 'ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन' के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम 'ईस्ट इंडिया मरीन' से बदलकर 'बॉम्बे मरीन' कर दिया गया, जिसने मराठा, सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था।

वर्ष 1892 में इसका नाम 'रॉयल इंडियन नेवी' रखा गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1950 में नौसेना का गठन फिर से किया गया और 26 जनवरी 1950 को भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के बाद इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी से बदलकर इंडियन नेवी (भारतीय नौसेना) कर दिया गया। भारतीय नौसेना वर्तमान में विशालकाय और एडवांस फीचर से लैस अपने युद्धक पोतों, सबमरीन्स इत्यादि के बलबूते दुनियाभर में चौथे स्थान पर है। मौजूदा समय में भारतीय नौसेना की ताकत पर नजर डालें तो भारतीय नौसेना के बेड़े में दो विशाल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत के अलावा अनेक अत्याधुनिक एयरक्राफ्ट, वॉरफेयर शिप, सबबमरीन तथा अन्य सैन्य साजो-सामान हैं, जो इसे दुनिया में चौथी सबसे मजबूत नौसेना बनाते हैं। बहरहाल, यह गर्व की बात है कि हिंद महासागर में ड्रैगन के कब्जे की रणनीति को नाकाम करने के लिए भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए लगातार विध्वंसक युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण में लगा है।

इसी कड़ी में आईएनस कलवरी, खंडेरी और आईएनएस करंज के बाद स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस वेला को नौसेना में शामिल किया जा चुका है, जो अत्याधुनिक मशीनरी और टेक्नोलॉजी के साथ-साथ घातक हथियारों से भी लैस है। इस सबमरीन को साइलेंट किलर कहा जाता है, जो दुश्मन को उसकी मौत की भनक तक नहीं लगने देती। कुल मिलाकर, भारतीय नौसेना की ताकत दिनों-दिन बढ़ रही है और वर्तमान में इसकी ताकत के आगे पाकिस्तान की नौसैना कहीं नहीं ठहरती तथा चीन की चुनौतियों का भी हमारी नौसेना डटकर मुकाबला कर रही है।

## आज का राशिफल

**मेष** : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृष** : कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**मिथुन** : स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**कर्क** : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। परिश्रम का लाभ मिलेगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा।

**सिंह** : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**कन्या** : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला** : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी।

**धनु** : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मकर** : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**कुंभ** : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

**मीन** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### टीएसपीसी और जेपीसी के नाम पर लेवी व रंगदारी मांगने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हेरहंज पुलिस ने हेरहंज और पांकी थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित इचाक के जंगल से दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक लोडेड देसी पिस्तौल, एक देसी राइफल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में परमेंद्र राम उर्फ गुड्डु राम उर्फ गुड्डु भुइयां पिता कामेश्वर भुइयां (केरकी, पांकी, पलामू) और कमलेश यादव पिता भागेश्वर यादव (सेरनदाग, हेरहंज, लातेहार) शामिल हैं। सोमवार को प्रेस वार्ता में बालूमाथ एसडीपीओ बिनोद रवानी ने बताया कि लातेहार जिला पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि हेरहंज और पांकी थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित इचाक के जंगल में संगठित अपराधी जुटे हुए हैं और क्षेत्र में रंगदारी और लेवी वसूलने की योजना बना रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर एक पुलिस टीम गठित कर अपराधियों के विरुद्ध छापेमारी की गयी। इस दौरान दो अपराधियों परमेंद्र राम और कमलेश यादव को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से एक लोडेड देसी पिस्तौल, एक देसी राइफल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि अन्य संगठित अपराधियों के खिलाफ छापेमारी की जा रही है।

### राजद ने हरिहरगंज में निकाली विजय जुलूस

**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज -हुसैनाबाद के नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह यादव की जीत पर मंगलवार को विजय जुलूस निकाली गई। दुबटिया मोड़ से शुरू हुई गाजे बाजे के साथ जुलूस का काफिला एनएच 98 के रास्ते ढाब, सेमरवार, कौवा खोह,भगत तेंदुआ, बेलौदर, अररूआ खुर्द, सतगावां, बंजारी सहित शहर में भ्रमण कर विधायक ने आम लोगों का आभार जताया। जुलूस के दौरान विधायक का लोगों ने भी स्वागत किया। इस दौरान कार्यकताओं व समर्थकों ने जमकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाए और आतिशबाजी की । मौके पर विधायक ने कहा कि उनकी जीत क्षेत्र की जनता की जीत है। झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बन चुकी है। प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। विजय जुलूस में राजद नेता रवि कुमार यादव, अशोक यादव, विनय यादव, बुधन सिंह यादव, महादेव यादव सहित बड़ी संख्या में इंडि गठबंधन के कार्यकर्ता व समर्थक शामिल थे।

### सामूहिक शादी को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित

**गढ़वा।** आगामी 1 मार्च 2025 को कन्या विवाह एवं विकास सोसाइटी द्वारा आयोजित 251 बहनों की सामूहिक शादी को सफल बनाने के लिए केतार प्रखंड के परसोडीह पंचायत भवन में जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने महामाया मंदिर में पूजा-अर्चना कर की। इसके बाद सैकड़ों ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान बाल विवाह, भ्रूण हत्या, और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, छठ घाट पर आयोजित सामूहिक विवाह के लिए जरूरतमंद कन्याओं के जल्द निबंधन की अपील की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश समन्वयक अजय वर्मा, आकाश दीप भारती, महजबीन खान, पूर्व मुखिया अनिल पासवान,नागेंद्र सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### अज्ञात अपराधियों ने की युवक की हत्या

**गढ़वा।** बंशीधर नगर शहर के गोसाईबाग में अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी। मृत युवक की पहचान गढ़वा के सोनपुरा निवासी सुरेश राम पासवान के पुत्र सत्येन्द्र कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने मृत युवक के कमर से देशी कट्टा को बरा मद किया है। साथ ही घटनास्थल से बाईक व आठ खोखा बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी शुरू कर दी है। दिनदहाड़े ताबड़तोड़ आठ गोलियों की आवाज से शहर दहल उठा। घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार गोसाईबाग में एक बाईक से दो लोग पहुंचे थे। एक बाईक पर सवार दो लोग लाईन होटल के समीप बाईक रोक कर एक बाईक में हवा लेने लगे तथा दूसरा गुटखा लेने के लिये गुमटी पर गया था। इसी बीच दूसरे बाईक पर भी दो अपराधी लाईन होटल के पास पहुंचे तथा बाईक खड़ा कर गुटखा लेने गये सत्येन्द्र कुमार को लक्ष्य साधते हुये गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी।

### एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**लातेहार।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 39 पर दोमुहान पुल के समीप ओरंगा नदी में सोमवार को मनिका पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव नदी में बालू से ढका था। जानकारी के अनुसार शनिवार को ग्रामीणों ने दोमुहान पुल के समीप नदी में बालू से ढका एक शव देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मनिका पुलिस को दी। नदी में शव होने की सूचना मिलते ही मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार अपने दल-बल के साथ दोमुहान नदी पहुंचे और बालू से ढके शव को बाहर निकालकर अपने कब्जे में ले लिया।

## उपायुक्त ने तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

# संचालित योजनाओं को तय समय पर पूरा करने को लेकर किया निर्देशित

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में तकनीकी विभाग के पदाधिकारियों संग बैठक कर विभागवार चल रही योजनाओं की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के प्रति नाराजगी जतायी। उन्होंने बारी-बारी से विद्युत विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, भवन निर्माण,जल पथ प्रमंडल विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का समीक्षा कर कई निर्देश दिये।

**पेयजल द्वारा संचालित योजनाओं को तय समय में पूरा करने का निर्देश**

बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान इलेक्ट्रिकल सब स्टेशन व वितरण की जानकारी ली साथ ही बिजली बिल माफी का स्टेटस से भी अवगत हुई। उन्होंने कार्यपालक अभियंता से ससमय जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने की बात कही। इसी तरह उन्होंने पेयजल विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को तय समय पर पूरा करने को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने नया शौचालय निर्माण की प्रगति की भी जानकारी ली। इसी तरह उन्होंने भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए लाइब्रेरी निर्माण से भी अवगत हुए।

### अगली बैठक में प्रतिवेदन के साथ शामिल होने का निर्देश

समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों के तरफ से भूमि उपलब्धता से जुड़ी अड़चनों को लेकर कार्य प्रारंभ नहीं होने का मामला उठाया गया,इसपर उपायुक्त श्री रंजन ने ऐसे सभी अभियंताओं से कहा कि जमीन से जुड़ी समस्या को लेकर पूरी रिपोर्ट के साथ 5 दिसंबर को सभागार में होने वाली बैठक में शामिल होना सुनिश्चित करें ताकि संबंधित सीओ साथ बैठक कर जमीन से जुड़ी समस्या को समाप्त कर कार्य प्रारंभ किया जा सके।

### जेसीबी क्रय करने की योजना

समीक्षा बैठक में कई स्थानों पर कंडम बिल्डिंग रहने का मामला भी प्रकाश में आया। इसपर डीसी ने सभी से कहा कि ऐसे सभी कंडम बिल्डिंग का सूची बनाकर उप विकास आयुक्त को सौंपे जिसके पश्चात डीआरडीए निदेशक की अध्यक्षता में एक टीम गठित कर ऐसे सभी कंडम बिल्डिंग पर उचित निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने उप विकास आयुक्त को जिला परिषद से जेसीबी क्रय करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिला परिषद इतना बड़ा विंग है,जहां जेसीबी की जरूरी महसूस हो रही है।उन्होंने कहा कि कंडम बिल्डिंग को तोड़ने में जेसीबी को उपयोगिता में लाया जाये। उन्होंने कहा कि इस जेसीबी को आमजनों हेतु किराया पर देने का योजना भी बनाया जाये ताकि प्राप्त किराये से ही जेसीबी के ऑपरेटरों पर आने वाले खर्च को वहन किया जा सके। मौके पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद समेत विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सूलतानी बस स्टैंड के समीप एनएच 98 पर हाइवा ट्रेलर के धक्के से साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सोमवार की देर शाम की है। मृतक की पहचान पिपरा थाना क्षेत्र के सोनवे गांव निवासी 60 वर्षीय भगवान साव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवान साव साइकिल से घूमकर सब्जी बेचने का काम करते थे। घटना के समय वे सब्जी बेचकर अपने घर की ओर लौट रहे थे। तभी छतरपुर से औरंगाबाद की ओर तेज रफ्तार से जा रहे लोहा लोड ट्रेलर के चपेट में आ गये। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मुख्य मार्ग को जाम कर दिया है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा- बुझाकर जाम हटाने के प्रयास में जुटी है। घटना की पुष्टि करते हुए पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि ट्रेलर को जब्त कर लिया गया है।

## वैकल्पिक शक्ति के रूप में स्काउट गाइड को विकसित करें: अविनाश

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला भारत स्काउट और गाइड भवन में तृतीय सोपान के प्रशिक्षण समापन समारोह के बतौर मुख्यातिथि शिरकत किया। डी ओ सी आमोद कुमार गले में स्कार्प लगा कर स्वागत किए। कैंप फायर मशाल जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत किए। पलामू जिले के सभी विद्यालय से छात्र-छात्राओं को तृतीय सोपान में शामिल कर प्रशिक्षण दिया गया। कड़ाके की सर्दी में भी सभी छात्र छात्राएं बड़े ही उत्साह में दिखे और अनुशासित नजर आए। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बेटियां एक से बढ़ कर एक गीत नृत्य पेश की जो सबों को मन मोह लिया। मैं अपने संबोधन में कहा भारत स्काउट और गाइड के बच्चों में सैन्य शक्ति का जिन हिलोरें मार रहा है वक्त पड़ा तो जिंदगी बचाने में एक-एक कण कुर्बान होगा। भारत बासठ पैंसठ और इकहत्तर का जंग झेल चुका है, खुदा न खासते दुबारा यह नौबत आया तो स्काउट गाइड के बच्चे दुश्मनों के नाकों चने चबवा देंगे। देश के अंदर कोई प्राकृतिक विभीषिका होता है तो उससे बखूबी निबटने के लिए स्काउट गाइड के बच्चे काफी है। झारखंड सरकार व जिला प्रशासन से गुजारिश होगा स्काउट गाइड को अलग से बजट के प्रावधान कर वैकल्पिक शक्ति के रूप में स्काउट गाइड को विकसित करें। स्काउट गाइड के नाम दो एकड़ सरसठ डिसमिल पड़े जमीन पर आधारभूत संरचना तैयार कर बच्चों के हित में काम करने की कृपा करें। जब हर एक बचा युद्धकला कौशल संस्कार अनुशासन से भरा होगा तो निश्चित ही हमारा भारत विकसित होगा।

बच्चों को आगे बताया परिस्थिति चाहे जो कुछ हो कलम की ताकत हासिल करने के लिए विकट हाल आगे बढ़ना है। दो बेटियों के जन्मदिन था केक काट कर स्वस्थ सुंदर शिक्षित एवं लंबी उम्र की कामनाओं सहित ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इससे जुड़े तमाम पदाधिकारियों को कार्यक्रम कराते रहने की सलाह है हम इस सवाल पर आपके साथ हैं। बच्चों संस्था पदाधिकारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल

**गढ़वा।** भवनाथपुर केतार मुख्य पथ पर आशना बांध के समीप एक हादसे में केतार खेरवा गांव निवासी हरि सोनी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी बाइक सड़क पर अचानक आ गई एक बकरी से टकरा गई, जिससे वे गिरकर गंभीर चोटिल हो गए।घायल अवस्था में स्वजनों ने उन्हें भवनाथपुर के सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) में भर्ती कराया। वहां चिकित्सक एस. कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया।बताया गया कि हरि सोनी भवनाथपुर के कपूरी चौक के पास किराए के मकान में रहते हैं और फेरी का काम करते हैं। मंगलवार को वे अपनी बाइक से अपने गांव खेरवा जा रहे थे, तभी आशना बांध के पास यह हादसा हो गया।इस घटना से स्थानीय लोगों में चिंता की लहर है और सड़क पर आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या को लेकर नाराजगी भी जताई जा रही है।

## अधिवक्ताओं का समाज के प्रति है बड़ा दायित्व: रूचिर



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अधिवक्ता दिवस एवं भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के जयंती के अवसर पर पलामू जिला बार एसोसिएशन में वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्यपत सिंह, रूचिर कुमार तिवारी, संजय अकेला, आलोक तिवारी, अभय कुमार, सोहैल अख्तर, चंद्रशेखर तिवारी, मृत्युंजय तिवारी रविंद्र पासवान, रामजीत पासवान, रंजीत कुमार सिंह ने विचार गोष्ठी किया। मौके पर सीनियर अधिवक्ता रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि आज का दिन देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के जयंती के रूप में मनाया जाता है वही अधिवक्ताओं के समाज में महत्वपूर्ण भागीदारी के लिए अधिवक्ता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है अधिवक्ता इस समाज में कानून के साथ-साथ सामाजिक, राजनीतिक सारे गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले व्यक्ति माने जाते हैं ऐसे में अधिवक्ताओं को भी चाहिए कि वह आम लोगों के प्रति अपने कर्तव्य एवं दायित्वों को समझें अपने मुवक्किलो किलो के प्रति उदार भाव रखें कानून के प्रति लोगों को जागरूक करें एवं कमजोर मध्यम क्लास गरीब वर्ग के हितों के रक्षा के लिए कानून सम्मत काम करनी चाहिए ताकि समाज में सामंजस्य की स्थिति बन रहे और लोगों का कानून पर विश्वास भी बना रहे कानून क्या महत्वपूर्ण कड़ी अधिवक्ता समाज ही होता है।

## रिया ने बीपीएससी परीक्षा में 22 वां रैंक लाकर अपने माता-पिता का बढ़ाया सम्मान

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर के रेड़मा रांची रोड निवासी योगेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी की पुत्री रिया बर्मा ऊर्फ जूही कुमारी ने बीपीएससी परीक्षा में 22 वां रैंक लाकर अपने माता पिता परिवार का मान सम्मान बढ़ाया है। रिया वर्मा ने बिहार से बीपीएससी में 22 वॉ रैंक हासिल की है। बीपीएससी के परिणाम आने के बाद से रिया के घर पर खुशी का माहौल है। परिवार, रिश्तेदार और आस पड़ोस के लोग रिया को बधाई दे रहे हैं।

रिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार के सभी लोगों को दिया है। रिया ने बताया कि पिता योगेंद्र प्रसाद और भाई अमित कुमार की प्रेरणा से उन्हें यह मुकाम हासिल हुआ है। इनके अलावा मुझे पूरे परिवार का सहयोग मिला है। रिया ने बताया कि पढ़ाई के शुरूआती दौर में ही उसने अपना लक्ष्य निर्धारित कर लिया था की आगे चल कर कुछ मुकाम हासिल करना है। रिया ने लोगो को संदेश दिया की बेटियों की शिक्षा और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। क्योंकि आज भी कई जगहों पर बेटों और बेटियों में फर्क करने के मामले आते हैं।

जबकि पढ़ाई का अच्छा माहौल, सहयोग तथा प्रेरणा मिलने पर बेटियों ने खुद को साबित किया हैं। रिया के भाई अमित कुमार ने बताया कि मेरी बहन रिया बीपीएससी में 22 वॉ रैंक प्राप्त कर माता पिता एवं गुरु के नाम के साथ पलामू जिला का नाम रोशन की है।

## सीडब्ल्यूसी पर होगी कार्रवाई, संविदा को किया गया रद्द, एसडीएम ने सौंपी जांच रिपोर्ट

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू बिहार के मुजफ्फरपुर बालिका गृह कांड की तरह पलामू बालिका गृह कांड में धीरे धीरे कई खुलासे हो रहे हैं। बालिका गृह यौन शोषण कांड में सीडब्ल्यूसी को बर्खास्त किया जाएगा एवं प्रोटेक्शन ऑफिसर इंस्टीट्यूटनल केयर के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। बालिका गृह यौन शोषण कांड में सदर एसडीएम सुलोचना मीना के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम का भी गठन किया गया है। बता दें कि इस जांच टीम में सदर एसडीएम के अलावा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान एवं सदर अंचल पदाधिकारी अमरदीप बल्होत्रा शामिल हैं। जांच टीम ने बालिका गृहकांड को लेकर सोमवार की देर शाम पलामू डीसी शशि रंजन को रिपोर्ट सौंपी है।

### फोन की होगी फॉरेंसिक जांच

बालिका गृह यौन शोषण मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस भी मामले में तेजी से जांच कर रही है। मेदिनीनगर टाउन महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला मुकदमे का अनुसंधान कर रही हैं। पुलिस ने आरोपी सुपरिंटेंडेंट एवं काउंसलर का मोबाइल जब्त किया है। दोनों मोबाइल को फॉरेंसिक जांच के लिए पुलिस लैब में भेजेगी। दोनों मोबाइल से कौन-कौन लोगों से बात की गई है और किन्हें फोटो वीडियो भेजा गया है, इस बात की भी पुलिस जानकारी इकट्ठा कर रही है। टाउन महिला थाना प्रभारी रुपए बाखला ने बताया कि दोनों मोबाइल की फॉरेंसिक जांच की जाएगी। पलामू बालिका गृह में लड़कियों के साथ यौन शोषण की घटना निकलकर सामने आई, जिसके बाद लड़कियों को बालिका गृह से सखी वन स्टेप सेंटर में शिफ्ट कर दिया गया था।

जांच रिपोर्ट के बाद डीसी शशि रंजन ने सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है। पलामू डीसी शशि रंजन ने बताया कि पूरे मामले में सीडब्ल्यूसी के सदस्यों को बर्खास्त करने के लिए विभाग को लिखा गया है, वहीं डीआईओसी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अन्य तरह की भी कार्रवाई जारी है। संबंधित संस्था के संविदा को भी रद्द कर दिया गया है।

### बारात से लौट रही कार पेड़ से टकराई

गढ़वा। मझिआंव बरडीहा थाना क्षेत्र के सलगा लंगोटिया बाबा देव स्थल के समीप मंगलवार सुबह एक बारात से लौट रही कार पेड़ से टकरा गई। यह घटना कांडी थाना क्षेत्र के बहेरवा गांव से लौटने के दौरान हुई। कार (नंबर JH03AM-6664) का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन उसमें सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। ग्रामीणों की मदद से सवारों को कार से बाहर निकाला गया और तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। हादसे के स्थान पर 11,000 वोल्ट का बिजली तार मौजूद था, जिसे विद्युत विभाग ने तुरंत लाइन काटकर सुरक्षित किया। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कार पेड़ से टकराने के दौरान एयरबैग खुल गए, जिससे सवारों को केवल मामूली चोटें आईं। कार पलामू जिले की बताई जा रही है। समाचार लिखे जाने तक क्षतिग्रस्त कार घटनास्थल पर ही पड़ी हुई थी। इस घटना से लोगों में सतर्कता की भावना बढ़ी है, साथ ही सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार पर नियंत्रण को लेकर चर्चा भी हो रही है।

## कौशिक रंजन हत्याकांड की सीबीआई जांच कराए हेमन्त सरकार : झारखण्ड क्रांति मंच

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने मेदिनीनगर के कचहरी प्रांगण स्थित मंच के जिलाध्यक्ष विजय राम के सीट पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से राज्य विधानसभा चुनाव से पूर्व 7 अक्टूबर 2024 को पाटन थाना क्षेत्र के गहर पथरा ग्राम में पाटन थाना प्रभारी लालजी की मिलीभगत से दलित समाज के होनहार युवक कौशिक रंजन की षड्यंत्रपूर्वक हत्या की सीबीआई जांच की अनुसंशा कर हत्याकांड का पदार्फाश करते हुए हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग किया है।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा है कि काफी मेहनत मजदूरी कर मुफलिसी में अपने बेटे को शिक्षा दिलाने में सबकुछ न्योछावर करने वाले उसके पिता भरदुल राम व माता सुषमा देवी बेटे को न्याय दिलाने के लिए अपने परिजनों के साथ आज पलामू एसपी से मिलने चौथी बार आए थे,जिन्हें आज भी निराशा मिली है। प्रेस को सम्बोधित करते हुए झारखण्ड क्रांति मंच के अध्यक्ष ने पलामू में दलित-शोषितों के हत्या,दमन व दलित महिलाओं की पुलिस पीटाई के लिए विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका में बैठे सामंती, मनुवादी व पूंजिवादी तत्वों के गठजोड़ को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि इनके नापाक साजिशों की वजह से एससी एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धाराएं निष्प्रभावी हो चुकी है।

## कोर्ट में लंबित अधिक से अधिक मामले निपटाने के प्रयास हैं : पीडीजे

● पारिवारिक विवाद का समाधान लोक अदालत में अधिक से अधिक हो इसके लिए मेडिएशन को ले स्पेशल ड्राइव 09 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक चलाया जाएगा

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत में 40 हजार से अधिक मामले निपटाने का लक्ष्य हैं। इसमें कोर्ट में लंबित 3500 व प्रि लिटिगेशन के 37 हजार मामले है। उक्त जानकारी पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष नीरज कुमार श्रीवास्तव दी। वे मंगलवार को अपने चेम्बर मे पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 14 दिसम्बर शनिवार को 10:30 बजे से कोर्ट कार्य अवधि तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कोर्ट में लंबित अधिक से अधिक मामले निपटाने के प्रयास हैं। उन्होंने बताया कि परिवारिक विवाद का समाधान लोक अदालत में अधिक से अधिक हो इसके लिए मेडिएशन को ले स्पेशल ड्राइव नव दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले निस्तारण को लेकर 13 पीठों का गठन कर दिया गया है।

वही हुसैनाबाद अनुमंडल में एक और छतरपुर अनुमंडल में एक पीठ का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि सुलहनीय प्रकृति के फौजदारी मामले सभी प्रकार के दीवानी मामले, विद्युत अधिनियम के बाद, विवाहोत्तर प्रताङना के बाद ,राजस्व न्यायालय में लंबित मामले, उपभोक्ता संरक्षण फोरम एवं सर्टिफिकेट कैस के लंबित मामले, अंतिम प्रपत्र से संबंधित बाद ,श्रम बाद, एवं न्यूनतम मजदूरी बाद ,रेलवे न्यायालय में लंबित मामले, छोटे अपराधिक बाद, माप, तोल, वन विभाग, उत्पाद विभाग ,ट्रैफिक चालान के लंबित मामले के अलावे बैंक ऋण के मामले, नॉन बैंकिंग, फाइनेंस कंपनी के मामले भारत संचार निगम लिमिटेड के मामले, वाटर एवं होल्डिंग टैक्स के मामले बिजली संबंधित मामले, बीमा कंपनी के दावे संबंधित मामले ,श्रम न्यायालय के मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले, मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा के मामले, पारिवारिक विवाद के मामले, सर्विस मेटर से संबंधित मामले एवं अन्य सभी प्रकार के प्रिलिटीगेशन के मामले का निपटारा किया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक पक्षकार उपस्थित रहकर मामले निस्तारण कराए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत त्वरित न्याय के पाने का एक सशक्त मंच है। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले निस्तारण से पक्षकारो के बीच मन मुटाव सदा सर्वदा के लिए मिट जाता है। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव सी जे एम आनंद सिंह, रजिस्टार कमल प्रकाश, रेलवे जे एम प्रगेश निगम,उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुजफ्फरपुर में सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, एक गंभीर

**पटना।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत दरिया छपरा शिव मंदिर के पास सोमवार देर रात सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक कांटी थाने के पानापुर निवासी मो नूर महमद (37) और दरिया छपरा के मो सलीम (27) एक बाइक पर सवार होकर भोज खाकर लौट रहे थे। तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान, मो इम्तियाज (15) और मो रुस्तम (12) पैदल सड़क किनारे जा रहे थे। तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें भी चपेट में ले लिया। इम्तियाज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रुस्तम को गंभीर हालत में एसकेएमसीएच रेफर किया गया है।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री ने देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर उन्हें नमन किया

**पटना।** देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की 140वीं जयंती पर आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। माल्यार्पण के पश्चात राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने स्वदेशी कंबल आश्रम की चरखा कात रही महिलाओं के बीच साड़ी वितरण कर उन्हें प्रोत्साहित भी किया। राजेन्द्र चौक से राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजेन्द्र घाट समाधि स्थल पहुंचकर देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की समाधि पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं ने भी देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने आरती पूजन, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया।

### अधिवक्ता दिवस के रूप में मनायी गयी डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती

**भागलपुर।** देश के प्रथम राष्ट्रपति देश रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अधिवक्ता दिवस मनाया जा रहा है। भागलपुर जिला विधिक संघ कार्यालय में मंगलवार को इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक सेवा से जुड़े जज और अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत राजेंद्र प्रसाद की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर हुई। सभी ने बारी बारी से डॉ राजेन्द्र प्रसाद के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल जज और वरीय अधिवक्ताओं ने राजेंद्र प्रसाद के जीवनी के बारे में चर्चा की और उनके रास्ते पर चलकर देश को आगे ले जाने को लेकर लोगों से आह्वान किया। इस अवसर पर काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

### देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

**अररिया ।** देश के पहले राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद को मंगलवार को उनकी जयंती पर याद कर श्रद्धांजलि दी गई।फारबिसगंज प्रखंड और नगर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में शहर के राजेन्द्र चौक पर स्थापित आदमकद प्रतिमा पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं समेत स्थानीय लोगों ने पुष्प और माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अमितेश आनंद ने की।मौके पर मौजूद कांग्रेस नेताओं ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद अमर रहे का नारा भी लगाया। मौके पर मौजूद कांग्रेस नेताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वह न केवल स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति हुए।बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में सेनानी के रूप में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। राष्ट्रपति होने के अतिरिक्त उन्होंने भारत के पहले मंत्रिमंडल में 1946 एवं 1947 में कृषि और खाद्यमंत्री का दायित्व भी निभाया था और उनका किसानों के लिए दिया गया नारा अधिक अन्न उपजाओ स्वतंत्र भारत की क्रांतिकारी कदम में पहला कदम माना जाता है।1962 में भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित बात डॉ राजेन्द्र प्रसाद की लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सम्मान से उन्हें देशवासी राजेन्द्र बाबू कहकर पुकारते हैं। मौके पर पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिल सिन्हा,पूर्व जिला उपाध्यक्ष अग्रवाल,यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव करण कुमार पप्पू,पार्षद इरशाद सिद्दीकी मौजूद थे।

### एसपी ने पलासी बरदबट्टा में घटना स्थल का लिया जायजा

**अररिया ।** अररिया के पलासी बरदबट्टा में पैक्स अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार मंडल को अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया था। इसको लेकर एसपी अमित रंजन ने आज घटना स्थल का जायजा लिया। एसपी ने स्थानीय लोगों से गोली कांड की घटना से संबंधित जानकारी ली. साथ ही अपराधियों की गतिविधियों से संबंधित भी लोकेशन का भी जायजा लिया। एसपी ने मौके पर मौजूद थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार को भी कई दिशा-निर्देश दिये। इस संदर्भ में अररिया एसपी अमित रंजन ने बताया कि बहुत जल्द अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## मुख्यमंत्री सचिवालय के कैबिनेट हॉल में चल रही नीतीश मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न

# नीतीश मंत्रिमंडल ने 33 प्रस्तावों पर लगायी मुहर

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार दोपहर संपन्न हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 33 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। कैबिनेट ने बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त नियमावली-2024 को स्वीकृति दे दी है। साथ ही जमीन सर्वे के लिए कागजात की स्वघोषणा की अवधि 180 दिनों तक बढ़ा दी गई है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस सिद्धार्थ ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में जमीन सर्वे को लेकर सरकार ने सर्वे की अवधि को बढ़ाने का फैसला लिया है। जमीन सर्वेक्षण की समय सीमा में



वृद्धि कर दी गई है। सरकार ने जमीन सर्वे की डेड लाइन को छह महीने बढ़ा दिया है। एस सिद्धार्थ ने बताया कि शिक्षा विभाग ने बिहार के सरकारी स्कूलों में अगले साल होने वाली छुट्टियों का कैलेंडर जारी कर दिया है। जारी कैलेंडर के अनुसार, अगले साल शिक्षकों को 72 छुट्टी मिलेगी। वर्ष भर में शिक्षकों को अब 72 दिन छुट्टी मिलेगी। शिक्षा विभाग ने अगले वर्ष छह जनवरी से 31 दिसम्बर तक की छुट्टियों का कैलेंडर जारी भी कर दिया है। दशहरा में जहां शिक्षकों को एक छुट्टी मिल रही थी, वहीं अगले साल शिक्षकों को दशहरा में 5 दिन की छुट्टी मिलेगी। साथ ही छठ में भी शिक्षकों को दीपावली से लेकर छठ तक 10 दिनों की छुट्टी दी जाएगी। इसके अलावा शिक्षा विभाग के पूर्व अपर मुख्य सचिव (एससीएस) केके पाठक के समय शिक्षक जिस दिन या जिस पर्व त्योहार पर छुट्टी के लिए लगातार विरोध और आंदोलन कर रहे थे उस दिन भी उन्हें अब छुट्टी दी गई है।

एस सिद्धार्थ ने बताया कि नीतीश कैबिनेट ने पटना के कंकड़बाग में 1.60 एकड़ जमीन शंकरा आई फॉउंडेशन को नेत्र अस्पताल खोलने के लिए सौंपी है। साथ ही सरकार ने एक रुपये मात्र की टोकन राशि से यह जमीन उपलब्ध कराई है।

यह जमीन 99 वर्ष की लीज पर शंकर आई फॉउंडेशन इंडिया कोयंबटूर को देने का फैसला लिया है। सुपर आई हॉस्पिटल में ढाई लाख रुपये से कम आय वाले लोगों का मुफ्त में इलाज हो सकेगा जबकि ढाई लाख रुपये से अधिक आय वाले लोगों का सस्ते दर पर इलाज किया जाएगा। एस सिद्धार्थ ने बताया कि राज्य कैबिनेट से सहरसा जिला अंतर्गत मत्स्यगंधा झील और उसके पास पर्यटकीय सुविधाओं के विकास के लिए 98 करोड़ 65 लाख 79 हजार 300 रुपये की स्वीकृति दी गई है जबकि कैमूर जिला अंतर्गत करमचट ईको टूरिज्म एंड एडवेंचर हब के विकास के लिए 49 करोड़ 73 लाख 33 हजार 440 रुपये की राशि को स्वीकृति दी गई है। गृह, विभाग, जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग और ग्रामीण विकास विभाग समेत अन्य कई विभागों से जुड़े मामलों को हरी झंडी मिली है। मंडल कारा, अरवल के निर्माण के लिए 38 करोड़ से अधिक की राशि को स्वीकृति दी गई।

साथ ही डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साइंस सिटी सोसाइटी के अधीन नियंत्रण तकनीकी सलाहकार के एक पद और विज्ञान सलाहकार के एक पद यानी कुल दो पदों के सृजन की स्वीकृति मिली है। एस सिद्धार्थ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत संविदा पर नियोजित कर्मियों के मानदेय भुगतान के लिए केंद्रांश मद में प्राप्त कम राशि 139 करोड़ रुपये की राज्य संसाधन द्वारा पूर्ति किये जाने की स्वीकृति मिली है। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 5635 ग्राम पंचायत में ठोस एवं सरल अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों के सफलतापूर्वक परिचालन के लिए एक साल के लिए राज्य योजना से 354.8 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है।

## बांग्लादेश में अशांति से बढ़ेगी घुसपैठ, केंद्र बिना बाड़ वाले सीमा क्षेत्र को लेकर चिंतित

संवाददाता

**कोलकाता।** अशांत बांग्लादेशी संख्यालघु का एक वर्ग शांति की तलाश में भारत में प्रवेश करने के लिए बेताब है। वे हर दिन बॉर्डर पर जुट रहे हैं। स्थिति इतनी भयावह है कि गृह मंत्रालय ने बिना बाड़ वाले इलाकों में कंटीले तारों की बाड़ लगाने का काम तुरंत पूरा करने का आदेश दिया है। बीएसएफ उसी आदेश के मुताबिक कार्रवाई कर रही है। बताया जा रहा है कि जिन इलाकों में फेंसिंग नहीं है, वहां कंटीले तार लगाने का काम शुरू हो गया है। उत्तर बंगाल बीएसएफ के आईजी सूर्यकांत शर्मा ने कहा, "जल्द ही कंटीले तार लगाए जाएंगे। इसके अलावा जहां फेंसिंग नहीं है, वहां अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया है। सीमा पर चौकसी बढ़ाने के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं।ह्व दक्षिण बंगाल बीएसएफ सूत्रों के मुताबिक, यहां उत्तर 24 परगना, नदिया, मुर्शिदाबाद की सीमा पर भी दबाव बढ़ रहा है। वहां अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया है। जिन क्षेत्रों में कंटीले



तारों की समस्या है, उन्हें ठीक करने की पहल की गई है। इचामती नदी की जल सीमा पर अतिरिक्त रात्रि दृष्टि रोशनी का उपयोग किया जा रहा है। ड्रोन उड़ रहा है। गश्त बढ़ा दी गई है। जीरो पॉइंट के पास जमीन पर काम करने जाने वाले किसानों की सुरक्षा अब एक अतिरिक्त सिरदर्द बन गई है। उस पर भी नजर रखी जा रही है। क्योंकि तीन दिन पहले नदिया के कृष्णगंज में चार बांग्लादेशी पकड़े गए थे।

उत्तरी बंगाल के आठ जिलों के अंतर्गत 936 किमी लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा में से 10 फीसदी यानी करीब 100 किमी सीमा पर कंटीले तार नहीं हैं। इसलिए उन क्षेत्रों पर अतिरिक्त ध्यान दिया गया है। इसके अलावा कुछ सीमावर्ती इलाकों जहां अस्थिरता है, वहां भी निगरानी बढ़ा दी गई है। पता चला है कि फूलबाड़ी के पंचागढ़, कृष्णगंज के ठाकुरगांव और दक्षिण दिनाजपुर सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। क्योंकि बीएसएफ को डर है कि इन सीमाओं से और घुसपैठ हो सकती है। इसलिए, अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती के साथ-साथ थर्मल कैमरे, नाइट विजन कैमरे, सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन निगरानी बढ़ा दी गई है। बॉर्डर क्रॉसिंग पर बायोमेट्रिक मशीनें लगाई गई हैं।

इस दिन बीएसएफ आईजी सूर्यकांत शर्मा ने कहा, "सीमा पर मजबूत और त्रुटिहीन सुरक्षा रखी गई है। लेकिन अगस्त महीने के बाद संख्यालघु के सामने आने का दबाव और प्रवृत्ति बढ़ जाती है उन समस्याओं का बीजीबी से चर्चा कर बहुत ही कुशलता से समाधान किया जा रहा है। साथ ही बाड़बंदी के लिए जमीन अधिग्रहण में भी राज्य सरकार को अच्छा सहयोग मिल रहा है। फ्रंटियर के अंतर्गत कुल सीमा का केवल 10 प्रतिशत भाग ही बिना बाड़ वाला है। जल्द ही उस जगह पर फेंसिंग भी लगा दी जाएगी।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार, विरोध में कोलकाता में सनातनी-सभा

संवाददाता

**कोलकाता।** सीमा के उस पार हिंदुओं पर अत्याचार किया जा रहा है। इसके विरोध में सनातनी गुरुवार को कोलकाता में सभा करेंगे। यह बात विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी ने कही। संगठन ने राणी रासमणि एवेन्यू में यह सभा आयोजित करने की मांग करते हुए कोलकाता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सशर्त अनुमति दी गई है।

'खोला हवा' नामक संगठन ने 5 दिसंबर को राणी रासमणि एवेन्यू में एक सभा आयोजित करने के लिए कोलकाता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सूत्रों का दावा है कि यह संगठन बीजेपी नेता स्वपन दासगुप्ता का करीबी है। मंगलवार को कोलकाता हाई कोर्ट के जस्टिस तीर्थंकर घोष ने बैठक की इजाजत दे दी। लेकिन कई शर्तें भी लगाएं गए। जज ने कहा कि सभा शांतिपूर्वक होनी चाहिए। विरोध प्रदर्शन, सभा या जुलूस का स्थान चाहे कोई भी हो, सरकारी संपत्ति की तोड़फोड़ या सरकारी कर्मचारियों पर किसी भी




हमले के मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सभा को लेकर विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा, "यह रोहिंग्याओं से भरी हुई है।" सभी दुकान किये है। मैं एनआईए को दे दूंगा। अगर मैं हिंदू का बच्चा हूं तो मैं उनका पीछा करूंगा।' अगले दिन राणी रासमणि रोड पर परंपरावादियों की एक रैली होगी।ह्व

संयोग से, बांग्लादेश में हसीना सरकार के पतन के बाद से संख्यालघु पर अत्याचार बढ़ गया है। इस बीच, बंदरगाह शहर चटगांव के न्यू मार्केट जंक्शन पर राष्ट्रीय ध्वज के ऊपर गेरूआ रंग का झंडा लटकाए जाने की शिकायत सामने आई। इस घटना में सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता चिन्मयकृष्ण प्रभु और इस्कॉन के प्रमोटर, श्री कृष्ण मंदिर के प्रिंसिपल लीलाराज दास ब्रह्मचारी पर आरोप लगे। फिरोज खान नाम के एक शख्स ने इन सभी के खिलाफ चटगांव के कोतवाली पुलिस स्टेशन में देशद्रोह का मामला दर्ज कराया। उस आरोप में चिन्मय प्रभु को सोमवार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के विरोध में बांग्लादेशी हिंदुओं ने सोमवार रात से देशभर में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उस विरोध की आंच भी कोलकाता में गिर चुकी है।

## डीएम नें हिसुआ में दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल का किया वितरण



एजेंसी

**नवादा।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांजन दिवस पर मंगलवार को हिसुआ स्थित बुनियाद केंद्र में आयोजित किये गए कार्यक्रम में जिलाधिकारी रवि प्रकाश नें जिले के 50 दिव्यांजनो के बीच बैट्री चालित ट्राई साइकिल का वितरण किया। वितरण से पूर्व जिलाधिकारी नें आयोजित कार्यक्रम को डीडीसी, सिविल सर्जन डॉ नीता अग्रवाल, हिसुआ बीडीओ देवानंद सिंह,सीओ सुमन सौरभ,नगर परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी आतिश रंजन, हिसुआ के चिकित्सा प्रभारी डॉ शैलेन्द्र कुमार एवं अन्य अतिथियों संग दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। बीडीओ देवानंद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के समग्र विकास को लेकर सरकार एवं स्थानीय प्रशासन काफी प्रयासरत है। दिव्यांगजनों के सामाजिक समरसता एवं उत्थान के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है, जिसका लाभ उठा कर दिव्यांगजन भी समाज के मुख्य धारा से जुड़कर अपनी पहचान बना रहे हैं। जरूरत है अगर किसी चीज कि तो वो उनकी हौसला अफजाई का ताकि इनका आत्मबल सदैव बनी रहे।

इस दौरान उन्होंने ट्राई साईकिल वितरण से पूर्व प्रत्येक दिव्यांजनो से एक - एक कर परिचय प्राप्त किया और सभी से साइकिल चलाये जाने कि जानकारी ली, साईकिल वितरण के वक्त उन्होंने कहा कि ट्राई साईकिल के माध्यम से आप सब व्यवसाय कर आत्म निर्भर बनकर अपने जीवन में खुशहाली ला सकते हैं। इस दौरान जिले भर के 50 लाभुकों को उन्होंने स्वंय चाभी देकर ट्राई साईकिल वितरण करते हुए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## महाराजगंज के मालवीय, स्वतंत्रता सेनानी और शिक्षा प्रसारक उमाशंकर प्रसाद की जयंती धूमधाम से मनाई गई





संवाददाता

**महाराजगंज/ सीवान।** शहर के उमाशंकर प्रसाद हाई स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व विधायक और शिक्षा प्रसारक स्वर्गीय उमाशंकर प्रसाद की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए वक्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को सजीव किया। स्व० उमाशंकर प्रसाद की 28 वर्ष की आयु में, 1931 में, अपनी निजी भूमि और कोष से उमाशंकर प्रसाद हाई स्कूल की स्थापना की थी। इस स्कूल की स्थापना से उन्होंने क्षेत्र में शिक्षा के एक नए युग की शुरूआत की, जो आज भी लोगों को शिक्षा की ज्योति प्रदान कर रहा है। इस ऐतिहासिक कार्य को याद करते हुए नगर पंचायत की अध्यक्ष शारदा देवी ने कहा कि स्व० प्रसाद न केवल स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा थे, बल्कि उन्होंने अपनी शिक्षा नीति से इस क्षेत्र के लोगों के जीवन को सशक्त किया। कार्यक्रम में स्व० प्रसाद के पौत्र एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य इ. प्रमोद रंजन ने अपने दादा को याद करते हुए कहा कि उनके महान कार्य और राष्ट्र सेवा के कारण ही वे दो बार महाराजगंज से विधायक बने। उनका जीवन हमेशा समाज की सेवा के लिए समर्पित रहा और उन्होंने सदैव कमजोर और गरीबों की मदद की। इस अवसर पर भाजपा नेता मोहन कुमार पदमाकर, प्रो० सुबोध कुमार सिंह, संजय सिंह राजपूत, शक्ति शरण प्रसाद, राजद नेता राजकिशोर गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरेन्द्र कुमार सिंह, सुमन सेनानी, राकेश कुमार और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। उन्होंने स्व० उमाशंकर प्रसाद की जयंती के इस अवसर पर अपने विचार साझा किए और उनकी कड़ी मेहनत और सेवा भाव को सराहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में शहर के मेन रोड स्थित स्व० उमाशंकर प्रसाद की प्रतिमा पर बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस जयंती समारोह ने स्व० उमाशंकर प्रसाद के योगदान को और भी उजागर किया, जो आज भी समाज में एक प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं।

**खेल** एबेन्यो और केबेडे ने अपने टाटा स्टील वर्ल्ड 25के ताज को बचाने के लिए वापसी की

# फिनिश लाइन के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए विश्व के सर्वश्रेष्ठ चैंपियन हैं

संवाददाता

**कोलकाता।** डिफेंडिंग चैंपियन डेनियल एबेनो (केन्या) और सुतुमे केबेडे (इथियोपिया) दुनिया की पहली विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल 25के रेस, टाटा स्टील वर्ल्ड 25के कोलकाता में अपने खिताब की रक्षा करने के लिए लौटेंगे, जो रविवार, 15 दिसंबर को निर्धारित है। पुरुष वर्ग में वर्तमान इवेंट रिकॉर्ड भी 1:11:13 के समय के साथ डैनियल एबेन्यो के पास है, और महिलाओं का रिकॉर्ड 1:18:47 के समय के साथ सुतूम केबेडे के पास है। अमर कोलकाता-सोनार कोलकाता 142,214 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि की दौड़



में दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ एथलीटों को केंद्र में रखते हुए देखेगा। पुरुष और महिला विजेताओं के लिए समान पुरस्कार राशि के साथ, शीर्ष तीन विजेता क्रमशः 15000, 10000 और 7000 जीतने के लिए खड़े हैं। धावकों को 5,000 के इवेंट रिकॉर्ड बोनस द्वारा और भी प्रोत्साहित किया जाएगा। 024 के लिए महिला लाइन-अप में बहरीन की देसी जीसा भी शामिल हैं, जिन्होंने यहां 2022 संस्करण जीता था। जीसा बहरीन की उस टीम का हिस्सा थीं जिसने 2017 में विश्व क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था और हाल ही में दोहा (2023) और सियोल (2024) मैराथन में दूसरे स्थान पर रही थी।

एक साल की अनुपस्थिति के बाद यहां लौटते हुए जीसा ने कहा, मैं हमेशा कोलकाता में फिर से दौड़ने के लिए उत्सुक हूं और 2024 में टाटा स्टील वर्ल्ड 25के का हिस्सा बनकर खुश हूं। कोलकाता (2017) में एक और पूर्व चैंपियन डेगितु अजीमेराव, जीसा के मूल देश, इथियोपिया से हैं। इस साल की शुरूआत में, उन्होंने 2:19:52 पर बार्सिलोना मैराथन जीती। उन्होंने एक छोटे से विराम के बाद अक्टूबर में शिकागो मैराथन के हालिया संस्करण में छठे स्थान पर अविश्वसनीय वापसी की, और वह कोलकाता में देखने के लिए एक और उल्लेखनीय धावक होंगी। इस साल वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में विजेता, उनके देश के साथी अलेमाडिस इयायु 25ङ में अपनी शुरूआत कर रहे हैं।

केन्याई विओला चेपेंगेनो, जो पिछले साल दिल्ली में तीसरे स्थान पर रहीं, और इथियोपिया के क्रॉस-कंट्री विश्व कांस्य पदक विजेता शिंटायेहु लेवेटेगन ने अपनी प्रविष्टियों की पुष्टि की।

इस साल की शुरूआत में, केबेडे ने 2024 में दोनों आयोजनों में प्रारंभिक विश्व लीड लेने के लिए हाफ मैराथन (1:04:37) और मैराथन (2:15:55) में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ में सुधार किया। इसने तेज समय और महिला धावकों के बीच एक गहरी प्रतिस्पर्धा के लिए टोन सेट किया। डैनियल एबेनियो पिछले साल से अपने समय (1:11:13) को बेहतर बनाने का लक्ष्य बना रहे हैं, जो उनके देश के साथी एलिउड किपचोगे के 1:11:08 की तुलना में सिर्फ 5 सेकंड धीमा था, जो दो साल पहले बर्लिन मैराथन में विश्व रिकॉर्ड 2:01:09 की स्थापना करते हुए दर्ज किया गया था, 25ङ सर्वश्रेष्ठ का पूर्ण मालिक बनने के लिए।

₹कोलकाता की सड़कें तेज हैं, और परिस्थितियाँ आदर्श हैं; यह मेरे लिए अपने खिताब की रक्षा करने और अपने समय को बेहतर बनाने का एक सही अवसर है।₹ मौजूदा चैंपियन डेनियल एबेनियो ने 2024 के लिए अपनी प्रविष्टि की पुष्टि करते हुए खुलासा किया। केन्या के बेन्सन किप्रुटो और इथियोपिया के हेमानोट अलेव पुरुषों के क्षेत्र को आकर्षक बना देंगे।

## तृणमूल नेता की दादागिरी, व्यवसायी को थप्पड़ मारने पर विरोध प्रदर्शन

संवाददाता

**कोलकाता।** तृणमूल नेता पर दादागिरी करने का आरोप। एक कारोबारी को थप्पड़ मारने की अभियोग उठी। घटना को लेकर काफी उत्साह है। राजनीतिक दबाव शुरू हो गया है। आरोपों को लेकर मंगलवार को आसनसोल के जमुरिया के खास केंदा बाजार में तनाव फैल गया। यह आरोप जमुरिया ब्लॉक 2 के तृणमूल अध्यक्ष सिद्धार्थ राणा पर लगा है। जमुरिया के तृणमूल नेता के खिलाफ मुख्य शिकायत यह है कि उन्होंने बिना किसी कारण एक सब्जी विक्रेता को थप्पड़ मार दिया। हालांकि उन्होंने खुद आरोपों से इनकार किया, लेकिन सीसीटीवी फुटेज में वह तस्वीर कैद हो गई। और यहीं से दबाव शुरू हुआ। थप्पड़ मारने की घटना के विरोध में इलाके के व्यवसायियों ने इस दिन सुबह बिरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आसनसोल के जमुरिया में राज्य राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। जिसके चलते सड़कों पर भारी ट्रैफिक जाम देखने को मिली है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जामुरिया पुलिस बल मौके पर पहुंची। प्रदर्शनकारियों से बात करते समय पुलिस पर हमला कर दिए।

प्रदर्शनकारियों ने तृणमूल नेता के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। व्यवसायियों की पुलिस से नोकझोंक भी हुई। उनका आरोप है कि तृणमूल नेता सिद्धार्थ राणा पहले भी ऐसी हरकतें कर चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री श्याम समर्पण महोत्सव की तैयारी के लिए श्री श्याम टाबरिया की बैठक

**हजारीबाग।** श्री श्याम टाबरिया द्वारा आगामी 24 दिसंबर को आयोजित होने वाले श्री श्याम समर्पण महोत्सव की तैयारी के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक श्री रानी सती जी मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया और महोत्सव को भव्यता और श्रद्धा के साथ आयोजित करने का निर्णय लिया। यह महोत्सव 24 दिसंबर को बड़े धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसमें श्री श्याम बाबा के भजनों का आयोजन किया जाएगा और दीप प्रज्वलन मुख्य आकर्षण रहेगा। महोत्सव का आयोजन शहर के मुनका बगीचा में किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इसमें भाग ले सकें। इस आयोजन में स्थानीय प्रशासन और समाज के अन्य संगठनों का सहयोग भी लिया जाएगा। भजन मंडलियों और कलाकारों द्वारा विशेष प्रस्तुतियां दी जाएंगी। बैठक के अंत में श्री श्याम टाबरिया ने सभी भक्तों और स्थानीय नागरिकों से महोत्सव में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि समाज को एकजुट करने का एक प्रयास भी है।

### डाडीकलां पुलिस ने प्रकाश ठाकुर हत्याकांड का किया खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के चेपाकला निवासी प्रकाश ठाकुर की हत्या का खुलासा बड़कागांव पुलिस ने किया है। 28 नवंबर की रात को हुई इस हत्या में पुलिस ने उमेश साव नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने हत्या करने की बात स्वीकार की है। पुलिस द्वारा की गई जांच में सामने आया कि उमेश और प्रकाश ठाकुर के बीच पुरानी दुश्मनी थी, जिसके कारण उमेश ने हत्या की योजना बनाई। उमेश के मुताबिक, उसके भाई लखन साव पर 2017 में जानलेवा हमला किया गया था और 2019 में उमेश तथा सिकंदर साव पर गोली चलाई गई थी। इन घटनाओं के बाद उमेश का कहना है कि प्रकाश ठाकुर ने उसे कई बार नुकसान पहुंचाने की कोशिश की और उसकी योजनाओं में बाधा डाली, जिसके कारण उसने प्रकाश ठाकुर की हत्या की। बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि इस मामले में अन्य अभियुक्तों की पहचान की जा रही है और उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने क्षेत्र में छापेमारी की कार्रवाई तेज कर दी है और जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार करने की उम्मीद है। पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार और सहायक थाना प्रभारी पिंटू कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी इस मामले की गहन जांच कर रहे हैं।

### सिकरी पुलिस ने अवैध बालू लोड ट्रैक्टर जब्त किया, चालक फरार

**हजारीबाग।** सिकरी ओपी प्रभारी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में सिकरी पुलिस ने एक अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस को कुछ दिनों से यह सूचना मिल रही थी कि ट्रैक्टरों के जरिए क्षेत्र में अवैध बालू का कारोबार हो रहा है। इसी जानकारी के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर को पकड़ा, जिस पर 100 सीएफटी से अधिक बालू लोड था। पुलिस के अनुसार, जब ट्रैक्टर को रोका गया तो चालक ने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। बाद में ट्रैक्टर के कागजात की जांच की गई, लेकिन कागजात अवैध पाए गए, जिसके बाद ट्रैक्टर को जब्त किया गया और अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में किसी भी अवैध गतिविधि, जैसे बालू, कोयला या अन्य गैर कानूनी कामों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आलू की कीमतों में वृद्धि पर सांसद मनीष जायसवाल का तीव्र विरोध

संवाददाता

**हजारीबाग।** पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा झारखंड और बंगाल के बीच सीमा पर आलू की आपूर्ति रोकने के कारण झारखंड में आलू की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि हो गई है। इस समस्या को मंगलवार को लोकसभा में उठाते हुए हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने इसे गंभीर जनहित मुद्दा बताया और कहा कि इससे झारखंड की गरीब जनता बहुत परेशान हो रही है। सांसद ने इस मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद करते हुए कहा कि आलू गरीबों के भोजन का अहम हिस्सा है और इसकी कीमतों में वृद्धि से उनका जीवन दुष्कर हो गया है।।उन्होंने यह भी कहा कि



पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा आलू लदे ट्रकों को सीमा पर रोकने और उन्हें वापस भेजने का कदम अनुचित था, जो राज्य की नीतियों के खिलाफ था। मनीष जायसवाल ने केंद्र सरकार से अपील की कि इस गंभीर मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर आलू की कीमतों में संतुलन बनाने की दिशा में कार्य करें।

सांसद ने यह भी कहा कि यदि आलू का उत्पादन घटा है, तो केंद्र सरकार को इसके उत्पादन को बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता जताई कि गरीब वर्ग को उनकी रोजमर्रा की आवश्यकताओं, खासकर खाद्य सामग्री, की आपूर्ति में कोई दिक्कत न हो। मनीष जायसवाल ने सरकार से शीघ्र हस्तक्षेप करने की अपील करते हुए कहा कि आलू की कीमतों में वृद्धि सीधे तौर पर गरीबों की जेब पर असर डाल रही है, और इसे नियंत्रित करना समय की जरूरत है।

## हजारीबाग के बहुमुखी प्रतिभा के धनी कलाकार मनोज सिन्हा की कला यात्रा

संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के प्रमुख रंगकर्मी, अभिनेता, लेखक और निर्देशक मनोज सिन्हा का नाम कला जगत में एक प्रेरणा के रूप में चमक रहा है। उन्होंने अपने जीवन में कला, रंगमंच और साहित्य के क्षेत्र में अपार योगदान दिया है। मनोज सिन्हा ने अपने करियर में 19 कहानियां, 38 कविताएं, 8 नाटक, 47 आलेख और 3 पटकथाओं सहित कई कृतियों का लेखन किया है, जो राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्होंने आकाशवाणी के लिए 16 कहानियां, 4 नाटक, 6 लघु नाटिका, और 7 वाताएं प्रसारित की हैं, साथ ही दूरदर्शन के लिए 9 टेलीप्ले, 3 टेली फिल्में, 2 गीत धारावाहिक, 5 डॉक्यूमेंट्री और 7 क्विज संदेश फिल्में बनाई हैं। इसके अलावा, मनोज सिन्हा ने कई नाटकों का निर्देशन और लेखन भी किया है, जिनमें जामुन का पेड़, अमीर कल्लू की गवाही, आखरी इट, विदाई कांड, राजा निरबंसिया जैसे नाटक शामिल हैं, जो दर्शकों द्वारा सराहे गए हैं। वे हजारीबाग कला एवं सांस्कृतिक विकास परिषद के कार्यकारिणी सदस्य भी रहे हैं और कई महोत्सवों और कार्यशालाओं का संयोजन किया है। मनोज सिन्हा ने रंगमंच के अलावा, कई सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए भी कार्य किए हैं। उन्होंने जिले में जनचेतना अभियान, महिला सशक्तिकरण, उग्रवाद, बाल विकास, स्वास्थ्य, ऊर्जा संरक्षण जैसे विषयों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया।

## विनोबा भावे विवि में पेंटिंग, कार्टूनिंग और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित

संवाददाता

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कला एवं संस्कृति समिति के तत्वाधान में मंगलवार को विभिन्न कला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रमुख प्रतियोगिताओं में ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कार्टूनिंग और वाद-विवाद शामिल थे। ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में कुल नौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के बगीचे में किया गया, जहां विद्यार्थियों को वही दृश्य चित्रित करने के लिए कहा गया जो उन्हें वहां दिख रहा था। इस प्रतियोगिता में फिजियोथैरेपी विभाग के नोबल प्रकाश पंडित ने प्रथम स्थान, अर्थशास्त्र विभाग के विक्की कुमार सोनी ने द्वितीय स्थान और शिक्षाशास्त्र विभाग की रश्मि कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्टूनिंग प्रतियोगिता का आयोजन मल्टीपरपज परीक्षा भवन में किया गया, जहां छह विद्यार्थियों ने ₹मीडिया और



राजनीति विषय पर अपने कार्टून बनाए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्थशास्त्र विभाग के राज कुमार बक्शी ने, द्वितीय स्थान फिजियोथैरेपी विभाग की अंजली कुमारी ने और तृतीय स्थान प्रबंधन विभाग की कशिश रानी ने प्राप्त किया। वहीं, वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन आर्यभट्ट सभागार में हुआ, जिसमें कुल 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का विषय ₹एक राष्ट्र एक चुनाव₹ था। पक्ष में बोलने वालों में राजनीति विज्ञान विभाग की अनन्या कुमारी को प्रथम, शिक्षाशास्त्र विभाग की वीणा कुमारी को द्वितीय और हिंदी विभाग की अंजली कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विपक्ष में बोलने वाले विद्यार्थियों में दर्शनशास्त्र विभाग के अभिनय राज को प्रथम, शिक्षाशास्त्र विभाग के मोहम्मद साजिद को द्वितीय और प्रबंधन विभाग की सुप्रिया कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक की भूमिका में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों ने कार्य किया, जिनमें डॉ. सुकल्याण मोइत्रा, डॉ. जॉनी रूफीना तिर्की, डॉ. अमिता कुमारी, डॉ. विनोद रंजन, डॉ. विनीत बांकिरा और डॉ. कनुप्रिया शामिल थे। विश्वविद्यालय ने छात्रों को इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से अपनी रचनात्मक और बौद्धिक क्षमता को विकसित करने का अवसर प्रदान किया। आज होने वाली प्रतियोगिता ₹पोस्टर मेकिंग₹ और ₹कोलाज₹ भी विश्वविद्यालय के मल्टीपरपज परीक्षा भवन में आयोजित होगी।

## बांग्लादेश में सनातन धर्म के अनुयायियों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ विशाल रैली व जनसभा का आयोजन

संवाददाता

**हजारीबाग।** बांग्लादेश में सनातन धर्म के अनुयायियों, विशेष रूप से हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध समुदाय के लोगों पर हो रहे लगातार हमलों और अत्याचारों के खिलाफ मंगलवार को हजारीबाग के कंचन ग्राउंड हजारीबाग स्टेडियम में एक विशाल रैली और जनसभा का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य बांग्लादेश में पीड़ित सनातन समाज के लिए न्याय की मांग करना था। रैली में नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद और बरही विधानसभा के विधायक मनोज कुमार यादव के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता और अन्य लोग शामिल हुए।



रैली के दौरान भगवा झंडे के साथ लोगों ने शहर के प्रमुख मार्गों पर 'जय श्री राम' और 'सनातन धर्म की जय' के नारे लगाए, जिससे पूरा क्षेत्र गूंज उठा। नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि बांग्लादेश में सनातन धर्म के अनुयायियों और उनके मठ-मंदिरों पर हो रहे हमले केवल धार्मिक हिंसा नहीं हैं, बल्कि यह मानवता और सभ्यता के खिलाफ अपराध हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वह इन अमानवीय कृत्यों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करें और बांग्लादेश सरकार से इस मुद्दे पर कड़ी जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। प्रदीप प्रसाद ने यह भी कहा कि यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक न्याय सुनिश्चित नहीं होता और हम हर सनातनी के साथ खड़े हैं। वहीं, बरही विधानसभा के विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि सनातन धर्म विश्व को शांति, करुणा और मानवता का संदेश देता है, लेकिन बांग्लादेश में इसके अनुयायियों के साथ जिस तरह की बर्बरता हो रही है, वह निंदनीय है। उन्होंने यह भी कहा कि यह केवल सनातनियों पर हमला नहीं है, बल्कि यह धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों पर हमला है। उन्होंने बांग्लादेश के पीड़ित सनातन समाज के लिए न्याय की मांग करने के लिए हर मंच पर आवाज उठाने की कसम खाई। रैली के दौरान उपस्थित लोग बांग्लादेशी सनातनियों के लिए सुरक्षा और सम्मान की मांग करते हुए अपने एकजुटता का परिचय दे रहे थे। जनसभा में वक्ताओं ने बांग्लादेश सरकार से आग्रह किया कि वह अपने देश में हो रहे इन कृत्यों पर तुरंत रोक लगाए और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दे। यह रैली सिर्फ एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि यह संघर्ष के आरंभ का प्रतीक है, और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक बांग्लादेश में सनातनियों को सुरक्षा और सम्मान नहीं मिलता।

## डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 140 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

संवाददाता

**हजारीबाग।** भारत रत्न और देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 140वीं जयंती को प्रधान कैफेटेरिया वैभवी बैंक्वेट हॉल में धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ० प्रो० प्रदीप कुमार प्रधान और संचालन बैजनाथ लाल ने किया। जयंती के दिन एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जो प्रधान कैफेटेरिया से शुरू होकर बंशीलाल चौक, झंडा चौक, शास्त्री चौक और जिला परिषद चौक होते हुए डॉ० राजेंद्र प्रसाद की आदमकद प्रतिमा तक पहुंची, जहां माल्यार्पण किया गया। शोभायात्रा के बाद कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और भगवान चित्रगुप्त की आरती से हुई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ० राजेंद्र प्रसाद के जीवन और उनके योगदान पर



प्रकाश डाला। इस अवसर पर कायस्थ समाज के विभिन्न युवक-युवतियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

डॉ० प्रभात कुमार प्रधान को पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया, जबकि चित्रगुप्त मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों को मंदिर निर्माण में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय ने समाज के लोगों से जुड़ने और समाज के उत्थान के लिए सहयोग करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि राजीव रंजन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ० राजेंद्र प्रसाद के आदर्शों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और समाज की उन्नति में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। डॉ० प्रो० प्रदीप कुमार प्रधान ने देश की आजादी और नव निर्माण में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और कायस्थ समाज के अन्य महान नेताओं जैसे स्वामी विवेकानंद, लाल बहादुर शास्त्री, और जय प्रकाश नारायण के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट होकर समाज और देश की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

## शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का औचक निरीक्षण

संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद और बरही विधायक मनोज यादव ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान दोनों विधायकों ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का दौरा किया और मरीजों से सीधी बातचीत की। उन्होंने मरीजों की समस्याओं को सुना और अस्पताल में सुधार की दिशा में कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने की आवश्यकता जताई। इस निरीक्षण में विधायक प्रदीप प्रसाद ने अस्पताल प्रशासन से कहा कि अस्पताल में हर मरीज को समय पर और उचित इलाज मिलना चाहिए। उन्होंने अस्पताल में सफाई, बेड की उपलब्धता, दवाओं का पर्याप्त स्टॉक और अन्य सेवाओं को बेहतर बनाने की जरूरत पर बल दिया।

विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हमारी प्राथमिकता यह है कि अस्पताल को एक सुविधा केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, जहां मरीजों को हर प्रकार की सुविधा मिल सके। विधायक मनोज यादव ने कहा कि वे हजारीबाग और इसके आसपास के अस्पतालों की स्थिति की लगातार निगरानी करेंगे और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। निरीक्षण के दौरान कुछ मरीजों ने अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने और चिकित्सा सेवाओं में सुधार की आवश्यकता जताई। दोनों विधायकों ने इन समस्याओं को शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने अस्पताल प्रशासन के साथ एक बैठक आयोजित करने की योजना बनाई, ताकि अस्पताल के संचालन में कोई कमी न रहे। विधायक मनोज यादव ने कहा कि उन्होंने सुनिश्चित किया है कि अस्पताल में कोई भी मरीज असुविधा का सामना न करे।

## कांग्रेसियों ने वरिष्ठ कांग्रेसी सत्येन्द्र नारायण सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया

संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ सदस्य और पूर्व मंत्री स्व. तापेश्वर देव के निजी सचिव रहे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सत्येन्द्र नारायण सिंह के आकस्मिक निधन पर जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में एक शोक सभा का आयोजन किया गया।

शोक सभा में जिले के कांग्रेसी कार्यकताओं और नेताओं ने भाग लिया और दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने उनके पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा ओढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने शोक संदेश में कहा कि सत्येन्द्र नारायण सिंह जीवनभर कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित रहे। वे न केवल एक प्रखर समाजसेवी थे, बल्कि मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्तित्व



के धनी भी थे। उनका निधन कांग्रेस के लिए एक अपूरणीय क्षति है, और पार्टी ने एक सच्चा सिपाही खो दिया है। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

शोक सभा के दौरान सभी नेताओं ने उनके आदर्शों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी और इस कठिन समय में उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। शोक सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिजनों को धैर्य एवं सहनशक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस शोक सभा में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक देव, प्रदेश सचिव बिनोद सिंह, उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष बेबी देवी, सुनिल अग्रवाल, संजय तिवारी, परवेज अहमद, गुड्डू सिंह, मनिषा टोप्पो और अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

संवाददाता

**हजारीबाग।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों और उनकी धार्मिक स्थलों पर हो रहे हमलों के खिलाफ हजारीबाग में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन मंगलवार को सर्व सनातन समाज द्वारा बुलाए गए सांकेतिक बंद के रूप में हुआ। जब से बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार को अपदस्थ किया गया है, तब से हिंदुओं के खिलाफ हिंसा और उनके धार्मिक स्थानों पर हमले लगातार बढ़े हैं। इन घटनाओं ने न केवल बांग्लादेश बल्कि भारत और अन्य देशों में भी चिंता पैदा की है।प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर करने और हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज



उठाने के लिए हजारीबाग शहर में शांतिपूर्वक मार्च निकाला। सुबह दस बजे से कर्जन ग्राउंड में लोग जुटने शुरू हो गए थे, जहां एक जनसभा आयोजित की गई। जनसभा में विभिन्न वक्ताओं ने बांग्लादेश में हो रहे हमलों को इस्लामिक साजिश करार दिया और हिंदू जनमानस को एकजुट होने की अपील की। इसके बाद करीब साढ़े 12 बजे एक शांति मार्च शुरू हुआ, जिसमें लोग हाथों में तख्तियां लेकर ₹बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालो₹, ₹हिंदुओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान₹ जैसे नारे लगा रहे थे।।यह शांति मार्च कर्जन ग्राउंड से शुरू होकर सरकारी बस स्टैंड, बुढ़वा महादेव, अनंदा चौक, छठ तालाब और झंडा चौक होते हुए पुनः कर्जन ग्राउंड में समाप्त हुआ। विरोध प्रदर्शन में शामिल लोग, जिनकी संख्या 2000 से अधिक थी, इस समय तक पूरे शहर में शांति बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। विरोध प्रदर्शन में महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल थीं, और उन्होंने अपने अधिकारों की रक्षा के लिए विरोध जताया।

आयोजन के संयोजक डॉ० टीके शुक्ला ने कहा कि विभाजन के समय पाकिस्तान में हिंदुओं, सिखों, जैनों और बौद्धों की अच्छी खासी संख्या थी, जो अब नगण्य हो चुकी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही घटनाओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाली पीढ़ियां इसे कभी माफ नहीं करेंगी। डा. शुक्ला ने यह भी कहा कि बांग्लादेश की सरकार इस हिंसा में खुलकर शामिल है और अगर अब भी हम नहीं जागे, तो यह समस्या भारत तक फैल सकती है। इस विरोध प्रदर्शन में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही विधायक मनोज यादव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और अन्य सामाजिक संगठनों के लोग भी शामिल हुए। इस अवसर पर आचार्य कौटिल्य, सुरजीत सिंह, दीपक जैन, पवन जैन और कई अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तित्व भी विरोध प्रदर्शन का हिस्सा बने। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रकाश गुप्ता, बासुदेव प्रसाद, डा. चेतलाल प्रसाद, संजय श्रीवास्तव, और अन्य प्रमुख व्यक्तियों की अहम भूमिका रही।

## हजारीबाग में बढ़ते अपराधों पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने चिंता जताई

संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में हाल के दिनों में अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसे लेकर विधायक प्रदीप प्रसाद ने गहरी चिंता जताई है। सोमवार रात कटकमदाग प्रमुख के पति उदय साव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मंगलवार को पोस्टमार्टम के दौरान विधायक प्रदीप प्रसाद शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने घटना की जानकारी ली और परिजनों के साथ एक भाई के रूप में खड़े रहे। इसके बाद विधायक ने जिला पुलिस अधिकारियों से बात की और मामले को जल्द सुलझाने का अनुरोध किया। विधायक ने कहा कि हजारीबाग में अपराधों का ग्राफ



लगातार बढ़ रहा है, जो कि एक गंभीर चिंता का विषय है। यह तीसरी बड़ी घटना है, जो केवल डेढ़ महीने के भीतर हुई है। पहले मंजीत यादव की हत्या, फिर प्रकाश ठाकुर की हत्या, और अब उदय साव की हत्या ने हजारीबाग को भय और असुरक्षा के माहौल में डाल दिया है। विधायक ने प्रशासन, पुलिस और सरकार से अनुरोध किया कि अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाए ताकि हजारीबाग में कानून और व्यवस्था बहाल हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रत्येक दिव्यांगजन को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए हम प्रतिबद्ध : डॉ. यादव

**भोपाल।** तीन दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के रूप में मनाते हैं। यह खास दिन दिव्यांगों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के साथ ही राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दिव्यांगजनों को समान अवसर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दोहराया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मंगलवार सुबह अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर उन दिव्यांग भाई-बहनों को नमन करता हूँ, जिन्होंने प्रत्येक क्षेत्र में अपनी जिजीविषा, दृढ़ता और अटूट संकल्प के बल पर सफलता प्राप्त की।

### रेलवे ट्रैक पर मिला शव, नहीं हुई शिनाख्त

**यमुनानगर।** यमुननानगर- जगाधरी रेलवे स्टेशन के पांसरा फाटक के नजदीक रेलवे लाइनों के बीच में एक अज्ञात व्यक्ति का पड़ा मिला। जिसकी उम्र करीब 45 वर्ष है। सूचना मिलने पर राजकीय रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शव को शिनाख्त के 72 घंटे के लिए ट्रामा सेंटर के शवगृह में रखवा दिया। फिलहाल पुलिस शव की पहचान करने में जुटी है। मंगलवार को राजकीय रेलवे पुलिस के जांच अधिकारी एएसआई राजेंद्र कुमार ने बताया कि आज सुबह रेलवे स्टेशन मास्टर के माध्यम से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पांसरा फाटक के पास रेलवे लाइनों में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला।

### कानपुर-सागर नेशनल हाइवे में टैंकर और ट्राला में भीषण टक्कर, दो ड्राइवरों की मौत

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में कानपुर-सागर नेशनल हाइवे में मंगलवार को तेज रफ्तार टैंकर और ट्राला ट्रक की सीधी भिड़ंत में दो चालकों की मौके पर मौत हो गई वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से ट्राला व टैंकर की केबिन में फंसे चालकों के शवों और घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और एम्बुलेंस से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर एक को कानपुर रेफर कर दिया गया है। हादसे में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए है। वहीं हाइवे में जाम लग गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर जाम खुलवाया।

### ड्रिंक एंड ड्राइव पड़ा भारी! चालक गिरफ्तार

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली पुलिस ने नशे में वाहन चलाने के आरोप में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए वाहन को सीज कर दिया है। दरअसल, रानीपुर पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ टीमें बनाकर अभियान चलाया हुआ है। इसी के तहत पुलिस ने चेकिंग के दौरान बैरियर नंबर छह गैस प्लांट से बाइक संख्या यूके 08 एजी 9215 के चालक नूर आलम निवासी ग्राम सलेमपुर रानीपुर हरिद्वार को नशे में वाहन चलाते हुए पाया। मेडिकल कराने पर चालक के नशे में होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बाइक को सीज कर दिया है।

### चोरी के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस विभाग में स्पेशल स्टाफ की टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिससे पांच घटनाओं की गुत्थी सुलझी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्पेशल स्टाफ के प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपों की पहचान आजाद सिंह पुत्र कालूराम निवासी सिधमुख जिला चुरु, राजस्थान के रूप में हुई है। स्पेशल स्टाफ प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की निशान देही पर सभी पांच मोटरसाइकिल बरामद कर लिए गए हैं।

### मृत अवस्था में मिला बाइक चालक

**राजगढ़।** जिले के माचलपुर थाना क्षेत्र में बड़गांव रोड़ पर सोमवार की रात सड़क किनारे 60 वर्षीय व्यक्ति मृतअवस्था में मिला, जिसके समीप बाइक भी पड़ी हुई मिली। पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार सोमवार रात माचलपुर-बड़गांव रोड़ पर सड़क किनारे मृतअवस्था में एक व्यक्ति मिला।

### ई-रिक्शा व मोबाइल चोरी का खुलासा,दो गिरफ्तार

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली पुलिस ने ई रिक्शा व मोबाइल फोन चोरी के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है। दरअसल, सलेमपुर रावली महदूद निवासी गोविन्दा पुत्र तुलसी राम ने गत एक दिसंबर को अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध ई-रिक्शा एवं उसमें रखे मोबाइल फोन चोरी किए जाने के संबंध में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।

### हरिद्वार में स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हरिद्वार।** जनपद के पिरान कलियर थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस ने चेकिंग के दौरान ग्राम रहमतपुर नौगजा पीर ट्रांसफार्मर के पास से एक आरोपित को गिरफ्तार किया।

सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के राज्य प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

# सैनिकों के कल्याण के लिए मानवीय संवेदना से कार्य करें : रमेन डेका

### भूतपूर्व सैनिकों के हितों में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय




**रायपुर। एजेंसी**

राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में आज मंगलवार को राजभवन में सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के राज्य प्रबंधन समिति की 16वीं बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं, व उनके आश्रितों के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई एवं भूतपूर्व सैनिकों के हितों में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

राज्यपाल ने कहा कि भारत माता की सेवा में अपना जीवन गुजारने वाले वीर सपूतों का कल्याण करना सबका दायित्व और कर्त्तव्य है। इसमे मानवीय संवेदना के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। इस दिशा में हम सभी को विशेष ध्यान देना चाहिए। राज्यपाल श्री डेका ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ह्यह्यसशस्त्र सेना झंडाह्यह्य दिवस निधि के लिए संग्रह बढ़ाने के लिए राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड एवं गृह विभाग के प्रयास सराहनीय हैं। संग्रह बढ़ाने के लिए सभी तरीकों पर ध्यान देना चाहिए। सरकार की सहायता पर ही निर्भर ना रहते हुए समुदाय को भी इसके लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए और अधिक योजनाएं शुरू की जा सकें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आज की बैठक में लिये गये सभी निर्णयों से छत्तीसगढ़ में भूतपूर्ण सैनिक उनके लाभान्वित होंगे। श्री डेका ने राज्य के दूरदराज के इलाकों में कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ की सैनिक कल्याण टीम द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि समर्पण के साथ देश की सेवा करने वाले हमारे बहादुर पूर्व सैनिकों की अच्छी तरह से देखभाल की जाए।

बैठक के दौरान भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों के हित में कई बिदुओं पर निर्णय लिये गये। जिसमें जवानों की भांति जूनियर कमिश्नड ऑफिसर के लिये भी पुत्री विवाह हेतु 50 हजार का आर्थिक अनुदान तथा चार्टेड एकाउटेन्ट, कंपनी सेक्टरी के व्यवसायिक पाठयक्रम का अध्ययन करने वाले बच्चों को 20 हजार एकमुश्त प्रतिवर्ष का आर्थिक अनुदान प्रदान किया जायेगा।

## युवाओं को आधुनिक तरीकों के साथ कृषि के विस्तार से जुड़ना होगा : कम्बोज

**हिसार। एजेंसी**



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने कहा है कि कृषि में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को आधुनिक तरीकों के साथ कृषि के विस्तार से जुड़ा होगा। सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को इस्तेमाल करके विस्तार शिक्षा को बढ़ावा देना होगा जो वर्तमान समय की मांग है। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज मंगलवार को एचएयू के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा पेशेवर विकास कार्यक्रम-कृषि विस्तार में नई दक्षता, करियर के अवसर और अनुसंधान विषय पर शुरू हुए पांच दिवसीय कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर संबोधन दे रहे थे।

कार्यक्रम में राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश पूसा संस्था दिल्ली सहित विभिन्न प्रदेशों के 65 शोधार्थी भाग ले रहे हैं। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विस्तार के क्षेत्र में नवाचार कौशल विकास और अनुसंधान उत्कृष्ट को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विश्व में हो रहे तकनीकी विकास,अनुसंधान और सूचना प्रौद्योगिकी के प्रचार-प्रसार के कारण कृषि विस्तार की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है जो अनुसंधान संस्थानों और कृषक समुदाय के बीच सेतु का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज हमें कृषि विस्तार और कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीक के प्रचार- प्रसार करने में कृषक उत्पादक समूह (एफपीओ) के सहयोग की भी आवश्यकता है। युवा पेशेवरों, शिक्षाविदों और नीति निमार्ताओं को एक मंच पर लाकर उन्हें सीखने और नवाचार के लिए प्रेरित करना होगा।

हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को नहीं मिली जमानत

## बांग्लादेश हाई कोर्ट में भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने की याचिका

**ढाका। एजेंसी**




बांग्लादेश में देशद्रोह व अन्य गंभीर आरोपों में जेल की सलाखों के पीछे कैद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को आज जमानत नहीं मिल सकी। सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता और इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) के नेता चिन्मय ब्रह्मचारी को 25 नवंबर को ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा ने शाम 4:30 बजे हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हिरासत पर लिया था। तब से वह जेल में हैं। बांग्लादेश के समाचार पोर्टल बीडीन्यूज24डॉटकॉम के अनुसार, 38 वर्षीय चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को आज अदालत नहीं लाया गया। चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एडीसी (अभियोजन) मोफिजुर रहमान ने कहा कि जमानत याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद जज ने अगली सुनवाई के लिए दो जनवरी की तारीख तय की।

उन्होंने चिन्मय कृष्ण दास का प्रतिनिधित्व करने के लिए कोई वकील उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण उन्हें कोई राहत नहीं मिल सकी। इस बीच ढाका ट्रिब्यून ने भारतीय टीवी समाचार चैनलों पर प्रतिबंध के संबंध में चौंकाने वाली खबर दी है। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, इस संबंध में बांग्लादेश हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है।

इसमें भड़काऊ समाचारों के प्रसारण का हवाला देते हुए देश में सभी भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया गया है। यह याचिका वकील इखलास उद्दीन भुइयां ने दायर की है। भुइयां ने बताया कि जस्टिस फातिमा नजीब और जस्टिस सिकदर महमूदुर रजी की पीठ याचिका पर सुनवाई कर सकती है। याचिका में खासतौर पर भारतीय चैनल स्टार जलसा, स्टार प्लस, जी बांग्ला, रिपब्लिक बांग्ला का जिक्र किया गया है। याचिका में सूचना मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सचिव, बांग्लादेश दूरसंचार नियामक आयोग और अन्य को पक्षकार बनाया गया है।

## कौथिग और परंपराएं हमारी पहचान: सूर्यकांत धस्माना

**देहरादून। एजेंसी**



कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि हमारे कौथिग और परंपराएं हमारी पहचान हैं। हम सबको इनको जीवंत रखने के लिए ऐसे आयोजनों में सहयोग करना चाहिए। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना नगर के इंदिरानगर में बूढ़ी दिवाली मंगसीर बग्वाल के मौके पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस मंगसीर बग्वाल का आयोजन इंद्रानगर की आवासीय कल्याण समिति ने किया था।


यहां धस्माना ने कहा कि आज देहरादून के इंद्रानगर में मंगसीर बग्वाल के इस आयोजन में ऐसा लग रहा है, जैसे पूरा जौनसार बाबर और यमुना घाटी इंद्रानगर में उतर आए हों। धस्माना ने कहा कि हमारे पहाड़ के कौथिग और हमारे पारंपरिक त्योहार उत्तराखंड की संस्कृति की पहचान हैं और हम सब का कर्तव्य है कि हम अपनी परंपराओं को जीवंत रखने के लिए उन अवसरों पर होने वाले आयोजनों में शरीक हों और उनके आयोजनों में तन-मन-धन से सहयोग करें। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश रावत, संदीप मुंडिया, सुनील घिल्डियाल और पंकज छेत्री सहित अन्य उपस्थित थे।

### ऑटो किराए के विवाद में हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** ऑटो के किराए को लेकर हुए विवाद में हत्या करने के मामले में थाना सदर बल्लबगढ़ की टीम ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना सदर बल्लबगढ़ के क्षेत्र में आईएमटी रेड लाइट पर स्थित ठेके के पास एक हत्या का मामला सामने आया था, जिसके संबंध में भूपेन्द्र सिंह वासी गांव खेरिया जिला मैनपुरी उत्तर प्रदेश हाल गांव मेवला महाराजपुर ने अपनी शिकायत में बतलाया कि उसका भाई सतपाल उर्फ रामू गांव के ही लडके गोविन्द के साथ आईएमटी में रहता था। 30 नवंबर की रात गोविन्द और सतपाल मेदांता अस्पताल गुडगांव जा रहे थे। जहां पर गोविन्द की बहन भर्ती थी। जब दोनों आईएमटी लाल बत्ती पर पहुंचे तो वहां खड़े एक ऑटो चालक से बल्लबगढ चलने की बात कही, ऑटो वाले ने 600 रुपए मांगे तो सतपाल ने ऑटो वाले को 300 रुपए मे छोडने के लिए कहा तो आटो वाले ने मना कर दिया।

## हिजबुल्लाह के मोर्टार हमले के जवाब में इजराइल का लेबनान पर हमला

**बेरूत। एजेंसी**



अमेरिका और फ्रांस की कोशिश से लेबनान में आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह और इजराइल के बीच लागू साठ दिन का युद्धविराम आखिरकार टूट गया। हिजबुल्लाह के इजराइल के कब्जे वाले माउंट डोव क्षेत्र में दो मोर्टार लॉन्च करने के बाद यह नौबत आई। इजराइली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोमवार शाम लेबनान में ताबड़तोड़ हवाई हमले कर लोगों की नींद उड़ा दी। आईडीएफ की इस कार्रवाई में कम से कम नौ लोग मारे गए। इजराइल के समाचार पत्र द टाइम्स ऑफ इजराइल की खबर में आईडीएफ के हवाले से यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि इजराइली लड़ाकू विमानों से समूचे लेबनान में हिजबुल्लाह के लड़ाकों और उसके सामरिक आयुध केंद्रों पर दर्जनों हमले किए। हिजबुल्लाह ने सोमवार को दावा किया था कि उसने पिछले हफ्ते प्रभावी हुए युद्ध विराम समझौते के इजराइल के बार-बार उल्लंघन के जवाब में मोर्टार लॉन्च किए। इजराइल ने तत्काल इस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया था।लेबनान के समाचार पत्र द नेशनल के अनुसार, सोमवार शाम दक्षिणी लेबनान पर इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम नौ लोग मारे गए। एक सप्ताह से भी कम समय की शांति के बाद लेबनान में दोबारा लड़ाई छिड़ने की बढ़ गई है। लेबनान की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी के अनुसार, बिंट जेबिल के हारिस गांव पर हमले में पांच लोग मारे गए और दो घायल हो गए।

### इस्लामिक मूवमेंट बांग्लादेश ने बताया मानवाधिकारों का उल्लंघन

**ढाका।** इस्लामिक मूवमेंट बांग्लादेश ने ममता बनर्जी द्वारा बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र के शांतिरक्षक बल भेजने के प्रस्ताव को मानवाधिकारों और वास्तविकता के विरुद्ध बताया है। संस्था के खैरुल अहसान ने इस प्रस्ताव की कड़ी निंदा करते हुए इसे भारतीय साजिश का हिस्सा करार दिया। मंगलवार को जारी एक बयान में खैरुल अहसान ने ममता बनर्जी के प्रस्ताव को 'मानवता और वास्तविकता से परे' बताते हुए इसे निर्मम और अवैध करार दिया। उन्होंने इस प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि यह भारतीय सरकार की बांग्लादेश के खिलाफ साजिशों का हिस्सा है। इसके साथ ही उन्होंने बांग्लादेश की जनता और सरकार से अपील की है कि वह भारतीय साजिशों और हस्तक्षेप के खिलाफ सतर्क रहें। उन्होंने भारत द्वारा बांग्लादेश की स्थिरता को नुकसान पहुंचाने की हर कोशिश की निंदा करते हुए इसे रोकने के लिए एकजुट प्रयास करने का आह्वान किया।

## हर बेटी की परेशानी का समाधान सुनिश्चित कर रहा है आयोग: रेणु

**फरीदाबाद। एजेंसी**



हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों के लिए आयोग पूरी तरह से सजग है और किसी भी रूप से महिला अत्याचार को सहन नहीं किया जा रहा है। हर बेटी की परेशानी को समझते हुए उसका समाधान सुनिश्चित करने में आयोग अपनी सक्रिय भूमिका अदा कर रहा है। भाटिया मंगलवार को फरीदाबाद लघु सचिवालय सभागार में फरीदाबाद जिला के महिलाओं से संबंधित आयोग के समक्ष आए मामलों की सुनवाई कर रही थी।

उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों की सुनवाई के साथ ही न्यायोचित कार्यवाही आयोग की ओर से की जा रही है। मंगलवार को फरीदाबाद जिला के करीब 14 मामले आयोग की सुनवाई के दौरान रखे गए जिनमें से अधिकांश का समाधान चेयरपर्सन रेणू भाटिया द्वारा किया गया। सुनवाई के उपरांत राहत मिलने पर शिकायतकर्ताओं ने आयोग की कार्यशैली की सराहना की। परिवादों की सुनवाई करने उपरांत चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने कहा कि बदलते परिवेश में आपसी रिश्ते छोटी-छोटी बातों से विघटित होते हैं और महिला और अथवा पुरुष दोनों में बर्दाश्त की कमी भी आपसी कलह का प्रमुख कारण बनती है।

ऐसे में पूरा सामंजस्य रखते हुए छोटी बातों को दरकिनार करते हुए सकारात्मक सोच को जागृत कर परिवार को विघटित होने से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिला आयोग प्रदेश भर में बेटियों को उनके अधिकारों को दिलाने के लिए कृतसंकल्प है और किसी भी रूप से बेटियों व महिलाओं के साथ अन्याय न हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ताओं की सुविधा के लिए वे स्वयं जिला स्तर पर पहुंचकर परिवादों का निपटान कर रही हैं जिससे पीड़ितों को समय पर न्याय भी मिल रहा है।

कार्यक्रम › वेटरनरी कॉलेज में पशुओं के रखने, चारागाह के लिए हो पर्याप्त रिजर्व लैंड

# सरकार की मंशा ताल नदोर को विकास का नया मॉडल बनाने की : योगी

**गोरखपुर। एजेंसी**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ताल नदोर में बन रहे वेटरनरी कॉलेज (पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय) और यहां प्रस्तावित इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम तथा कान्हा गौशाला को एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया जाए। सरकार की मंशा इस क्षेत्र को विकास का एक नया मॉडल बनाने की है। सीएम योगी मंगलवार अपराह्न गोरखपुर के ताल नदोर में बन रहे पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का निरीक्षण कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय की डिजाइन, लेआउट, मॉडल का अवलोकन कर इसके प्रमुख आयामों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने कहा कि ताल नदोर में 80 से 100 एकड़ में प्रस्तावित इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम और 52 एकड़ में नगर निगम की तरफ से बनाए जाने वाली कान्हा गौशाला को भी पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एक दायरे में लाया जाए।

इस पायलट प्रोजेक्ट से हम यहां कुल ढाई-तीन सौ एकड़ क्षेत्रफल में विकास का शानदार मॉडल बना सकेंगे। लोक निर्माण विभाग के अफसरों ने बताया कि इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के लिए 106 एकड़ क्षेत्रफल में प्रारंभिक सर्वे का काम किया जा चुका है।

इसके अलावा 52 एकड़ में बनने वाले कान्हा गौशाला का निर्माण सीएनडीएस द्वारा कराया जाएगा। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कार्यों को एक दायरे में लाने पर काम किया जाए। वेटरनरी कॉलेज के निर्माण की प्रगति के बारे में पूछे जाने पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि प्रथम चरण का निर्माण मार्च 2026 में पूरा करा लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने वेटरनरी कॉलेज के लेआउट का अवलोकन करने के दौरान पशुओं (गाय, भैंस, बकरी, घोड़ा आदि) के रखने और उनकी फीड के लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। जानकारी लेने के बाद उन्होंने निर्देशित किया कि पशुओं के चारागाह के लिए पर्याप्त लैंड रिजर्व करने और गौ सरोवर बनाने के लिए भी व्यवस्था की जाए।

### पहले चरण के निर्माण पर खर्च होंगे 277 करोड़ 31 लाख रुपये

**गोरखपुर के ताल नदोर में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसी वर्ष 3 मार्च को किया था। 80 एकड़ में क्रमवार तीन चरणों में बन रहे इस महाविद्यालय के निर्माण पर 350 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। पहले चरण के निर्माण पर 277 करोड़ 31 लाख रुपये खर्च होंगे।। कार्यदायी संस्था के रूप में लोक निर्माण विभाग को जिम्मेदार दी गई है। महाविद्यालय के परिसर में एकेडमिक ब्लॉक (भूतल+पांच मंजिल) हॉस्पिटल ब्लॉक, आवासीय ब्लॉक, 430 की क्षमता का पुरुष छात्रावास, 268 की क्षमता का महिला छात्रावास, ऑडिटोरियम, गेस्ट हाउस, कम्युनिटी सेंटर, एसटीपी, किसान भवन के साथ पशु चिकित्सा विज्ञान से जुड़ी विभिन्न विधाओं के शोध अध्ययन केंद्रों की स्थापना की जाएगी। इस महाविद्यालय परिसर को 'नेट जीरो एनर्जी' की अवधारणा पर विकसित किया जाएगा।**

## पीएम की दूरदर्शी सोच से दिव्यांगजनों को मिली समाज में नई पहचान : धामी

**देहरादून। एजेंसी**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों को बधाई देते हुए कहा कि दिव्यांग भी मुख्यधारा का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच और समावेशी दृष्टिकोण का परिणाम है कि भारत में दिव्यांगजनों को 'सम्मान, सशक्तिकरण और समावेश' को एक नई पहचान मिली है।मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार की ओर से 2015 में शुरू किए गए 'सुगम्य भारत अभियान' ने दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम बनाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए। प्रधानमंत्री मोदी ने विकलांगजनों को 'दिव्यांग' का सम्मान देकर समाज में उनके योगदान को मान्यता दी। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कौशल विकास, शिक्षा, और सहायक उपकरण वितरण में भी बड़ी प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री की यह दूरदर्शिता न केवल दिव्यांगजनों के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा है।

